अधिकतम 14 डिग्री से.
न्यूनतम 04 डिग्री से.
सूर्योदय 7.22
सूर्यास्त 5.38
सोना 24 कैरेट: 1,38,150.00
चांदी (प्रति किलो): 2,52,000
सैंसेक्स : 84,180.96
अमेरिका : 89.99
कैनेडियन : 64.82
आस्ट्रेलिया : 60.21

दैनिक
# अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित






वर्ष 41 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 09 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण पक्षः सप्तमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 09 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## न्यूज ब्रीफ

### भारत पर 500 फीसदी टैरिफ लगा सकता है अमेरिक

**वॉशिंगटन (अप्रस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक, इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500 फीसदी तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद में बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है। बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है।

### स्टार्टअप और एआई उद्यमी भारत के भविष्य के सह निर्माताः मोदी

नई दिल्ली (अप्रस) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भारतीय आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप के प्रतिनिधियों के साथ गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि वे भारत के भविष्य के सह निर्माता हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि यह बैठक श्री मोदी के आवास पर हुई। बैठक में अगले महीने देश में होने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से पूर्व 'एआई फॉर ऑल- ग्लोबल इम्पैक्ट चैलेंज' के लिए चयनित 12 भारतीय एआई स्टार्टअप ने भाग लिया तथा अपने विचारों के साथ प्रस्तुति दी।




**मीट द प्रेस :** चंडीगढ़ में मेयर के चुनाव की प्रक्रिया और कार्यकाल को लेकर पंजाब के राज्यपाल व प्रशासक ने रखे खुले विचार

# मेयर का एक साल का कार्यकाल नाकाफी बढ़ाने पर केंद्र करेगा फैसला : कटारिया

## बोले–मेट्रो प्रोजेक्ट की वायबिलिटी संदिग्ध, बसों से सुधरेगा ट्रैफिक सिस्टम



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** चंडीगढ़ के मेयर का एक साल का कार्यकाल शहर के विकास के लिए पर्याप्त नहीं है। इतने कम समय में मेयर अपनी विकास योजनाओं को जमीन पर नहीं उतार पाता। यह बात पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने वीरवार को चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित मीट द प्रेस कार्यक्रम के दौरान कही। प्रशासक ने कहा कि मेयर के कार्यकाल का बड़ा हिस्सा टेंडर प्रक्रिया में ही निकल जाता है और कार्यकाल समाप्त होने तक विकास कार्य पूरे नहीं हो पाते। इसी वजह से मेयर के कार्यकाल को बढ़ाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इसके लिए देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मॉडल का अध्ययन किया जा रहा है। कहीं मेयर का सीधे चुनाव होता है तो कहीं एक, ढाई या पांच साल का कार्यकाल है। जिस मॉडल पर सहमति बनेगी, उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा और केंद्र की मंजूरी के बाद ही चंडीगढ़ में लागू किया जाएगा।

**मेयर चुनाव में पारदर्शिता पर जोरः** मेयर चुनाव में पार्षदों की खरीद-फरोख्त के आरोपों पर कटारिया ने कहा कि इसे रोकने के लिए रेज योर हैंड सिस्टम लागू किया गया है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि कौन पार्षद पार्टी लाइन से हटकर मतदान कर रहा है। दल-बदल कानून पर उन्होंने कहा कि इसमें बदलाव केवल चंडीगढ़ के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए केंद्र सरकार ही कर सकती है। मनोनीत पार्षदों को वोटिंग अधिकार देने के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट किया कि ये पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ होते हैं, किसी पार्टी के प्रतिनिधि नहीं। उन्हें वोट का अधिकार देने से लोकतांत्रिक व्यवस्था का संतुलन बिगड़ सकता है। इस विषय पर प्रशासन सुप्रीम कोर्ट में अपनी राय रखेगा। **विस्तृत खबर पेज-5 पर**



चंडीगढ़ सेक्टर 27 प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गवर्नर गुलाब चंद कटारिया। फोटो-अजीत कौश

### चंडीगढ़ मेट्रो प्रोजेक्ट पर संशय

चंडीगढ़ मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर प्रशासक ने संकेत दिए कि फिलहाल इस पर विराम लग सकता है। उन्होंने कहा कि जयपुर जैसे शहरों में मेट्रो पर हुए भारी खर्च के मुकाबले रिटर्न संतोषजनक नहीं है। हालांकि प्रोजेक्ट की वायबिलिटी पर अध्ययन कराया जा रहा है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में इसके लागू होने की संभावना कम है। उन्होंने वैकल्पिक समाधान के तौर पर ट्राइसिटी के बाहरी क्षेत्रों तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट को मजबूत करने की बात कही। मेट्रो या हाई-कैपेसिटी ट्रांजिट को शहर से बाहर तक लाकर वहां से हर 10ङ्क15 मिनट में बसें चलाने पर विचार किया जा रहा है। चंडीगढ़ को 25 नई बसें मिल चुकी हैं और कुल 100 बसें मिलनी हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो घाटा उठाकर भी जनता को बेहतर सुविधा दी जाएगी।

### वायलेशंस, पानी और शहर के स्वरूप पर भी बोले

लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड की मांग पर कटारिया ने कहा कि उद्योग, व्यापार और रिहायशी क्षेत्रों में वायलेशंस की समस्या गंभीर है। करीब 5 हजार नोटिस जारी किए गए थे, जिन्हें घटाकर ढाई हजार किया गया है, ताकि उद्योगों का पलायन रोका जा सके। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि शहर का मूल स्वरूप न बिगड़े। मनीमाजरा में 24×7 जल आपूर्ति प्रोजेक्ट को उन्होंने अव्यावहारिक बताया। पाइपलाइन बदलने से शहर को वर्षों तक खुदना पड़ेगा। खराब पेयजल पाइपलाइनों की पहचान कर उन्हें तुरंत बदला जाएगा, ताकि इंदौर जैसी स्थिति दोबारा न बने।

### वेंडर, आवारा कुत्ते और सुरक्षा पर दी राय

वेंडरों की समस्या पर प्रशासक ने कहा कि अधिकृत वेंडरों को लाइसेंस दिए गए हैं और उन्हें तय स्थानों पर भेजा जा रहा है। जहां कारोबार नहीं चल पा रहा, वहां बेहतर साइट देने पर विचार किया जाएगा। आवारा कुत्तों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुसार शेल्टर हाउस और अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। गैंगस्टर और अपराध पर कटारिया ने कहा कि केवल कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि ऐसा सिस्टम बनाना होगा कि वारदात होते ही अपराधी राज्य की सीमा के भीतर ही पकड़ लिए जाएं। पुलिस सक्षम है और उसी अनुरूप कार्रवाई करेगी।

### नौकरी सुरक्षा पर हरियाणा व पंजाब का मॉडल देखना होगाः प्रशासक

प्रशासन में आउटसोर्सिंग व कांट्रेक्ट कर्मचारियों की संख्या 25 हजार पहुंचने और उनकी हरियाणा व पंजाब की तर्ज पर 60 साल तक नौकरी की सुरक्षा को लेकर प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि इस वक्त दुर्भाग्य से सारे देश में आउटसोर्सिंग की व्यवस्था लागू हो गई है। उनकी दृष्टि में सही नहीं है। सरकारें कम वेतन देकर अपने बजट को कंट्रोल करने का प्रयास करती हैं। जो भी नये मुलाजिम लगाये जा रहे हैं उन्हें अस्थाई या टेंपरेरी तौर पर नौकरी पर रखा जा रहा है। मानवीय दृष्टि से यह गलत है। कम सैलरी में काम वह पूरा करता है। हरियाणा व पंजाब में कैसे उन्हें 60 साल तक नौकरी की सुरक्षा दी गई है, इस पर अध्ययन किया जाएगा ताकि वह भी नौकरी छूटने के खौफ से खुद को मुक्त कर सकें और रिटायरमेंट तक बेधड़क काम कर सकें।

### 400 रुपए की थी नौकरी, 200 रुपए तौला था सोना

पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में अपने व्यक्तिगत जीवन के कई राज खोलते हुए कहा कि शुरू वह आरएसएस से जुड़े थे। वह दस जमा दो स्कूल में ज्योग्रफी के लेक्चरर बने। इस दौरान वह संघ की शाखा में जाते थे। इस पर प्रधानाचार्य ने ऐतराज उठाया कि या तो शाखा में जाओ या फिर पढ़ाने का काम करो। बस यहां केवल तीन साल तक ही नौकरी की। तब 400 रुपये वेतन था और सोना महज 200 रुपये तौला होता था। मैंने अपनी विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया। एलएलबी भी की लेकिन अंतिम ईयर के दौरान इमरजेंसी लग गई और जेल जाना पड़ा। 1973-74 में विद्यार्थी परिषद से जुड़ा रहा। उदयपुर के सारे कालेजों में विद्यार्थी परिषद के उम्मीदवार प्रेसिडेंट बने। 1977 से लेकर सक्रिय राजनीति में 8 बार विधायक रहा। एक लोकसभा व विधानसभा का चुनाव हारा। लोकसभा का चुनाव जब हारा जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। विधानसभा चुनाव इंदिरा गांधी के समय में हारा था। इतने साल राजनीति की लेकिन अपने पल्ले से एक भी पैसा खर्च नहीं किया। हमेशा जनता ने मदद का हाथ बढ़ाया। हमेशा पब्लिक और कार्यकर्ताओं से जुड़ाव कर ही राजनीति आगे बढ़ाई। यही कोशिश चंडीगढ़ में भी कर रहे हैं। पंजाब के छह जिलों में सरहद पर गया। पांच जिलों में विलेज कमेटी की मीटिंग हुई। मां-बहनों ने खड़े होकर केवल एक बात बोली कि बच्चों को नशे की दलदल से बचाओ। उसे मजबूरी में ड्रग्स देनी पड़ती हैं। चोरी करता है। मारपीट करता है। यह गंभीर समस्या लगी। इसको लेकर पैदल मार्च शुरू किया। इस मुहिम को सफल बनाने के लिये जनता से जुड़ने का सामूहिक प्रयास करना होगा, तभी इंपेक्ट आएगा।





# खरखौदा को सैटेलाइट सिटी बनाने के ऐलान पर सैकड़ों लोगों ने सीएम का जताया आभार

**मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ में की मुलाकात**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा खरखोदा को देश का पहला सेटेलाइट सिटी बनाए जाने का ऐलान करने के बाद बृहस्पतिवार को सैकड़ों जनप्रतिनिधि विधायक पवन खरखौदा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए चंडीगढ़ पहुंचे।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गत दिवस खरखौदा को 74 हजार करोड़ की लागत से सेटेलाइट सिटी बनाने का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि 28 दिसंबर को विकास रैली में मुख्यमंत्री ने खरखौदा के विकास का आश्वासन दिया था। यहां पहले से ही कई बड़े उद्योगों की स्थापना भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान हुई है। अब सेटेलाइट सिटी बनने के बाद खरखौदा के विकास को नया मोड़ मिलेगा। पवन खरखौदा ने कहा कि आज इलाके के सैकड़ों पंच, सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्यों के अलावा भाजपा नेता तरुण देवीदास, मुकेश सैनी, आशीष दहिया, विनोद गोपालपुर, नरेश पराशर, राजू नंबरदार, सोनू समेत भारी संख्या में इलाके के लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करके उनका आभार व्यक्त किया।

**मीटिंग** मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग, नेशनल हेल्थ मिशन और निदेशालय चिकित्सा शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# स्वास्थ्य सेवाओं में ऑनलाइन सुविधाओं का समावेश किया जाएगाः सीएम सुक्खू

### स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी का गठन

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को स्वास्थ्य विभाग, नेशनल हेल्थ मिशन और निदेशालय चिकित्सा शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं में अधिक से अधिक ऑनलाइन सुविधाओं का समावेश किया जाएगा, इसके लिए नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि इसके दृष्टिगत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी जो दस दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान करने से समय और साधनों की बचत होने के साथ ही सेवाओं में सुगमता और गुणवत्ता आएगी। उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों और अस्पतालों में मरीजों के पंजीकरण के लिए ऑनलाइन प्रणाली विकसित करने के भी निर्देश दिए।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमकेयर योजना के तहत मैपिंग का कार्य पंचायत स्तर तक सुनिश्चित किया जाए तथा इसमें मरीज के उपचार से सम्बन्धित डेटा भी शामिल किया जाए। उन्होंने आभा कार्ड का एकीकरण हिम परिवार पोर्टल से करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के डिजिटलीकरण से लोगों को और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित होंगी। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी, साथ ही सेवाओं की निगरानी और शिकायत निवारण तंत्र और प्रभावी बनेगा। बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस) गोकुल बुटेल, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, सचिव स्वास्थ्य प्रियंका बासु इंगटी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### ऑनलाइन रिकार्ड से बेहतर योजना बनाने में मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के ऑनलाइन रिकार्ड से बेहतर योजना बनाने में मदद मिलेगी और निर्णय क्षमता भी प्रभावी होगी। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा तथा स्वस्थ नागरिक-सशक्त राज्य के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जापान इन्टरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) के सहयोग से प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि स्वास्थ्य संस्थान आधुनिक उपकरणों से लैस हों और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और अधिक सुधार लाया जा सके।

**अरविंद केजरीवाल और सीएम मान की व्यापारियों और दुकानदारों से मुलाकात; कहा-**

# अब उन्हें दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, 'आप' सरकार खुद उनके पास पहुंचेगी

**कोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक छोटे दुकानदारों और व्यापारियों के हित सुरक्षित न हों: केजरीवाल**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 8 जनवरी।** एस.ए.एस. नगर में आयोजित पंजाब राज्य ट्रेडर्स कमीशन की पहली बैठक में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शिरकत की। उन्होंने इस कमीशन को वर्षों से व्यापारियों के प्रति चली आ रही उपेक्षा और नौकरशाही द्वारा की जाने वाली परेशानियों को समाप्त करने की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। केजरीवाल ने कहा कि अब दुकानदारों को एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर भटककर परेशान नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि 'आप' सरकार ने प्रशासन को सीधे बाजारों तक पहुंचाने का फैसला किया है। केजरीवाल ने कहा कि यह कमीशन टैक्स प्रणाली को आसान बनाएगा, टैक्स आतंकवाद को खत्म करेगा और अनावश्यक प्रक्रियागत अड़चनों को दूर करेगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस बात को दोहराते हुए कहा कि दुकानदार सच्चे देशभक्त हैं, जो अर्थव्यवस्था को गति देते हैं और विश्वास जताया कि यह कमीशन पूरे प्रदेश के व्यापारियों की भलाई और सम्मान की निर्णायक रूप से रक्षा करेगा।

जनसमूह को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज छोटे दुकानदारों, व्यापारियों और बाजारों के लिए एक नई शुरुआत हो रही है, जिन पर अब तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिन लोगों को विभिन्न स्तरों पर इन कमीशनों का सदस्य बनाया गया है और जिन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, उन्हें मैं दिल से बधाई देता हूं। हमारी सरकार ने चार साल पूरे कर लिए हैं और आज यहाँ एक बहुत सुंदर दृश्य ने मेरा ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इस हॉल में बैठे आप सभी हमारी पार्टी के कार्यकर्ता नहीं, बल्कि स्वतंत्र और निष्पक्ष व्यक्ति हैं। आप में से कुछ मार्केट एसोसिएशनों के प्रधान हैं, कुछ टेक्सटाइल और टाइल जैसे सेक्टर-वार व्यापारिक संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं और आप सभी अलग-अलग पृष्ठभूमियों से संबंधित और स्वतंत्र व्यक्ति हो।

**शेष पेज-4 पर**



व्यापारियों से बीतचीत करते आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल व सीएम भगवंत मान।

### हर व्यक्ति तरक्की और खुशहाली का हकदारः मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह पंजाब में हो रहा एक अनोखा कार्यक्रम है, जो पिछली सरकारों के शासनकाल के दौरान कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपनी समर्था अनुसार तरक्की और खुशहाली का हकदार है, जिसकी कोई सीमा नहीं और यह अहम पहलकदमी खास तौर पर छोटे दुकानदारों की भलाई के लिए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि 'आप' पार्टी का गठन अरविंद केजरीवाल ने राजनीति में शामिल होने के लिए नहीं, बल्कि राजनीति की परिभाषा बदलने और देश को लोक कल्याण पर केंद्रित राजनीति का अर्थ सिखाने के लिए किया था। अपनी सरकार की जन हितैषी पहुंच को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पद संभालने के पीछे उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों की सेवा करना था और उनकी यह प्रतिबद्धता जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से झलकती है। उन्होंने कहा कि पंजाब के 61,000 से अधिक युवाओं को पूरी योग्यता के आधार पर नौकरियां दी गई हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि हमने 17 से अधिक टोल प्लाजा बंद कर दिए हैं, जिससे आम लोगों के रोजाना लगभग 64 लाख रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को और सुविधा देने के लिए इन टोल प्लाजों पर खाली पड़े दफ्तरों को अब आम आदमी क्लीनिकों में बदल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के उलट जब पारंपरिक पार्टियों के राजनेताओं ने अपने लिए तो बेशुमार दौलत इकट्ठी की, लेकिन व्यापारियों और दुकानदारों को मामूली कमाई से गुजारा करना पड़ा, मैं दुकानदारों से अपील करता हूं कि वे राज्य के विकास और अर्थव्यवस्था को बल देने के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार करें।

# 'युद्ध नशों के विरुद्ध' की तर्ज पर गैंगस्टरों के खिलाफ छेड़ी जाएगी जंग: केजरीवाल

कहा-पंजाब से सभी गैंगस्टरों और उनके नेटवर्क का होगा सफाया

पारंपरिक पार्टियां अपने चुनावी घोषणा-पत्र बदलने के लिए मजबूर हुईं और शिक्षा, स्वास्थ्य व बिजली अब केंद्रीय मुद्दे बने: भगवंत मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 8 जनवरी।** पंजाब की राजनीति और कानून-व्यवस्था को लेकर एक सख्त और निर्णायक संदेश देते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने नव-निर्वाचित जिला परिषद और ब्लॉक समिति सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ऐलान किया कि पंजाब सरकार अब 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान की तर्ज पर गैंगस्टरों और उनके पूरे नेटवर्क के खिलाफ बड़े स्तर पर जंग शुरू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब से डर, गुंडागर्दी, नशे और अपराध की संस्कृति का पूरी तरह सफाया किया जाएगा।

लुधियाना में आयोजित इस सम्मेलन में अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान ने पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों में 'आप' की ऐतिहासिक जीत को साफ-सुथरी राजनीति, ईमानदार शासन और जनहितकारी नीतियों के पक्ष में जनादेश बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब अब जबरदस्ती, बूथ कैप्चरिंग और धांधली वाले चुनावों के युग से बाहर निकल चुका है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों में 'आप' ने 70 प्रतिशत से अधिक सीटें जीतकर यह साबित कर दिया है कि जनता काम की राजनीति को पहचानती है। उन्होंने कहा कि ये चुनाव पंजाब के इतिहास में सबसे अधिक पारदर्शिता के साथ हुए, जहां एक भी वोट नहीं बदला गया।

उन्होंने बीते वर्षों की तुलना करते हुए कहा, 'पहले सत्ताधारी पार्टियां पंचायत चुनावों में बूथ कैप्चरिंग, डर और जबरदस्ती के बल पर जीत हासिल करती थीं। लेकिन हमारी सरकार के चार साल पूरे होने के बाद हुए इन चुनावों में कहीं भी दबाव या धांधली नहीं हुई। 600 से ज्यादा सीटें ऐसी रहीं, जहां जीत का अंतर 100 वोटों से कम था और कई सीटों पर तो एक वोट से हार-जीत का फैसला हुआ। यह पारदर्शिता का सबसे बड़ा प्रमाण है।'

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 'आप' सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग नहीं किया, क्योंकि पार्टी का उद्देश्य राजनीति को साफ करना है, न कि अन्य दलों की तरह भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि अगर सरकार चाहती तो आसानी से प्रशासनिक दबाव बनाकर नतीजे बदल सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि 'आप' का जनादेश जबरदस्ती या पैसे के दम पर नहीं, बल्कि काम और ईमानदारी के आधार पर मिला है। ÷चार साल सत्ता में रहने के बाद भी अगर हमें 38 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 70 प्रतिशत से ज्यादा सीटें मिलती हैं, तो यह हमारे काम के लिए वोट है।

## 'मिशन 45 प्रतिशत वोट' का आह्वान

नव-निर्वाचित जिला परिषद और ब्लॉक समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कैडर के सामने 'मिशन 45 प्रतिशत वोट' का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि अगला लक्ष्य 38 प्रतिशत वोट शेयर को बढ़ाकर 45 प्रतिशत तक ले जाना है। उन्होंने प्रतिनिधियों को सलाह दी कि वे गांव-गांव जाकर लोगों से जुड़ें, अहंकार से दूर रहें और जनता के सुख-दुख में शामिल हों। 'अहंकार ने कांग्रेस और अकाली दल को बर्बाद कर दिया। अगर आप भी अहंकारी हो गए तो आपका भी वही हश्र होगा।' उन्होंने चेतावनी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने श्री अकाल तख्त साहिब से जुड़े मुद्दे पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वे एक विनम्र सिख के रूप में तख्त साहिब के समक्ष पेश होंगे। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब उनके लिए सर्वोपरि है और वहां से मिलने वाले हर आदेश का वे पूरी श्रद्धा के साथ पालन करेंगे। उन्होंने यह भी मांग की कि तख्त साहिब की पूरी कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा-मैं वहां मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक साधारण सिख के रूप में जाऊंगा।

अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में नशों की समस्या पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पिछली सरकारों के दौरान नशे और अपराध को राजनीतिक संरक्षण मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि कई पारंपरिक पार्टियों के नेताओं के रिश्तेदार नशा तस्करी और गैंग गतिविधियों में शामिल थे।

उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार ने राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाते हुए बड़े नशा तस्करों को जेल भेजा। ÷28,000 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं और 400 से ज्यादा बड़े नशा तस्कर सलाखों के पीछे हैं। अब 'युद्ध नशों के विरुद्ध' का दूसरा चरण शुरू किया गया है।

केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि नशों के बाद अब सरकार का अगला लक्ष्य गैंगस्टर नेटवर्क है। ÷जैसे नशों के खिलाफ जंग छेड़ी गई, वैसे ही अब गैंगस्टरों के खिलाफ जंग होगी। पंजाब में मौजूद हर गैंगस्टर और उनके नेटवर्क का खात्मा किया जाएगा। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि सत्ता संभालते समय पंजाब की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी और राज्य कर्ज में डूबा हुआ था। बावजूद इसके सरकार ने वित्तीय अनुशासन के साथ काम किया और जनता को राहत दी। उन्होंने कहा कि आज पंजाब में समय पर वेतन मिल रहा है, मुफ्त बिजली और जीरो बिल की सुविधा दी जा रही है और पुराने बिजली बिल माफ किए गए हैं। ÷आज अगर लोगों को जीरो बिजली बिल मिल रहे हैं, तो यह चमत्कार नहीं, बल्कि ईमानदार शासन का नतीजा है।

केजरीवाल ने रोजगार के मुद्दे पर भी सरकार की सराहना की और कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में 60,000 से ज्यादा सरकारी नौकरियां दी गई हैं, वह भी बिना रिश्वत और सिफारिश के। ÷आज गरीब किसानों और मजदूरों के बच्चों को सिर्फ योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं।

## राजनीति की दिशा बदली: भगवंत सिंह मान

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की राजनीति ने देश की राजनीतिक सोच को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसे मुद्दे अब राजनीति के केंद्र में आए हैं, जो पहले कभी प्राथमिकता नहीं थे। उन्होंने नव-निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव जीतना आसान नहीं होता, क्योंकि ये चुनाव सीधे जनता से जुड़े होते हैं। 'आपने लोगों के बीच काम करके यह जीत हासिल की है और यही आपकी सबसे बड़ी ताकत है,' उन्होंने कहा। अकाली दल और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि जनता अब परिवारवाद और डर की राजनीति से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा 'लोग अब काम और ईमानदारी के आधार पर वोट कर रहे हैं

## पंचायतों के साथ तालमेल बनाकर काम करने से सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक समय पर पहुंचेगा

इस अवसर पर वरिष्ठ 'आप' नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह जनादेश पंजाब सरकार की जनहितैषी नीतियों पर जनता के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने नव-निर्वाचित सदस्यों से गांवों के विकास को प्राथमिकता देने का आह्वान किया और भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से फंड और संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों के साथ तालमेल बनाकर काम किया जाए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक समय पर पहुंचे। लुधियाना में हुई यह बैठक न केवल 'आप' की चुनावी जीत का उत्सव थी, बल्कि आने वाले समय के लिए सरकार की प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत भी थी। नशों और गैंगस्टरों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई, पारदर्शी शासन, जनहितकारी नीतियां और गांवों के विकास पर फोकस—ये सभी संदेश इस सम्मेलन के केंद्र में रहे। अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान ने साफ कर दिया कि पंजाब में अब डर और अपराध की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है और सरकार पूरी ताकत के साथ राज्य को सुरक्षित, समृद्ध और खुशहाल बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगी।

# झज्जर-बचौली जंगली जीव सैंक्चुअरी का नाम श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के नाम पर रखा जाएगा

पंजाब राज्य जंगली जीव बोर्ड की स्टैंडिंग कमेटी ने दी मंजूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** पंजाब राज्य जंगली जीव बोर्ड की स्टैंडिंग कमेटी ने आज एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए रूपनगर जिले की झज्जर-बचौली जंगली जीव सैंक्चुअरी का नाम नौवें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के नाम पर रखने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद इस सैंक्चुअरी को श्री गुरु तेग बहादुर जंगली जीव सैंक्चुअरी के रूप में जाना जाएगा।

मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए जंगलात एवं जंगली जीव सुरक्षा मंत्री लाल चंद कटारूचक्क ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 350वां शहीदी दिवस पिछले साल 25 नवंबर को श्री आनंदपुर साहिब में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया था। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा झज्जर-बचौली जंगली जीव सैंक्चुअरी का नाम बदलकर श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने की सिफारिश भेजी गई थी।

उल्लेखनीय है कि यह जंगली जीव सैंक्चुअरी तीन गांवों झज्जर, बचौली और लमलेहरी में 289 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। इनमें से 218 एकड़ क्षेत्र झज्जर में, 55 एकड़ बचौली में और बाकी लमलेहरी में आता है। इसके अलावा, जंगली जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, जंगली जीव सुरक्षा अधिनियम, 1972 की धारा 18 (1) के अनुसार पूरे 289 एकड़ क्षेत्र को झज्जर-बचौली जंगली जीव सैंक्चुअरी घोषित किया गया था।

इस मौके पर अन्यों के अलावा जंगलात एवं जंगली जीव सुरक्षा विभाग के सचिव प्रियांक भारती, प्रमुख मुख्य वनपाल (जंगलात फोर्स के प्रमुख) धर्मिंदर शर्मा, चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन बसंता राज कुमार और सी.सी.एफ. (जंगली जीव) सतिंदर सागर मौजूद थे।

# बाल विवाह के खिलाफ पंजाब सरकार की मुहिम तेज, वर्ष 2025-26 में 64 मामलों को रोका गया: डॉ. बलजीत कौर

## कहा-भगवंत सिंह मान सरकार ने पंजाब से बाल विवाह के पूर्ण उन्मूलन के लिए 2,000 से अधिक अधिकारियों की नियुक्ति की

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में बाल विवाह मुक्त राज्य बनने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है पंजाब

लोगों से सी.एम.पी.ओज. या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर बाल विवाह की सूचना देने की अपील

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा राज्य से बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को पूरी तरह समाप्त करने के लिए निरंतर, सशक्त और परिणामोन्मुखी प्रयास किए जा रहे हैं। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने सरकार की बाल-केंद्रित और नीतिगत दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए साझा की।

इस संबंध में विवरण देते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बच्चों की सुरक्षा और हितों को सुरक्षित रखने के लिए समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करते हुए पंजाब सरकार की कार्रवाई से बाल विवाह के 64 मामलों को सफलतापूर्वक रोका गया है। उन्होंने कहा, 'ये हस्तक्षेप मान सरकार के बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य पर मंडराते खतरों से निपटने के लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई के दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं।'

इस सामाजिक अभियान में आम लोगों की सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए मंत्री ने कहा, 'बाल विवाह की किसी भी घटना की जानकारी बिना किसी झिझक के नजदीकी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी से संपर्क करके या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कॉल करके दी जा सकती है, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित कर बच्चों की सुरक्षा की जा सके।'

मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने आगे बताया कि पंजाब में बाल विवाह रोकथाम के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों का विवरण भारत सरकार के राष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन पोर्टल पर अपलोड किया गया है, जिससे पारदर्शिता और जनता की आसान पहुंच सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा, 'इससे लोग संबंधित अधिकारियों तक शीघ्र और प्रभावी ढंग से पहुंच बना सकते हैं।'

राज्य द्वारा किए गए प्रशासनिक उपायों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने और बाल विवाह को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से पूरे पंजाब में जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 2,076 बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा, 'ये अधिकारी सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और इस सामाजिक बुराई को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं।'

उन्होंने यह भी बताया कि सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधीन सभी जिलों के बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के प्रिंसिपलों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा, 'यह विस्तृत नेटवर्क स्थानीय स्तर पर सतर्कता सुनिश्चित करता है और प्रारंभिक चरण में ही हस्तक्षेप करने की हमारी रणनीति को मजबूत करता है।'

सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मंत्री ने कहा, 'पंजाब सरकार बच्चों के अधिकारों की रक्षा, उनके भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने तथा समयबद्ध और परिणामोन्मुखी उपायों के माध्यम से राज्य को बाल विवाह से पूर्णतः मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह सक्रिय और प्रतिबद्ध है।

# स्पीकर संधवां व कृषि मंत्री खुड्डियां ने पंजाब राज्य खाद्य आयोग की नई लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

लाइब्रेरी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, संवैधानिक प्रावधानों, न्यायिक फैसलों, कृषि, पोषण तथा लोक कल्याण योजनाओं से संबंधित शोध सामग्री से सुसज्जित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** एक ऐतिहासिक पहल के अंतर्गत आज पंजाब स्टेट फूड कमीशन की नवस्थापित लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन महात्मा गाँधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (मगसीपा) सेक्टर-26, चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय में हुआ। इस लाइब्रेरी का संयुक्त रूप से उद्घाटन पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिँह खुड्डियां ने किया।

इस अवसर पर फूड कमीशन के चेयरमैन बाल मुकन्द शर्मा ने जानकारी दी कि पंजाब स्टेट फूड कमीशन देश का पहला राज्य फूड कमीशन संस्थान बन गया है जिसने औपचारिक रूप से अपनी लाइब्रेरी स्थापित की है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है और अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

मुख्य अतिथि कुलतार सिंह संधवां ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की लाइब्रेरियां संवैधानिक संस्थानों को बौद्धिक रूप से सशक्त बनाती हैं और जनहित से जुड़े मामलों में सही दिशा प्रदान करती हैं।

कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि पंजाब स्टेट फूड कमीशन की यह पहल खाद्य सुरक्षा, किसानों के कल्याण तथा गरीब वर्ग के हित में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

फूड कमीशन के सदस्यों—विजय दत्त, चेतन प्रकाश धालीवाल एवं जसवीर सिंह सेखों—ने बताया कि यह लाइब्रेरी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, संवैधानिक प्रावधानों, न्यायिक निर्णयों, कृषि, पोषण तथा जनकल्याण योजनाओं से संबंधित पुस्तकों एवं शोध सामग्री से सुसज्जित है। इससे फूड कमीशन के कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा निष्पक्ष निर्णय-प्रक्रिया को मजबूती मिलेगी।नववर्ष के उपलक्ष्य में पंजाब स्टेट फूड कमीशन द्वारा सुखमनी साहिब का पाठ, शब्द कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर चेयरमैन एवं सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा संगत का हार्दिक धन्यवाद किया।

# 852 सरकारी स्कूलों की नुहार बदलने के लिए 17.44 करोड़ रुपये से अधिक फंड जारी: बैंस

स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए जीवंत एवं साजगार माहौल उपलब्ध करवा कर अकादमिक विकास यकीनी बनाया जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** विद्यार्थियों के लिए सीखने के माहौल को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के 852 सरकारी स्कूलों में नवीनीकरण कार्यों के लिए 17.44 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की गई है।

इस कदम का उद्देश्य अकादमिक विकास के लिए विद्यार्थियों को रचनात्मक एवं उपयुक्त माहौल उपलब्ध करवाना है।

यह जानकारी साझा करते हुए पंजाब के शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि विभाग ने पूरे राज्य में फंडों के समान वितरण को यकीनी बनाया है। अमृतसर को 1.58 करोड़ रुपये, बरनाला को 44.64 लाख रुपये, बठिंडा को 76.02 लाख, फरीदकोट को 50.31 लाख, फतेहगढ़ साहिब को 23.22 लाख, फाजिल्का को 1.13 करोड़ रुपये, फिरोजपुर को 40.41 लाख, गुरदासपुर को 1.18 करोड़ से अधिक, होशियारपुर को 97.44 लाख, जालंधर को 97.41 लाख, कपूरथला को 20.52 लाख, लुधियाना को 1.50 करोड़, मालेरकोटला को 15.75 लाख, मानसा को 61.11 लाख, मोगा को 32.74 लाख, मुक्तसर को 46.47 लाख, पठानकोट को 37.11 लाख रुपये, पटियाला को 1.50 करोड़ रुपये, रूपनगर को 78.14 लाख रुपये, एस.बी.एस. नगर को 25.29 लाख, संगरूर को 2.45 करोड़, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) को 42.87 लाख रुपये तथा तरन तारन को 59.49 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

श्री बैंस ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (सेकेंडरी) को निर्देश दिए हैं कि वे यह रकम सीधी संबंधित स्कूल प्रबंधन कमेटियों (एस.एम.सी.) के बैंक खातों में ट्रांसफर करें ताकि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं भाईचारे की भागीदारी यकीनी बनाई जा सके।

इस पहल को मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के सभी स्कूलों में मानक बुनियादी ढांचा प्रदान करने के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए श्री बैंस ने कहा, ''एक उज्ज्वल, साफ-सुथरा एवं संगठित स्कूल वातावरण बच्चों की एकाग्रता एवं सीखने-सामर्थ्य को सीधे तौर पर प्रभावित करता है। हम अपने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयास कर रहे हैं तथा उम्मीद करते हैं कि सरकारी स्कूलों को शिक्षा के पुनरुद्धार का केंद्र बनाने में हम सफल होंगे।''

उन्होंने आगे कहा, ''स्कूलों के बुनियादी ढांचे को आधुनिक विद्या मानकों के अनुकूल बनाकर हमारा लक्ष्य यह यकीनी बनाना है कि सरकारी स्कूल में आने वाला हर बच्चा खुद को उत्साहित, मूल्यवान एवं अच्छा शिक्षार्थी महसूस करे।''

# बाउंसर कत्ल केस में एक महिला समेत 5 और गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगरांव, 8 जनवरी।** हठूर पुलिस ने पूर्व कबड्डी खिलाड़ी और बाउंसर गगनदीप सिंह की हत्या के मामले में एक महिला समेत 5 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पांचों में से कई मुख्य आरोपी के करीबी रिश्तेदार हैं, जिन्हें जगरांव कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने पांचों को रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। इस मामले में जगरांव पुलिस ने हत्या वाले दिन मुख्य आरोपियों में से ढुडीके निवासी गुरदीप सिंह को घटना में इस्तेमाल कार के साथ गिरफ्तार किया था। मंगलवार को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही जिला पुलिस की कई टीमें मुख्य आरोपियों को कोर्ट ले गईं। गुरसेवक सिंह उर्फ मोटा के रिश्तेदार जसप्रीत सिंह बेटे नाहर सिंह निवासी गांव रामगढ़ बरनाला, प्रदीप दास उर्फ पप्पा के पिता बलविंदर दास निवासी मानूके, जसपाल सिंह हंसा की पत्नी गगनप्रीत कौर, प्रभजोत सिंह बेटे अंग्रेज सिंह निवासी आदमपुरा बठिंडा और सुखदेव सिंह उर्फ टोनी बेटे तरसेम सिंह निवासी मानूके को गिरफ्तार किया गया है। इन पांचों की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए स्स्क डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि मर्डर केस में फरार चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की 6 टीमें लगाई गई हैं, जिनमें से कई पांच मुख्य आरोपियों के करीबी रिश्तेदार हैं। एसपी राजन शर्मा, डीएसपी रायकोट हरजिंदर सिंह और सीआइए स्टाफ चीफ अमृतपाल सिंह की लीडरशिप में पांच टीमें उन्हें ट्रेस करने में लगी हुई हैं, जिनमें से एक टीम सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। दूसरी टीम उनके खिलाफ दर्ज पुराने केस पढ़ रही है, तीसरी टीम टेक्निकल तरीकों से काम कर रही है, चौथी टीम सीक्रेट रेकी करके जानकारी इकट्ठा कर रही है।

# 2 हजार रुपये रिश्वत लेते क्लर्क को विजीलैंस ब्यूरो ने किया काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 8 जनवरी।** पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही अपनी मुहिम के तहत नगर निगम, जालंधर की जल सप्लाई और सीवरेज शाखा में तैनात क्लर्क करुण धीर को 2000 रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू किया है। इसके अलावा दोषी के घर की तलाशी के दौरान विजीलैंस ब्यूरो टीम को 2.72 लाख रुपये बरामद हुए हैं। यहां यह जानकारी देते हुए राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि उक्त दोषी को राम नगर, जालंधर के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता पिछले पंद्रह महीनों से जालंधर के दोआबा चौक के पास एक अहाता चला रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दोषी करुण धीर उसके अहाते पर आया था और उसने शिकायतकर्ता को कथित तौर पर गैर-कानूनी कनेक्शन इस्तेमाल करने और गंदा पानी सीवरेज में डालने की आड़ में उसका पानी और सीवरेज कनेक्शन काटने की धमकी दी थी। शिकायतकर्ता द्वारा यह बताने के बावजूद कि कनेक्शन लगभग 15 सालों से चल रहा है, दोषी अधिकारी उसे धमकियां देता रहा और रिश्वत की मांग करता रहा।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो का दरवाजा खटखटाया और आरोप लगाया कि दोषी करुण धीर ने पानी और सीवरेज कनेक्शन न काटने के बदले 2000/- रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने रिश्वत मांगने की पूरी बातचीत सबूत के तौर पर रिकॉर्ड कर ली थी।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि उसकी शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद पता चला है कि दोषी उन लोगों से छोटी-छोटी रिश्वतें लेता था जो अपना काम करवाना चाहते थे। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने दोषी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 2000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में विजीलैंस ब्यूरो के थाना जालंधर में दोषी के खिलाफ भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

## एस.सी. आयोग ने रूपनगर के एसपी को किया तलब

**चंडीगढ़, 8 जनवरी (अप्रस)।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने रूपनगर से संबंधित एक मामले में आयोग के निर्देशों का पालन न किए जाने पर रूपनगर के एस.पी. को तलब किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन सरदार जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि जिला होशियारपुर की तहसील गढ़शंकर के निकट सच्चखंड श्री खुरालगढ़ साहिब में स्थित चरण छोह गंगा, अमृत कुंड के प्रधान संत सुरिंदर दास द्वारा डी.एस.पी. नंगल अमनदीप सिंह के खिलाफ की गई शिकायत की जांच करवाकर तथ्यों एवं जानकारी की रिपोर्ट दो प्रतियों (एक मूल और एक फोटो कॉपी) में दिनांक 14-01-2026 को एस.पी. (डी) श्री गुरदीप सिंह गोसल को आयोग कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने लांच की नीव पोर्टल : 2047 तक सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों व शैक्षणिक संस्थानों की होगी डिजिटल ट्रैकिंग

ज्ञान सेतु के तहत 28 संस्थानों के साथ हुआ एमओयू,रिसर्च को मिलेगा बढ़ावा

अर्थ प्रकाश संवाददाता




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में पंचकूला में प्रदेश की विभिन्न विश्वविद्यालयों और स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) के बीच हुए 'ज्ञान सेतु' ज्ञापन समझौते का आदान प्रदान करते अधिकारीगण। साथ में हैं मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, महानिदेशक, एसजेएचआईएफएम डॉ. राज नेहरू और उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग। (08.01.2026)

**पंचकूला, 8 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को ध्यान में रखते हुए नीव पोर्टल को विकसित किया गया है। नीव पोर्टल इंटेलिजेंट, डेटा-ड्रिवन डिसीजन सपोर्ट सिस्टम है, जो नीति निर्माण और संस्थागत क्रियान्वयन के बीच की दूरी को समाप्त करता है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को पंचकूला में आयोजित एमओयू एक्सचेंज कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नीव पोर्टल का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक प्रावधान का वास्तविक, निष्पक्ष और सतत मूल्यांकन हो सके। यह पोर्टल रियल-टाइम डेटा, प्रदर्शन संकेतकों और भविष्यसूचक विश्लेषण के माध्यम से शिक्षा प्रणाली की निरंतर निगरानी करता है। इससे यह स्पष्ट रूप से पता चलता है कि कौन-सी संस्थाएं नीति के अनुरूप आगे बढ़ रही हैं और कहां सुधार की जरूरत है। यह पोर्टल केवल निगरानी का साधन नहीं, बल्कि समय रहते सुधार और दिशा-निर्देशन का प्रभावी माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में नीव पोर्टल को विश्वविद्यालयों में लागू किया जा रहा है। इसके बाद महाविद्यालयों और आगे चलकर स्कूलों तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक इसका विस्तार किया जाएगा। इस क्रमबद्ध विस्तार से शिक्षण संस्थानों में एकरूपता, गुणवत्ता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रति तत्परता सुनिश्चित होगी। नीव पोर्टल के माध्यम से 2047 तक सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में शत-प्रतिशत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 अनुपालन की डिजिटल ट्रैकिंग संभव होगी।

एमओयू के बारे में बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ज्ञान सेतु' पहल के तहत स्वर्ण जयंती हरियाणा इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल मैनेजमेंट और राज्य के लगभग 28 प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया है। इसका उद्देश्य अकादमिक ज्ञान को वास्तविक प्रशासनिक और सामाजिक चुनौतियों से जोड़ना है, ताकि शोध केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर समाज और शासन की समस्याओं का समाधान बन सके।

### दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी की गुरुओं पर की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा गुरुओं पर की गई टिप्पणी पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुओं ने धर्म, मानवता और देश की रक्षा के लिए अपनी पीढ़ियों को कुर्बान कर दिया। गुरुओं के प्रति उनकी ऐसी सोच ही दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुओं की शिक्षा से हमें प्रेरणा और आने वाली पीढ़ियों को ऊर्जा मिलती है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा की बजाय शराब के ठेके खोले। महिलाओं के लिए अलग से शराब के ठेके खोले। ऐसा पूरे देश में केवल दिल्ली में हुआ है।

# हरियाणा में बाहरी युवाओं की भर्तियों के विरोध में प्रदर्शन करेगी यूथ कांग्रेस

सीईटी क्वालीफाइड 8.12 लाख युवाओं को नौ हजार देने का वादा पूरा करे सरकार

दलितों-पिछड़ों के आरक्षण को खत्म करने की साजिश का आरोप लगाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** हरियाणा प्रदेश यूथ कांग्रेस ने सरकारी भर्तियों में बाहरी युवाओं के चयन के विरोध का ऐलान कर दिया है। युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने गुरुवार को चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य की भर्तियों में बाहरी लोगों की नियुक्तियों के विरोध में हर जिले में प्रदर्शन किए जाएंगे।

निशित कटारिया ने कहा कि राजधानी में रहने वाले हरियाणा के लोगों को अपना डोमिसाइल बनवाने में परेशानी आ रही है। राज्य की अधिकतर भर्तियां या तो कोर्ट में फंसी हैं अथवा उनके रिजल्ट घोषित नहीं किए जा रहे हैं। भर्तियों की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक दो दर्जन से अधिक पेपर लीक हो चुके हैं। राज्य में भर्ती माफिया सक्रिय है।

निशित कटारिया ने कहा कि हरियाणा की नौकरियों का कंट्रोल बिहार में बैठे अधिकारियों के हाथ में देने से ऐसे हालात बने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती में 613 पदों में से केवल 151 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। शेष सीटें खाली छोड़ दी गई। आरक्षित वर्गों की स्थिति और भी चिंताजनक है।

प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि यह दलितों और पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अधिकार को खत्म करने की साजिश है। हरियाणा पावर यूटेलिटी में सहायक इंजीनियर की भर्ती में सामान्य वर्ग के 214 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया, जिनमें से 185 हरियाणा के बाहर के थे। सिविल जजों की भर्ती में चयनित 110 उम्मीदवारों में से 60 बाहरी रहे। सिंचाई विभाग में सहायक इंजीनियर (सिविल) भर्ती में 49 में से 28 और तकनीकी शिक्षा विभाग में लेक्चरर की भर्ती में 153 में से 106 उम्मीदवार हरियाणा के बाहर के थे। कटारिया ने 35 प्रतिशत न्यूनतम अंकों के मापदंड को सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि इसी के जरिए ग्रुप ए व बी की भर्तियों में बड़ी संख्या में पद खाली छोड़े जा रहे हैं। पीजीटी लेक्चरर के 2577 पदों में से 978 और आयुर्वेदिक मेडिकल आफिसर के 805 पदों में से 275 सीटें खाली रहना इसका प्रमाण है।

हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आरक्षण के साथ खिलवाड़ कर दलित, पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को लगातार हाशिये पर धकेला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि सीईटी क्वालिफाइड लगभग 8.12 लाख युवाओं को हर महीने 9 हजार रुपये देने का वादा कब पूरा होगा। इस मौके पर प्रदेश मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव, जिलाध्यक्ष हरमनप्रीत सिंह हैरी,उधम सिंह शुभम नाहर जगदीप शर्मा विधानसभा अध्यक्ष निखिल शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष रूपिंदर सिंह ,परमिंदर सिंह (डिप्टी),राहुल शर्मा ,टोनी , शुभम् सिंह , गुरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने झुग्गियों में बांटी जरूरी सामग्री



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल में जारी एनएसएस शिविर के छठे दिन का प्रारंभ प्रतिदिन की तरह पतंजलि योगपीठ से आमंत्रित योगाचार्य रामचरण द्वारा कराए गए योगाभ्यास के साथ हुई। योगाभ्यास के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय में स्थित पौधों की सिंचाई गई। आज के वक्तव्य सत्र में प्रमुख समाज सेवक विजेंद्र सिंह ने बच्चों को समाज सेवा करने के लाभ और साधनों के बारे में बताया। विद्यालय में गतिविधियों के आयोजन के पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू तलवाड़ के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में कार्यक्रम में संलग्न अध्यापक वर्ग के साथ स्वयं सेवकों की पूरी टीम स्लम एरिया में रहने वाले गरीब परिवारों के बीच में जाकर गर्म कपड़े और जरुरी घरेलू वस्तुओं के साथ खाद्य सामग्री का वितरण भी किया। यहां पर शिक्षण कार्य भी किया जाता है इसलिए उनको लेखन सामग्री के साथ साउंड सिस्टम भी प्रदान किया गया जिससे उनका शिक्षण कार्य सुगम बनाया जा सके। प्रधानाचार्या ने बताया कि इन कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज की दशा के बारे में अवगत कराना तथा उन के विकास में सहयोग करना है।

### एनएसएस शिविर के छठे दिन हुई विविध गतिविधियां



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** इंदिरा गांधी पीजी महिला कालेज में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय डे-नाइट शिविर के छठे दिन स्वयं सेविकाओं द्वारा दैनिक क्रियाओं से निवृत होने के पश्चात एनएसएस गीत का सामूहिक गायन किया गया। प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल साक्षरता एवं शारीरिक सक्रियता दोनों ही जीवन के अनिवार्य अंग बन चुके हैं। एनएसएस शिविरों के माध्यम से छात्राओं को तकनीक के सही उपयोग के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों एवं सेवा भावना से जोड़ा जा रहा है जिससे वे जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इसके पश्चात कॉमर्स विभाग से प्रो. नंदिता द्वारा स्वयं सेविकाओं को डिजिटल साक्षरता विषय पर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आधुनिक युग में कंप्यूटर एवं डिजिटल तकनीक का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में छात्राओं को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ डिजिटल कौशल एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी दक्ष होना चाहिए। स्वयं सेविकाओं के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता एवं फ्लावर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सायंकालीन सत्र में प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन जीवन में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। स्वयं सेविकाओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता रैली निकाली। इसके अतिरिक्त स्वयं सेविकाओं ने कुष्ठ आश्रम का भ्रमण किया और वहां फल वितरित किए गए। मौके पर प्राध्यापक वर्ग से एनएसएस प्रभारी डॉ. दीपा अत्रि, प्रो. सीमा सुनेजा, प्रो. रेनू बाला एवं आशु उपस्थित रहीं।

### केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल



**कैथल (अप्रस)।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक जवाहर पार्क स्थित संगठन कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान ओमपाल भाल ने व संचालन जिला सचिव शिवचरण ने किया। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी हेतु कल दिल्ली में ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी फेडरेशनों व संयुक्त किसान मोर्चा की अखिल भारतीय कन्वेंशन, 15 को जींद में महापंचायत व 19 जनवरी को जोरदार प्रदर्शन करते हुए हड़ताल का नोटिस दिया जाएगा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला कैशियर रामफल दयोहरा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम, सावित्री देवी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लॉन्च की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत सभी विभागों को निजी हाथों में देने की मुहिम तो तेज कर दिया है जिसे बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा क्योंकि असली मायनों में सार्वजनिक विभागों को मजबूत करके ही देश को विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार उनकी मांगें लागू करने मे आनाकानी कर रही है जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। इसके विरोध में 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। इस अवसर पर विजय शर्मा, सियादत्त, जयप्रकाश टीक, सन्नी पटवारी, पवन शर्मा, सुरेंद्र पहलवान, सुरेश देवबन, नरेश कुमार, विक्रम सिंह, प्रदीप शर्मा, मास्टर नारायण दत्त, राजकुमार कश्यप, विनोद कुमार, राकेश कुमार, विक्की टांक, राजकुमार मचल, रघुबीर सिंह, पवन कुमार, राजकुमार सोलंकी, कुलदीप माजरा, कृष्ण आर्य व राजकुमार सीवन समेत काफी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 8 जनवरी।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बिंझौल नहर पटरी पर एक युवक को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी कि पहचान गढ़ी सिकंदरपुर गांव निवासी मोनू उर्फ मोनी के रूप में हुई है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि उनकी टीम बुधवार शाम को गश्त के दौरान एनएफएल नाका के पास थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली कि बिंझौल नहर पटरी पर संदिग्ध किस्म का एक युवक घूम रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को काबू किया। पूछताछ मे युवक ने अपनी पहचान मोनू उर्फ मोनी पुत्र शेर सिंह निवासी गढ़ी सिकंदरपुर के रूप में बताई। तलाशी लेने पर युवक की जींस से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ। देसी पिस्तौल को खोलकर जांच की तो अनलोड मिला।

प्रभारी इंस्पेटर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको अवैध हथियार रखने का शौक है । हथियार रखने का शौक पूरा करने के लिए वह उक्त देसी पिस्तौल करीब 5 महिने पहले दिल्ली में मिले एक अज्ञात युवक से 4 हजार रूपए में खरीदकर लाया था। पुलिस ने आरोपी मोनू उर्फ मोनी के खिलाफ थाना माडल टाउन में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर वीरवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायायल में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# महिलाएं आगे बढ़ती हैं तो वे अकेली नहीं चलतीं, बल्कि पूरे देश को आगे ले जाने की क्षमता रखती हैं : जयंत चौधरी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 8 जनवरी।** हल्के के गांव झटीपुर स्थित पूर्व विधायक रविंद्र मच्छरौली के फार्म हॉउस पर वीरवार को भारत सरकार में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा मंत्रालय (राज्य मंत्री) जयंत चौधरी पहुंचे। जहां कार्यालय में पहुंचने पर पूर्व विधायक सहित सैक?ो समर्थकों ने पुष्पगुच्छ व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। वहीं प्रशासन की ओर से उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने उनका स्वागत किया। आरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी वीरवार को दिल्ली से पानीपत में केंद्र सरकार द्वारा संचालित आईटीआई प्रशिक्षकों के लिए हॉस्टल का उद्घाटन करने के लिए रास्ते में पूर्व विधायक के फार्म हाउस पर पहुँचे।

इस दौरान हल्का क्षेत्र के कई मौजूदा व पूर्व सरपंच, राजनैतिक रसूखदार व सैकड़े ग्रामीण भी मौजूद रहें। जिन्होंने गांव में लड़कियों के लिए कॉलेज खुलवाने की मांग की साथ ही कई ग्रामीणों ने अलग-अलग जगह स्कूल में आईटीआई से संबंधित मांग सामने रखी। जिस पर उन्होंने पूरा करने का आश्वासन दिया। वही यूपी व हरियाणा के बीच बने पुल पर बस सेवा शुरू करने की भी मांग रखी। मनरेगा का नाम बदलने पर मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए मंत्री ने कहा कि गारंटी है आजीविका मिशन जी राम जी के नाम से स्कीम बनी है। जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा उन्होंने कहा कि खेती के सीजन में किसानों को मजदूर नहीं मिलते, जिससे किसानों को नुकसान होता है। लेकिन अब राज्य सरकारों को छूट दी गई है कि फसल सीजन के हिसाब से वह सुनिश्चित करके दो महीने के लिए इस स्कीम को बंद कर सकते हैं। जिससे किसानों को भी लाभ मिलेगा और श्रमिकों की भी आजीविका चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के तहत सिर्फ खानापूर्ति की जाती थी। उसका गांव में गांव के लोगों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा था लेकिन हमारी मांग के बावजूद अब इस स्कीम को सीधा किसानों से जोड़ा गया है।

### खेतों में मिला युवक का शव, पास मिली सीरिंज और पुड़िया

**बराड़ा (जयबीर राणा थंबड)।** बराड़ा-शाहबाद मार्ग पर उगाला के समीप एक युवक का शव खेतों में पड़ा मिला, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह युवक बीते कल अपने घर से शाहबाद के लिए निकला था। गांव कंबास निवासी सुबा सिंह ने बताया कि उसका भतीजा 30 वर्षीय प्रतीप पुत्र बलविन्द्र सिंह बुधवार सुबह करीब साढे 11 बजे दवाई लेने के लिए शाहबाद के लिए बाइक पर निकला था। करीब एक बजे घरवालों ने उसे फोन किया तो उसका फोन नहीं मिला। इसके बाद दिनभर वह उसे फोन करते रहे, लेकिन उसका फोन बंद मिला। परिजनों ने पुलिस को उसकी गुमशुदगी की शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

# सेवा ट्रस्ट यूके ने राष्ट्रीय अवार्डी स्व. तरुण कौशल की चौथी पुण्यतिथि पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड




**बराडा, 8 जनवरी।** सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय तरुण कौशल की चौथी पुण्यतिथि पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अधोया में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर, पूर्व प्रधानाचार्या अनीता जैन, सेवा ट्रस्ट यूके के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर, वरिष्ठ सदस्य बजिंदर कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. बलवंत सिंह, वीरभान सहित शिक्षकों और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर समाज सेवा के इस पुंज को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य बजिंदर कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय तरुण कौशल ने समाज सेवा की शुरुआत अपने छात्र जीवन में एक एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में की थी। उन्होंने और सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल ने वर्ष 2006 में 'लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम' महोत्सव की शुरुआत कर समाज की रूढ़िवादी सोच को बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने संस्था के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सैकड़ो सिलाई केन्द्रों की स्थापना करवाई। जहां हजारों महिलाओं और लड़कियों ने सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर, आज स्वयं का रोजगार कर रही हैं। प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर ने बताया कि तरुण कौशल एक कुशल शिक्षक और समाजसेवी थे। समाज सेवा के इन उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें 'राष्ट्रीय युवा पुरस्कार' सहित कई राज्य स्तरीय और प्रशासनिक पुरस्कारों से नवाजा गया।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं में शहरी महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

साइकिल रेस में मुकेश व दौड़ में सुनीता ने मारी बाजी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 8 जनवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वृहस्पतिवार को पुलिस लाइन ग्राउंड में कैथल शहरी महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शशि बाला द्वारा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी गुरजीत कौर ने बताया कि प्रतियोगिता को दो आयु वर्गो 30 वर्ष से ऊपर और 30 वर्ष से कम में विभाजित किया गया था। म्यूजिकल चेयर में अंबेडकर नगर की मीनाक्षी ने प्रथम, बलराज नगर की कर्मजीत कौर दूसरे और डीएवी कॉलोनी निवासी रीना तीसरे स्थान पर रहीं। इसी प्रकार डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में महादेव कॉलोनी की मुकेश प्रथम, प्योदा रोड की सरोज द्वितीय तथा अंबेडकर नगर की सीमा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 100 मीटर दौड़ में एंपलोएज कॉलोनी की सुनीता प्रथम, जनकपुरी कॉलोनी की कर्मजीत द्वितीय तथा अमरगढ़ गामड़ी की बाला तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार 30 वर्ष से कम आयु वर्ग के की प्रतियोगिताओं में 300 मीटर रेस में अंबेडकर नगर की सिमरन प्रथम, द्वितीय ऐना तथा अंबेडकर नगर की दुर्गा तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 400 मीटर रेस में रजनी कॉलोनी निवासी माफी प्रथम, द्वितीय शक्ति नगर निवासी पूजा रानी, सुभाष नगर निवासी प्रीति ने तृतीय स्थान हासिल किया। पांच किमी साइकिल रेस में पुलिस लाइन में रहने वाले मुकेश प्रथम, डीएवी कॉलोनी निवासी पूजा द्वितीय, बलराज नगर निवासी बरखा तृतीय स्थान पर रहीं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को 2100 रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 1100 रुपये और तृतीय स्थान के लिए 750 रुपये की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर सहायक मुकेश, गौरव कौशिक, रमन, सुमन, मंजू, पूनम, स्वाति, राहुल आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने किया जागरुक

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 8 जनवरी।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालक मंडल नारायणगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन बिजली निगम द्वारा किया गया। गांव हुसैनी तथा दूधली में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

गांव हुसैनी में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम एवं जनचर्चा कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें योजना से जुड़ी सभी सुविधाओं और लाभों की जानकारी देना था।

डॉ. पवन सैनी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगवाकर बिजली के भारी बिलों से राहत पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक क्रांतिकारी कदम है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार हर गरीब परिवार के उत्थान में लगी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रमुख रूप से गरीब परिवारों के लिए कल्याणकारी है। सौर ऊर्जा को अपनाकर ग्रामीण न केवल अपना बिजली बिल जीरो कर सकते हैं बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में भी अपना योगदान दे सकते हैं क्योंकि सौर ऊर्जा से किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता। सौर पैनल की आयु भी लगभग 30 वर्ष की होती हैं।

# डीसी अपराजिता ने किया तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

रजिस्ट्री कलर्क के काउंटरों का लिया जायजा, हाजिरी रजिस्ट्री किए चेक

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 8 जनवरी।** डीसी अपराजिता ने वृहस्पतिवार को स्थानीय तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्री, जमाबंदी और इंतकाल जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। आमजन को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न काटने पड़े। डीसी अपराजिता ने निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम, सेवा केंद्रों और रजिस्ट्री क्लर्क के काउंटरों का जायजा लिया। हाजिरी रजिस्ट्री चेक किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर कोई भी फाइल अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहनी चाहिए। यदि किसी दस्तावेज में कमी है, तो उसे तुरंत आवेदक को सूचित किया जाए। रजिस्ट्री होने के बाद इंतकाल दर्ज करने की प्रक्रिया को तय समय के अंदर पूरा किया जाए ताकि लोगों को अपनी जमीन के मालिकाना हक के रिकॉर्ड के लिए इंतजार न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से पेपरलेस सिस्टम शुरू किया गया है। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन को बिना किसी परेशानी के सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी लाएं। तहसील में आने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। नागरिकों को पारदर्शी व सुगम राजस्व सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

**किसी कार्य में ढिलाई हुई तो कर्मचारी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई:** डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग से संबंधित जो भी केस लंबित है उनका जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। उन्होंने कहा कि ततीमा को तय समय में पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ततीमा अपडेशन बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे संबंधित विभागीय अधिकारी गंभीरता से लेते हुए कार्य पूरा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्य में ढिलाई या किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीसी अपराजिता ने कार्यालय में आए नागरिकों से भी बातचीत की और उनसे फीडबैक लिया।

# युवाओं को स्वदेशी आत्मनिर्भर संस्कारी और अनुशासित बनाने के लिए मील का पत्थर साबित होगी स्वदेशी संकल्प दौड़: सतीश कुमार

## स्वदेशी संकल्प और स्वावलंबन के लिए देश भर में करोड़ों युवा और छात्र दौड़ेंगे 12 जनवरी को

स्वामी विवेकानंद जी की 164 वीं जयंती से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तक चलेंगे विभिन्न कार्यक्रम

इसका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को स्वदेशी मूल्यों, आत्म निर्भर भारत, शारीरिक स्वास्थ्य,अनुशासन टीम वर्क, तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक करना

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 8 जनवरी।** स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सहसंगठक तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश कुमार ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की 164 वीं जयंती तथा युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती 23 जनवरी से पूरे देश भर में युवा, छात्र स्वदेशी संकल्प को लेकर दौड़ लगाएंगे। इसमें देश भर के स्कूलों कालेजों विश्व विद्यालयों युवा संगठनों, युवा क्लबों के साथ व्यावसायिक, चिकित्सा, प्रबंधन से जुडे शिक्षण संस्थान भाग लेंगे। इसका आगाज स्वामी विवेकानंद जी जयंती 12 जनवरी को किया जाएगा। स्वदेशी और स्वलंबन की अलख जन जन में जगाने के लिए यह संकल्प अभियान देश भर में चल रहा हैं। उन्होंने बताया कि कन्या कुमारी में विवेकानंद केंद्र से स्वदेशी संकल्प संदेश यात्रा निकाली जाएगी। जो देश भर में भ्रमण करेगी। इसके अलावा आसाम गुवहाटी काश्मीर, सुदूर अरुणाचल प्रदेश सहित देश के उत्तर, पूर्व दक्षिण ,पश्चिम, मध्य भारत में भी स्व्देशी संकल्प दौड़ होगी। स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सहसंगठक तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश कुमार ने श्री कृष्णा मंदिर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य छात्रों और युवाओं को स्वदेशी मूल्यों, आत्म निर्भर भारत, शारीरिक स्वास्थ्य,अनुशासन टीम वर्क, तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक करना हैं। इस अवसर पर स्वर्णि भारत वर्ष फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन तथा स्वदेशी जागरण मंच के पूर्ण कार्यकालिक कार्यकर्ताओं के पालक सतीश चावला, संरक्षक उद्योगपति विजय सेतिया, गुरुवख्श मनचंदा , स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत प्रमुख सुरेश पुरी, जिला समन्वयक देवेंद्र अरोडा ने भी जानकारियां दीं। श्री सतीश कुमार ने बताया कि यह सब स्वामी विवेकानंद जी के शिक्षण से प्रेरित हैं। इन कार्यक्रमों के तहत दो, तीन, पांच किलोमीटर की दौड़, प्रेरक व्याख्यान स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर संबधी संदेशों का प्रसार के साथ स्वदेशी आत्म निर्भर भारत के लिए संकल्प जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। हरियाणा के कुरुक्षेत्र में नौ जनवरी को कुरुक्षेत्र विश्व विद्यालय में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आगाज किया जाएगा। उसके बाद समूचे हरियाणा में यह कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए स्वदेशी और स्वाबलंबन की भावना को देश भर में अपनाने की जरूरत हैं। भारत को सोने का शेर बनाने के लिए भारत वर्ष को आत्म निर्भर होना जरूरी हैं। देश के लोगों को विदेशी बस्तुओं का मोह त्याग कर स्वदेश में बनी बस्तुओं को उपयोग में लेना होगा। भारत को आर्थिक शक्ति बनाने के लिए यह जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि युवा रोजगार लेने वालने नहीं रोजगार देने वाले बनें। हमें गांव और शहर स्तर पर स्थानीय निर्माण उद्योग को मजबूत करना होगा। इस देश के युवा व्यवसायी मिल कर देश में स्थानीय सप्लाई चैन बना कर देश को आत्मनिर्भर बनला सकते हैं। अंतरिक्ष से लेकर सोशल मीडिया वायु से लेकर जल तक आसमान से लेकर धरती में जब हर जगह स्वदेशी और स्वाबलंबन दिखाई देगा तभी हमाा देश विश्व गुरु बन सकेगा। हमारे यहां से प्रतिभा का पलायन रुकना चाहिए। हमारे युवाओं को स्वदेशी और स्वालंबन की तरफ अग्रसर करने के लिए देश भर में स्वदेशी संकल्प दौड़ महायज्ञ का आयोजन होगा। सभी देश वासियों को अपने अपने स्तर पर सहयोग की आहुति डालनी चाहिए।

# हरियाणा सरकार ने एचसीएस परीक्षा पाठ्यक्रम में किया संशोधन

मुख्य परीक्षा में सामान्य अध्ययन के होंगे 4 पेपर

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश के शीर्ष प्रशासनिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करते हुए हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) एवं संबद्ध सेवाओं की परीक्षा के पाठ्यक्रम में व्यापक संशोधन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में गुरुवार को अधिसूचना जारी की गई है।

प्रारंभिक परीक्षा में अब कुल 400 अंकों के दो ऑब्जेक्टिव प्रश्न पत्र होंगे। प्रश्नपत्र-एक में (सामान्य अध्ययन) में सामान्य विज्ञान, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय समसामयिक घटनाएं, भारतीय इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय एवं विश्व भूगोल, भारतीय राजनीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति तथा तार्किक क्षमता से संबंधित विषय शामिल होंगे। इसमें हरियाणा की अर्थव्यवस्था, समाज, संस्कृति और भाषा से जुड़े पहलू भी अंतर्निहित रहेंगे।

प्रश्नपत्र-टू (सिविल सेवा अभिरुचि परीक्षा) में अभ्यर्थियों की समझ, तार्किक विवेचना, निर्णय क्षमता, समस्या समाधान, सामान्य मानसिक क्षमता, कक्षा 10 के स्तर की संख्यात्मक योग्यता तथा आंकड़ों की व्याख्या का परीक्षण किया जाएगा।

मुख्य लिखित परीक्षा में कुल छह डिस्क्रिप्टिव प्रश्नपत्र होंगे, प्रत्येक प्रश्न पत्र तीन घंटे और 100 अंक का होगा, जिससे कुल अंक 600 हो जाएंगे। इस संशोधन के तहत वैकल्पिक विषय प्रणाली को समाप्त कर सामान्य अध्ययन के चार प्रश्नपत्र शामिल किए गए हैं।

## पुलिस भर्ती के चाहवानों को आज ऑनलाइन जवाब देगा एचएसएससी

आयोग चेयरमैन देंगे भर्ती संबंधी सवालों के जवाब

प्रदेश भर के हजारों युवाओं ने भेजे हैं आयोग को सवाल व सुझाव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से होने वाली भर्तियों को लेकर अभ्यर्थियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए शुक्रवार को आयोग द्वारा ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया जा रहा है। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह इस सत्र में युवाओं के सवालों के जवाब देंगे।

आयोग ने भर्ती के लिए कुल 5500 पद निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 4500 पद पुरुष कांस्टेबल, 600 पद महिला कांस्टेबल तथा 400 पद हरियाणा रेलवे पुलिस के लिए हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 जनवरी 2026 से प्रारंभ होकर 25 जनवरी 2026 की रात्रि 11ः59 बजे तक चलेगी।

इस भर्ती में आवेदन के संबंध में युवाओं को आ रही दिक्कतों के मद्देनजर आयोग के चेयरमैन ने हालही में युवाओं से सवाल पूछते हुए सुझाव मांगे थे। युवाओं के सवालों के आधार पर आयोग ने भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले कई तरह के बदलाव किए हैं। अब आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह शुक्रवार को इसके लिए ऑनलाइन सत्र का आयोजन करने जा रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नौ जनवरी को दोपहर 1.15 बजे से वह लाइव होकर युवाओं की समस्या तथा सुझाव के बारे में बात करेंगे और अब तक आए सवालों के उत्तर भी देंगे।

## गारमेंट्स की दुकान में चोरी, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

**जीरकपुर (अप्रस)।** ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी दिलराज कौर की गारमेंट्स की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनकी ÷साहिबा कलेक्शन÷ नामक गारमेंट्स की दुकान सेट सोल्जर्स पंजाब पब्लिक स्कूल, लोहगढ़ रोड, जीरकपुर के पास स्थित है। दिलराज कौर के अनुसार, 19 दिसंबर 2025 को वह रोज़ की तरह शाम करीब 8 बजे दुकान बंद कर अच्छी तरह ताले लगाकर अपने घर चली गई थीं। अगले दिन 20 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 10 बजे जब वह दुकान पर पहुंचीं तो देखा कि दुकान के शटर के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर जांच करने पर पता चला कि दुकान से सर्दियों के कपड़े, लेडीज सामान सहित काफी मात्रा में स्टॉक चोरी हो चुका था। पीड़िता ने आसपास पूछताछ भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। प्रारंभिक जांच में यह चोरी 19/20 दिसंबर 2025 की मध्यरात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा की गई प्रतीत होती है। पीड़िता के बयान के आधार पर थाना जीरकपुर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) और 305 के तहत अज्ञात व्यक्ति/व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# गुरु साहिबानों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों पर भाजपा का तीखा विरोध

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 8 जनवरी।** जीरकपुर में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी मार्लेना के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आतिशी मार्लेना का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन गुरु साहिबानों को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में किया गया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना रोष जाहिर किया।

इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने की। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता इकबाल सिंह ललपुरा, भाजपा पंजाब प्रदेश सचिव संजीव खन्ना और जिला अध्यक्ष संजीव वशिष्ठ विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदर्शन स्थल पर एकत्रित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि सिख समुदाय की धार्मिक आस्था और गुरु साहिबानों की गरिमा के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा नेता संजीव खन्ना और संजीव वशिष्ठ ने अपने संयुक्त संबोधन में कहा कि जब आम आदमी पार्टी को वोटों की जरूरत होती है, तब उन्हें पंजाब के गुरु और पीर-फकीर याद आते हैं, लेकिन जब उनका स्वार्थ पूरा हो जाता है तो आप के नेता गुरु साहिबानों की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने से भी नहीं चूकते। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सिख समुदाय की आस्था को ठेस पहुंचाने वाली किसी भी टिप्पणी को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा।

भाजपा नेताओं ने दिल्ली विधानसभा के स्पीकर से मांग की कि जब तक आतिशी मार्लेना सार्वजनिक रूप से गुरु साहिबानों को लेकर की गई टिप्पणी पर माफी नहीं मांगतीं, तब तक उन्हें दिल्ली विधानसभा में प्रवेश न करने दिया जाए।

इस दौरान राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष इकबाल सिंह ललपुरा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा गुरु साहिबानों के प्रति इस तरह की भाषा का प्रयोग बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल भारतीय जनता पार्टी का नहीं है, बल्कि पंजाब का कोई भी व्यक्ति ऐसी बेअदबी को बर्दाश्त नहीं करेगा। इकबाल सिंह ललपुरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक आतिशी मार्लेना गुरु साहिबानों के संबंध में की गई टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगतीं, तब तक भारतीय जनता पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

इस प्रदर्शन में गुरदर्शन सैनी, मनप्रीत बन्नी संधू, एसएमएस संधू, रविंदर राणा, पवन धीमान, सतपाल बंसल, सुधीर कांटीवाल, मुकेश शर्मा, राधे श्याम, गणेश शर्मा, रविंदर वैष्णव सहित कई अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Sr. No. | Auction Catalogue No. | Description | Lot Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-EFF-110173-7-25-1 | ट्रेन संख्या 22451/22452 (सीडीजी–बीडीटीएस एक्सप्रेस) के बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 21.01.2026 12:00:00 |
| 2 | ADVT-EFF-141603-6-25-1 | ट्रेन संख्या 14521/14522 (डीएलआई-यूएमबी एक्सप्रेस) और 14507/14508 (डीएलआई-एफकेए एक्सप्रेस) के बाहरी हिस्से पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन के लिए स्थान | 21.01.2026 12:00:00 |
| 3 | ADVT-UMB-DUI-OH- 327-25-1 | धुरी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 27 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 4 | ADVT-UMB-SIR-OH- 331-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 15 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 5 | ADVT-UMB-NLDM- OH-333-25-1 | नंगल डैम रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 6 | ADVT-UMB-UBC-OH- 329-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 10 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 7 | ADVT-UMB-ANSB- OH-334-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 8 | ADVT-UMB-AADR- OH-335-25-1 | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 12 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 9 | ADVT-UMB-SAG-OH-326-25-1 | संगरूर रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 14 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 10 | ADVT-UMB-RPJ-OH- 330-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 09 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 11 | ADVT-UMB-YJUD-OH- 340-25-1 | यमुना नगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार, लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल मात्रा 11 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5'x1.5'x1.5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 12 | ADVT-UMB-BTI-OSD-338-25-1 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर 10 फीट x 8 फीट क्षेत्रफल की एक वीडियो वॉल के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 21.01.2026 12:00:00 |
| 13 | ADVT-UMB-RPJ-OSD-337-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 20 फीट x 3.5 फीट क्षेत्रफल की एक वीडियो वॉल के रूप में वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) | 21.01.2026 12:00:00 |
| 14 | ADVT-UMB-PTA-OSD- 336-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन के पुराने प्रतीक्षालय की सामने की दीवार पर 112 वर्ग फुट के 02 वीडियो वॉल (प्रत्येक 14'x8') और स्टेशन भवन के बाहर 112 वर्ग फुट का एक वीडियो वॉल (14'x8') के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (डिजिटल) तीन वर्षों की अवधि के लिए। (विज्ञापन का कुल क्षेत्रफल 336 वर्ग फुट है।) (साइट प्लान के अनुसार) | 21.01.2026 12:00:00 |
| 15 | MSS-UMB-UBC-MCK-57-25-1 | अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 16 | MSS-UMB-YJUD-MCK-64-25-1 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 17 | MSS-UMB-RPJ-MCK-60-25-1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 18 | MSS-UMB-UMB-MCK-65-25-2 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 90 वर्ग फुट के साथ नौ (09) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 19 | MSS-UMB-BTI-MCK-58-25-1 | बठिंडा रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 70 वर्ग फुट के साथ सात (07) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 20 | MSS-UMB-SRE-MCK-61-25-1 | सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 60 वर्ग फुट के साथ छह (06) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 21 | MSS-UMB-ABS-MCK-56-25-1 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 30 वर्ग फुट के साथ तीन (03) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 22 | MSS-UMB-PTA-MCK-59-25-1 | पटियाला रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 23 | MSS-UMB-SIR-MCK-63-25-1 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 24 | MSS-UMB-SML-MCK-62-25-1 | शिमला रेलवे स्टेशन पर कुल डिस्प्ले क्षेत्रफल 40 वर्ग फुट के साथ चार (04) "बैक–लिट मोबाइल चार्जिंग कियोस्क" की स्थापना के लिए अनुबंध का आवंटन। | 21.01.2026 12:00:00 |
| 25 | MSS-UMB-ANSB-PSKsk-53-25-1 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर कुल क्षेत्रफल 64 वर्ग फुट की पूजा सामग्री की दुकान/कियोस्क स्थापित करने और संचालन के लिए अनुबंध का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | 21.01.2026 12:00:00 |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 85/26

AP-7124


## कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में जुटे रामचंद्र जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 8 जनवरी।** हैफेड के पूर्व डायरेक्टर एवं समाजसेवी रामचंद्र जडौला वर्षो से सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर मानवता की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। कैथल जिले के गांव जडौला निवासी रामचंद्र जडौला ने कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रामचंद्र जडौला कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण के लिए जाने जाते हैं। वे जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कांग्रेस के धरनों, प्रदर्शनों, आंदोलनों, सेमिनारों और कार्यक्रमों में लगातार बढ़-चढकर भाग लेते हुए अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराते रहे हैं। पार्टी के प्रति उनकी लगन, मेहनत और निस्वार्थ सेवा को देखते हुए कांग्रेस हाईकमान द्वारा उन्हें कई बार सम्मानित करते हुए पीठ थपथपाई जा चुकी है। समाजसेवा के क्षेत्र में भी रामचंद्र जडौला का योगदान उल्लेखनीय रहा है। वे हैफेड के पूर्व डायरेक्टर होने के साथ-साथ बर्फानी सेवा मंडल कैथल की ढांड ब्रांच के अध्यक्ष हैं और अनेक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। मानवता की सेवा के कार्यों में वे सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हुए जरूरतमंदों की सहायता के लिए दो कदम आगे रहते हैं। आज कैथल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामचंद्र जडौला ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही हैं और जीवनभर निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को गांव-गांव और बूथ स्तर तक मजबूत व सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।


grtr mh॥l erlA॥ fvlpm॥t AQ॥rtl, mh॥lI[ gm॥f॥, As e As ngr[ (jnqk scn॥)

mk॥n n: Al A॥el jl 1314/22, sktr-65, As e As ngr d Al॥tl Smt. Manjit Kaur W/o Gurpal Singh v l॥ Smt. Devki Devi W/o Kishan Singh n A॥px॥ mKiqA॥r A॥m inXkq klq॥ igA॥ h j ik sb-rijstr॥r cflgV d dPqr iv-c vslk॥ n: 5045, bhl n: 4, imql 29-10-1993 r॥hl॥ rijstrf klq॥ h[

rx ies mKiqA॥r A॥m d A॥Dr q Smt. Devki Devi W/o Kishan Singh n akq mk॥n SONI D/o NAIN SINGH and MONI DEVI W/O SONI d n॥ q vcx dl pv॥ngl lx lel dsq॥vj pql bnql imql 01-01-2026 f id-ql h[ hx ieh ks imlK APsr (h) gm॥f॥ dPqr iv-c ivc॥r ADln h[ ies lel akq mk॥n n. Al A॥el jl 1314/22, sktr-65, As e As ngr f vcx dl pv॥ngl dx q॥ pihl॥ sB A॥m Aq K॥s f sicq klq॥ jl॥d॥ h ik ies b॥r iks f kel ieqr॥j hv q॥ ies ivigA॥pn dl imql q॥ 15 idn॥ d Adr-Adr A॥px॥ ieqr॥j sprft (h) gm॥f॥ As e As p॥s ilKql rp iv-c d skd॥ h[ insicq imql Aq sm॥ q॥ bAd p॥pq he ieqr॥j॥ q kel ivc॥r nhl॥ klq॥ j॥vg॥ Aq akq rijstrf jl pl e d A॥Dr q mk॥n n: Al A॥el jl 1314/22, sktr-65, As e As ngr f vcx dl A॥igA॥ akq ibnk॥r d n॥ j॥rl kr id-ql j॥vgl[

sprft (h) gm॥f॥, As e As ngr[



**उत्तर रेलवे**

**अभिरुचि पत्र (EOI) आमंत्रण सूचना**

**Engg-01/Beautification/2025-26 Date 07.01.2026**

निविदा संदर्भ क्र.- 437-W/369/Beautification/25-26 and 473/01/Beautification/AADR/25-26

"रेलवे क्षेत्र/परिसर के सौंदर्यीकरण संबंधी नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार, उत्तर रेलवे का अंबाला प्रभाग चंडीगढ़ और अंब–अंदौरा रेलवे स्टेशनों पर रेलवे क्षेत्र/परिसर/मार्गों के सौंदर्यीकरण के लिए कम ऊंचाई वाले वृक्षारोपण हेतु पात्र एजेंसियों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।"

| | |
|---|---|
| ईओआई प्रतिक्रिया की अंतिम तिथि | • AADR AND CDG :-15.01.2026 up to 15:00 hrs |
| ईओआई पर प्रस्ताव/प्रतिक्रिया, यहां भेजी जानी चाहिए | • For CDG: srden1.ambala@gmail.com<br>• For AADR: srden4umb@gmail.com And sseworksland@gmail.com<br>स्पीड पोस्ट या ईमेल के माध्यम से प्रतिक्रियाओं की हार्ड कॉपी, उपरोक्त अंतिम तिथि को या उससे पहले 15.00 बजे तक निम्नलिखित पते पर पहुंच जाए :– सीनियर डीईएन–I और IV, इंजीनियरिंग विभाग, डीआरएम कार्यालय, उत्तर रेलवे, अंबाला डिवीजन, हरियाणा-133001 |
| ईओआई डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट | https://nr.indianrailways.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 98/2026

AP-7125


# बलटाना में दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला के कान से सोने की बाली झपटकर भागे बदमाश

एक्टिवा पर सवार दो नकाबपोश युवक फरार, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई वारदात

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 8 जनवरी।** बलटाना के सैनी विहार फेज-1 इलाके में दिनदहाड़े झपटमारी की वारदात सामने आई है, जिससे इलाके के लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। जानकारी के अनुसार सैनी विहार फेज-1 निवासी जसविंदर कौर (उम्र करीब 60 वर्ष) दोपहर करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच विशाल डेयरी की ओर जा रही थीं।

इसी दौरान पीछे से ग्रे रंग की एक्टिवा पर सवार दो युवक, जिनके चेहरे रुमाल से ढके हुए थे, बुजुर्ग महिला के पास पहुंचे और अचानक उनके कान से पहनी करीब 7 ग्राम वजन की बाली में से साढ़े 3 ग्राम की एक बाली झपटकर मौके से फरार हो गए। वारदात इतनी तेजी से हुई कि पीड़िता कुछ समझ पाती, उससे पहले ही आरोपी भाग निकले।

घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने बलटाना पुलिस चौकी में इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को संदिग्ध व्यक्ति या ग्रे रंग एक्टिवा के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। वहीं, इस घटना के बाद इलाके की बुजुर्ग महिलाओं में डर का माहौल देखा जा रहा है और लोगों ने गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## पेज नंबर-1 का शेष

### अब उन्हें दफ्तरों...

चार साल के शासन के बाद जनता की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने कहा के अक्सर कहा जाता है कि चार साल बाद सत्ता विरोधी लहर तेज हो जाती है और लोग किसी न किसी कारण से नाराज हो जाते हैं। हमसे पहले कांग्रेस की सरकार थी और उससे पहले शिरोमणि अकाली दल की सरकार। चार साल बाद उन्हें इतनी बदसलूकी का सामना करना पड़ता था कि शायद ही कांग्रेस सरकार ने कभी किसी सार्वजनिक सभा में लोगों के सामने माइक रखने की हिम्मत की हो और कहा हो कि लो जो मर्जी बोलो। अगर कांग्रेस सरकार ने ऐसा किया जाता तो गालियों की बौछार हो जाती। यदि अकाली दल की सरकार के दौरान ऐता होता तो माइक वापस ही नहीं आता। भाव बहुत बहुत दुर्व्यवाहर होता। आज मैंने बहुत ध्यान से सुना और लोगों को यह कहते सुना कि चार सालों में अच्छा काम हुआ है अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब तक हमारे देश में व्यापारियों और कारोबारियों को बहुत नकारात्मक नजरिए से देखा गया। कोई भी सरकार या पार्टी सत्ता में रही हो, सभी ने व्यापारियों को चोर समझा। हर सरकार सोचती है कि वे चोर है और उन्हें लूटा जाना चाहिए। सरकारें टैक्स के जरिए पैसा वसूलती रहीं। मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था को हम एक झटके में नहीं बदल सकते, लेकिन मैं प्रार्थना करता हूँ कि एक दिन केंद्र में हमारी सरकार बने और हम आपको जीएसटी से मुक्ति दिलाएँ। देश में एक तरह का टैक्स आतंकवाद चल रहा है। एक तरफ सरकार टैक्स के जरिए आपको निचोड़ती है और दूसरी तरफ राजनीतिक पार्टियाँ चुनावों के दौरान दान के नाम पर आपसे पैसा मांगती हैं और पांच सालों के लिये रिश्वत लेने के लिये याद करती हैं। सभी सरकारों ने व्यापारियों को चोर मानती रही हैं, लेकिन हम ऐसा नहीं सोचते। 'आप' प्रमुख ने कहा, फ्रकोई भी देश तब तक तरक्की नहीं कर सकता, जब तक वह अपने सबसे छोटे दुकानदार की रक्षा नहीं करता और उसे सुविधाएँ नहीं देता। सरकारें बड़े निवेश की बात करती हैं, तीन हजार, चार हजार या दस हजार करोड़ के उद्योगों की। यह जरूरी है, होना भी चाहिए लेकिन किराने, कपड़े, ब्रेड, टाइल्स की दुकानों और छोटे बाजारों के दुकानदारों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। पहली बार ऐसी सरकार आई है जहाँ छोटे दुकानदार को यह सोचने की जरूरत नहीं कि सिफारिश या रिश्वत से काम कराना पड़े। यह व्यवस्था अब बंद होनी चाहिए। नीति स्तर के मुद्दों पर बोलते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, फ्रकुछ समस्याएँ नीति स्तर की होंगी, जिन पर ये कमेटियाँ राज्य सरकार को सिफारिशें देंगी और फिर उनका समाधान किया जाएगा, जिसमें नए नीति सुझाव भी शामिल होंगे।

# वायलेशंस पर राहत देंगे लेकिन ध्यान रखेंगे कि शहर का स्वरूप न बिगड़े : कटारिया

मीट द प्रेस कार्यक्रम में चंडीगढ़ प्रेस क्लब पहुंचे प्रशासक

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा





चंडीगढ़ सेक्टर 27 प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गवर्नर गुलाब चंद कटारिया। फोटो अजीत कौशल

**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मीट द प्रेस कार्यक्रम के दौरान पहुंचे पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब व चंडीगढ़ के मुद्दों को लेकर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श किया जा रहा है और पूरी कोशिश है कि इन मुद्दों का जनता की आशाओं के अनुरूप हल निकाला जाए। लेकिन साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी भी तरह शहर का स्वरूप न बिगड़े।

लीजहोल्ड से फ्री होल्ड की मांग पर प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि पूरे शहर में यह समस्या है। चाहे मसला उद्योगपतियों का हो या फिर व्यापारियों का। इंडस्ट्री, दुकानदारों या रिहायशी इलाकों में जो वायलेशंस की गई हैं, उनके नोटिस प्रशासन की ओर से दिये जा रहे हैं। सुचारू तौर पर इंडस्ट्री चलाने में इंडस्ट्रियल यूनिटों को बहुत सी अड़चनें आ रही हैं। इंडस्ट्री सर्वाइव नहीं कर पा रही। यही वजह है कि दूसरे राज्यों को पलायन हो रहा है। 5 हजार से ज्यादा नोटिस इसके तहत दिये गये जिन्हें कम करके ढ़ाई हजार किया गया है लेकिन इसके साथ यह भी देखा जा रहा है कि शहर का मूल स्वरूप न बिगड़े। इसके अलावा लाल डोरे की एक अन्य समस्या है। इसके समाधान की दिशा में काम किया जा रहा है। मनीमाजरा में 24 गुणा 7 प्रोजेक्ट को लेकर उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में यह प्रोजेक्ट शुरू करना संभव नहीं है। शहर को फिलहाल ठीकठाक पानी मिल रहा है। मनीमाजरा प्रोजेक्ट को लेकर कंपनी की ओर से बताया गया कि 27 प्रतिशत पाइपलाइनें बदली जाएंगी। ऐसे संभव ही नहीं है क्योंकि इससे तो पांच साल के लिये पूरा शहर ही खुद जाएगा। लोग परेशान होंगे। शहर में खराब पेयजल पाइपलाइनों को लेकर उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग विभाग ऐसी जगहों को चिन्हित कर रहा है। जहां जरूरत होगी पाइपलाइन तुरंत बदली जाएगी। इंदौर जैसी स्थिति न बने लिहाजा सीवर के साथ पाइपलाइनों की समीक्षा की जाएगी ताकि जहां लीकेज हो उसे तुरंत ठीक किया जा सके। ऐसी समस्या कई शहरों में है। गांव के विकास को लेकर भी उन्होंने कहा कि धनास, मनीमाजरा जैसी पॉकेट में वह समस्याएं सुलझाने को गये हैं। आगे भी प्राथमिक तौर पर यह प्रयास जारी रहेगा। वेंडरों की समस्या पर उन्होंने कहा कि जो अधिकृत वैंडर हैं उन्हें लाइसेंस दिये गये हैं। तय साइटों पर जाने की उन्हें हिदायत है। कुछ वैंडर तय साइट पर कारोबार न होने की समस्या बता रहे हैं लिहाजा उसका भी ध्यान किया जा रहा है। उन्हें अच्छी साइट मिले, इस पर विचार किया जा रहा है।

आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रशासक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के मुताबिक ही प्रशासन काम कर रहा है। कुत्तों को पकड़ कर शैल्टर हाऊस में ले जाया जाएगा जहां उनके लिये सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह विकट समस्या है। सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक इसके दोनों पक्षों का ख्याल रख रास्ता निकालना होगा। प्रशासक को प्रेस क्लब के प्रधान सौरभ दुग्गल, महासचिव राजेश ढल्ल व अन्य पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### ऐसा मैकेनिज्म बनाना होगा कि वारदात करते ही राज्य की सीमा में दबोचे जायें गैंगस्टर

पंजाब में गैंगस्टर वॉर व विभिन्न आपराधिक गतिविधियों को लेकर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि डीजीपी से इसको लेकर उनकी बातचीत हुई है। उन्हें कहा गया है कि केवल गैंगस्टरों को पकड़ लेना या कार्रवाई कर देना ही सही नहीं है। एक ऐसा मैकेनिज्म बनाना होगा जिसमें वारदात करते ही वह राज्य की सीमा के भीतर ही दबोचे जाएं। पुलिस के पास आज ऐसी व्यवस्था है कि इन गैंगस्टरों या आपराधिक कृत्य को अंजाम देने वाले को भागने न दिया जाए। अगर ये भागता है तो पुलिस को चुनौती देता है। यह समस्या बड़ी है लेकिन पुलिस सक्षम है और उसी अनुरूप कार्रवाई करेगी। चंडीगढ़ में मुलाजिमों व अधिकारियों की 60 :40 की रेशो को लेकर उन्होंने कहा कि कोशिश संतुलन बनाने की रहती है। पंजाब से ही आगामी एसएसपी लगाया जाएगा। जो स्थान हरियाणा का है उसी को मिलेगा। कैडर को लेकर किसे कहां तैनात करना है यह भी केंद्र का निर्णय रहता है। डेपूटेशन पर लगाये गये कर्मचारियों को लेकर उन्होंने कहा कि लोग आते दो तीन साल के लिये हैं लेकिन यहां सात-आठ साल या इससे भी ज्यादा समय गुजार देते हैं। प्रशासन ऐसे मुलाजिमों के खिलाफ कठोर कदम नहीं उठाना चाहता। कानूनी सीमा समाप्त होने के बाद ऐसे मुलाजिमों की वापसी होनी चाहिए। चंडीगढ़ को पंजाब की राजधानी घोषित करने व पंजाब-हरियाणा के बीच पानी के मुद्दों को लेकर उन्होंने कहा कि यह केंद्र का विषय है लिहाजा उनका इसमें कोई दखल नहीं लेकिन पानी के मुद्दे पर उन्होंने पंजाब व हरियाणा के मुख्यमंत्रियों को बिठाने की पहल जरूर करी थी लेकिन अभी तक यह कोशिश सफल नहीं हो पाई है। प्रयत्न जारी हैं, शायद कोई रास्ता निकल पाए।

### जनजागरण से ही दूर होगी नशे की समस्या

नशों पर लगाम लगाने को लेकर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि ये बात सही है कि अभी इस समस्या पर पूरी तरह काबू नहीं पाया गया है लेकिन युद्ध नशे के विरुद्ध सरकार की भी कोशिश जारी है। 23 हजार नशा बेचने वालों को गिरफ्तार किया गया है। उनसे करोड़ों रुपये का नशा पकड़ा गया है। यह अकेले कानून से समाप्त नहीं होगा बल्कि जनजागरण से आने वाली पीढ़ी को इस दलदल से बचाया जा सकता है। धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का लोगों पर ज्यादा प्रभाव होता है। उन्हें नशे के खिलाफ आगे आना होगा। उम्मीद है कि इससे सफलता मिलेगी। भ्रष्टाचार की समस्या पर उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने इसको लेकर बदलाव किये हैं। अब डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक अकाउंट में पैसा पहुंच रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### इनोवा गाड़ी का शीशा तोड़कर नकदी और कीमती सामान पर किया हाथ साफ, मामला दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** शातिर चोरों ने थाना 17 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत पार्किंग में खड़ी इनोवा गाड़ी का शीशा तोड़कर नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पंजाब के नाभा निवासी संजय गोयल ने पुलिस को बताया कि वह इनोवा गाड़ी में सवार होकर सैक्टर 17 में किसी काम से आए थे। उन्होंने इनोवा गाड़ी सैक्टर 17 स्थित नजदीक एम्पायर स्टोर की पार्किंग में खड़ी की थी। जब वह कुछ देर बाद वापिस आ तो देखा कि इनोवा गाड़ी का विंडो ग्लास टूटा हुआ है।और गाड़ी में रखा बैग जिसमें 25 हजार रुपए की नकदी,डेल लैपटॉप,और कीमती कागजात गायब थे। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो को भी खगाल रही है।

### डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने सेक्टर 20 की मठ मंदिर ग्रीन बेल्ट में फाउंटेन नवीनीकरण का किया शुभारंभ



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** सेक्टर 20 स्थित मठ मंदिर वाली ग्रीन बेल्ट में वर्षों से बंद और जर्जर हालत में पड़े फाउंटेन के नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ आज डिप्टी मेयर व एरिया पार्षद तरुणा मेहता ने किया। इस फाउंटेन के बंद रहने से क्षेत्र की सुंदरता प्रभावित हो रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए इसके पुनर्निर्माण का निर्णय लिया गया। नवीनीकरण के बाद फाउंटेन को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। इसमें कलरफुल लाइट्स लगाई गई हैं तथा यह सुबह और शाम भजनों की मधुर धुनों के साथ संचालित होगा, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक और शांत वातावरण बनेगा। डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने इस फाउंटेन को क्षेत्र के लोगों को समर्पित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय निवासियों की विशेष मौजूदगी रही, जिन्होंने वर्षों बाद फाउंटेन के पुनर्जीवन पर प्रसन्नता व्यक्त की। डिप्टी मेयर ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

# विशेष फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं ने राज्यपाल से की भेंट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए) द्वारा आयोजित विशेष फाउंडेशन कोर्स 2025 के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी प्रशिक्षुओं ने आज पंजाब लोक भवन में पंजाब के माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर डॉ. अनिरुद्ध तिवारी, आईएएस, विशेष मुख्य सचिव, पंजाब सरकार एवं महानिदेशक, महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए) ने जानकारी दी कि एमजीएसआईपीए, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए), मसूरी के सहयोग से वर्ष 2021 बैच के अधिकारियों के लिए 10 सप्ताह का विशेष फाउंडेशन कोर्स आयोजित कर रहा है।

यह कोर्स 3 नवंबर 2025 को प्रारंभ हुआ और 9 जनवरी 2026 को संपन्न होगा। यह पहली बार है जब एमजीएसआईपीए, एलबीएसएनएए, मसूरी की ओर से इस प्रकार का विशेष फाउंडेशन कोर्स आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय एवं केंद्रीय सेवाओं के कुल 32 अधिकारी प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं, जिनमें 12 आईपीएस, 4 आईएफएस, 4 आईआरएस (आईटी), 3 आईआरएस (सी एंड आईटी), 1 आईसीएएस, 1 आईपी एंड टीएएफएस, 3 आईपीओएस, 2 आईआईएस, 1 आईटीएस तथा 1 आईसीएलएस अधिकारी शामिल हैं। विभिन्न सेवाओं से आए इन अधिकारियों की भागीदारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को समृद्ध बनाया है और भारत की 'एकता में विविधता' की भावना को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित किया है।

इस अवसर पर डॉ. अनिरुद्ध तिवारी, आईएएस, विशेष मुख्य सचिव, पंजाब सरकार एवं महानिदेशक, एमजीएसआईपीए; श्री.पी. सिंह, प्रमुख सचिव, राज्यपाल, पंजाब; अमित ढाका, आईएएस, निदेशक, एमजीएस आईपीए तथा गुलशन, आईआरटीएस (सेवानिवृत्त), कार्यकारी निदेशक, एमजीएसआईपीए उपस्थित थे।

# मतदाता सूची की शुद्धता के लिए चंडीगढ़ में मैपिंग अभियान, जागरूकता की कमी बनी चुनौती

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़,, 8 जनवरी।** चंडीगढ़ में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत चल रहे मतदाता मैपिंग अभियान को लेकर आम जनता में अभी पर्याप्त जागरूकता नहीं देखी जा रही है। यह बात बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइज़रों के साथ आयोजित एक बैठक में सामने आई, जिसमें बताया गया कि कई नागरिक इस प्रक्रिया को ठीक से नहीं समझ पा रहे हैं और बीएलओ को आवश्यक जानकारी देने में संकोच कर रहे हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह मतदाता मैपिंग प्रक्रिया वर्ष 2025 के निर्वाचन डाटा को वर्ष 2002 की मतदाता सूचियों के साथ मिलान और सत्यापन करने के उद्देश्य से की जा रही है। इस अभ्यास का मुख्य लक्ष्य मतदाता सूचियों की शुद्धता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है, ताकि भविष्य में चुनावी प्रक्रिया अधिक सटीक और भरोसेमंद बन सके।

मतदाता मैपिंग अभियान फिलहाल सेक्टर-7, सेक्टर-18, सेक्टर-19, सेक्टर-20, सेक्टर-21, सेक्टर-26, बापूधाम कॉलोनी, सेक्टर-27 और सेक्टर-28 में चलाया जा रहा है। प्रशासन ने इन सभी क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि बीएलओ के दौरे के दौरान पूरा सहयोग करें और सही व सत्य जानकारी उपलब्ध कराएं।

प्रशासन ने यह भी भरोसा दिलाया है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह प्रशासनिक है और इससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। नागरिक स्वयं भी वर्ष 2002 की मतदाता सूची में अपना नाम भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट www.voter.eci.gov.in पर जाकर देख सकते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि मतदाता मैपिंग की सफलता जनसहयोग पर निर्भर है। नागरिकों से न केवल स्वयं सहयोग करने, बल्कि अपने आसपास भी इस प्रक्रिया को लेकर जागरूकता फैलाने की अपील की गई है। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए संबंधित बीएलओ से संपर्क करने अथवा निर्वाचन आयोग की हेल्पलाइन 1950 पर कॉल करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

# एमसी चंडीगढ़ व टेक महिंद्रा स्मार्ट ने पिंक एमआरएफ कर्मचारियों के लिए बेसिक मेडिकल ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह





**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ ने आज टेक महिंद्रा स्मार्ट के साथ मिलकर सेक्टर 25, चंडीगढ़ में पिंक मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) के कर्मचारियों के लिए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (CPR) और बेसिक मेडिकल केयर पर एक ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इस वर्कशॉप का उद्घाटन मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ डॉ. इंदरदीप कौर ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीवन बचाने की तकनीकों, खासकर बच्चों और युवाओं के लिए CPR, के साथ-साथ ज़रूरी बेसिक फर्स्ट-एड उपायों के बारे में जागरूकता पैदा करना और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देना था। सेशन के दौरान, प्रतिभागियों को इमरजेंसी रिस्पॉन्स, मेडिकल इमरजेंसी की शुरुआती पहचान और प्रोफेशनल मेडिकल मदद आने से पहले दी जाने वाली तुरंत देखभाल पर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और लाइव डेमो दिए गए। इमरजेंसी स्थितियों में समय पर और सही हस्तक्षेप के महत्व पर ज़ोर दिया गया।

अमित कुमार कमिश्नर, नगर निगम चंडीगढ़ ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे क्षमता-निर्माण कार्यक्रम फ्रंटलाइन और फील्ड स्टाफ के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि मेडिकल इमरजेंसी के दौरान समय पर और सही प्रतिक्रिया से कीमती जानें बचाई जा सकती हैं, और CPR और बेसिक फर्स्ट एड में ट्रेनिंग कर्मचारियों को गंभीर स्थितियों में प्रभावी ढंग से काम करने का आत्मविश्वास और कौशल प्रदान करती है।

कमिश्नर ने आगे कहा कि MCC टेक महिंद्रा स्मार्ट जैसे प्रतिष्ठित संगठनों के साथ सार्थक सहयोग के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों को मजबूत करने और निवारक स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस व्यावहारिक और प्रभावशाली प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए टेक महिंद्रा स्मार्ट और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि शहर भर में एक सुरक्षित, अधिक प्रतिक्रियाशील और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कार्यबल बनाने के लिए इसी तरह की वर्कशॉप नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी।

इस पहल का पिंक MRF कर्मचारियों ने स्वागत किया, जिन्होंने वर्कशॉप में सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रशिक्षकों द्वारा अपनाए गए जानकारीपूर्ण और व्यावहारिक दृष्टिकोण की सराहना की। ऐसे कार्यक्रम स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता और आपातकालीन तैयारियों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

टेक महिंद्रा स्मार्ट की इस सार्थक पहल के आयोजन के लिए प्रशंसा की गई, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और समुदाय के भीतर आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करने के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है।

# दो अलग मामलो में चाकू व कमानीदार चाकू रखने के मामले में तीन गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** यूटी पुलिस ने अलग अलग दो मामलों में चाकू और कमानीदार चाकू रखने के मामले में तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 26 पुलिस बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 26 स्थित पब्लिक टायलेट की पिछली साइड पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपियों को रोककर पूछताछ के दौरान उनकी तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी मौली जागरा निवासी धर्मेंद्र और मनी माजरा के रहने वाले साहिल के कब्जे से अलग अलग दो चाकू बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरे मामले में पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के डेरा बस्सी के रहने वाले करन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि बुधवार को थाना मौली जागरा पुलिस की टीम एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस मौली जागरा स्थित विकास नगर के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर उक्त आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# मनरेगा का नाम बदलने व उसके प्रावधानों से छेड़छाड़ के खिलाफ कांग्रेस की तैयारी बैठक संपन्न

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने तथा इसके मूल प्रावधानों से छेड़छाड़ किए जाने के विरोध में चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज सेक्टर-35 स्थित कांग्रेस भवन में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का नेतृत्व चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री एच.एस. लक्की ने किया। बैठक में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर 'वी. बी जी रामजी' करने तथा कानून के मूल उद्देश्य और प्रावधानों को कमजोर करने की मंशा की कड़े शब्दों में निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि महात्मा गांधी के विचारों और गरीब, मजदूर तथा ग्रामीण भारत के अधिकारों से जुड़ा हुआ कानून था। इसके नाम में बदलाव कर महात्मा गांधी के योगदान को कमतर आंकने का प्रयास स्वीकार्य नहीं किया जा सकता। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर करने के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इसी क्रम में 10 तारीख को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा एक विस्तृत प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी, जिसमें मनरेगा का नाम बदलने, उसके प्रावधानों से छेड़छाड़ और इससे गरीब एवं मजदूर वर्ग पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर विस्तार से पार्टी का पक्ष रखा जाएगा। इसके अलावा 11 तारीख को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सेक्टर-44/45 स्थित लेबर चौक पर एक जोरदार धरने का आयोजन किया जाएगा।

# हरियाणा रोडवेज के पीछे प्लाट नंबर 182/29 से 182/84 तक औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 चंडीगढ़ की वाटर सप्लाई लाइनें होंगी तब्दील

86.16 लाख रुपये का आयेगा खर्च

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** हरियाणा रोडवेज वर्कशॉप के पीछे प्लाटन नंबर 182/29 से 182/84 तक इंडस्ट्रियल एरिया फेज-एक, चंडीगढ़ में पुरानी क्षतिग्रस्त सीआई जल आपूर्ति पाइप लाइन की जगह 4 इंच/आईडी और 6 इंच आई/डी जलापूर्ति पाइपलाइन लगाने और बिछाने के लिए आरसीई अनुमानित लागत 68.16 लाख रुपये के कार्य होंगे।

हरियाणा रोडवेज वर्कशॉप के पीछे क्षेत्र में खासकर चंडीगढ़ के इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1 में प्लाट नंबर 182/29 से 182/84 तक काफी पहले लगाई गई मौजूदा कास्ट आयरन (सीआई) जलापूर्ति पाइन लाइनें अब अपनी उपयोगी जीवन अवधि के अंतिम सांस में पहुंच चुकी हैं। क्लोरीन वाले पानी के लगातार संपर्क में रहने के चलते कमजोर हो गई हैं। इसमें बार-बार लीकेज होने से दिक्कतें और खतरे ज्यादा बढ़ गये हैं। क्योंकि गहरी लाइनें अक्सर पेड़ की जड़ों के नीचे से गुजरती हैं इससे मरम्मत करनी तकनीकी रूप से कठिन और बेकार हो जाता है।

अधिकांश जगहों पर पाइप लाइनें अब मरम्मत से परे हो चुकी हैं और एक स्थायी समाधान की तुरंत आवश्यकता है। इसमें क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को रोकने के लिए नई 6 इंच आई/डी और 4 इंच आई/डी जलापूर्ति पाइपलाइनें बिछाना शामिल हैं। आम लोगों की शिकायतें भी आ रही हैं और वह लोग शीघ्र मामले को हल करने की मांग कर रहे हैं। इसलिए प्रभावित क्षेत्र के लिए आवश्यक फील्ड डेटा के अनुसार 100 मिमि (4 इंच) आई/डी डीआई क्लोरिन के 7 पाइप लाइन लगाने और बिछाने का अनुमान तैयार किया गया है। इनकी लंबाई लगभग 744 मीटर और 888 मीटर होगी। जलापूर्ति के सुचारू वितरण के लिए सीआई/डीआई स्पेशल, स्लूइस वालव, एनआरवी, मौजूदा जलापूर्ति नेटवर्क कनेक्शन बनाना, और अन्य सिविल कार्य आदि को भी अनुमान में शामिल किया गया है।

### पक्की रोड कट भी ठीक करने का प्रावधान

अनुमान में पक्की रोड कट को ठीक करने का प्रावधान भी शामिल किया गया है। 68.16 लाख रुपये का अनुमान जो विधिवत जांच और परखा गया है, को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है, ताकि इसे कैपिटल हेड : जलापूर्ति प्रणाली के संवर्धन (आगमेंटेशन आफ डब्ल्यू /एस सिस्टम) के अंतर्गत अनुमादन के लिए नगर निगम के विगत जनरल हाउस में रख गया था, और इसे ध्वनिमत के साथ पास भी किया जा चुका है। अत : 68.16 लाख रुपये का आरसीई एजेंडा, कैपिटल हेड : जलापूर्ति प्रणाली के संवर्धन के तहत विचार और अनुमोदन के लिए नगर निगम के जनरल हाउस के समक्ष रखा जा चुका है।

सम्पादकीय

# लावारिस कुत्ते सच में बन रहे समस्या, यथोचित उपाय जरूरी

निश्चित रूप से यह चिंता की बात है कि देश में लावारिस कुत्तों और पशुओं की वजह से दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है, वहीं लावारिस कुत्तों के काटने से पीड़ित हुए लोगों की संख्या भी बढ़ी है। कुत्तों का काटना अब जैसे सामान्य बात हो गई है, क्योंकि ऐसा होने पर चर्चा होती है, लेकिन फिर ज्यादा कुछ नहीं होता। लेकिन यह मामला अब तब पुरजोर गंभीरता मांग रहा है, जब सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए फिर से टिप्पणी दोहराई है कि सड़कों से लावारिस कुत्तों को हटाना होगा। इस दौरान इस पर भी गौर किया गया कि किस प्रकार लावारिस कुत्तों के शिकार मासूम बच्चे और महिलाएं बन रही हैं। गौरतलब है कि अपने बीते आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को इनसे निपटने का तरीका पूछा था, लेकिन ज्यादातर राज्यों की ओर से अभी तक सुप्रीम अदालत को इसकी जानकारी नहीं दी गई है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, पंजाब जैसे बड़े राज्यों की ओर से कोई हलफनामा नहीं दिया गया है। अदालत का निर्देश है कि लावारिस कुत्तों को शेल्टर में रखने के बजाय उनका टीकाकरण और नसबंदी करके उन्हें छोड़ जाए। हालांकि अब ताजा सुनवाई में सड़कों से लावारिस कुत्तों को हटाने को जरूरी बताया गया है। जाहिर है, इसमें कोई दो राय नहीं है कि लावारिस कुत्ते समस्या हैं, वे कब किस पर झपट पड़ें और काट लें, यह कोई नहीं जानता। हालांकि अगर उन्हें सड़कों, सार्वजनिक परिसरों से हटा दिया जाएगा तो फिर उन्हें रखा कहां जाएगा?

**सुप्रीम कोर्ट देश में लावारिस कुत्तों की वजह से पैदा हो रही समस्याओं के निवारण के लिए संजीदा है और इसकी निरंतर सुनवाई कर रहा है। बीते वर्ष सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकारों की ओर से इस संबंध में हलफनामे न देने पर चिंता व्यक्त की थी। इससे पहले 22 अगस्त को सुप्रीम अदालत ने लावारिस कुत्तों के संबंध में एक आदेश जारी किया था। हालांकि फिर सिरे से अदालत ने अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों से लावारिस कुत्तों को हटाने के आदेश दिए। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट राज्य में इस तरह का आदेश दे चुका है, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उसी आदेश का एक हिस्सा पूरे देश में लागू करने के आदेश दिए हैं।**

सुप्रीम कोर्ट देश में लावारिस कुत्तों की वजह से पैदा हो रही समस्याओं के निवारण के लिए संजीदा है और इसकी निरंतर सुनवाई कर रहा है। बीते वर्ष सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकारों की ओर से इस संबंध में हलफनामे न देने पर चिंता व्यक्त की थी। इससे पहले 22 अगस्त को सुप्रीम अदालत ने लावारिस कुत्तों के संबंध में एक आदेश जारी किया था। हालांकि फिर सिरे से अदालत ने अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों से लावारिस कुत्तों को हटाने के आदेश दिए। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट राज्य में इस तरह का आदेश दे चुका है, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने भी उसी आदेश का एक हिस्सा पूरे देश में लागू करने के आदेश दिए हैं। निश्चित रूप से लावारिस कुत्ते एवं अन्य पशु आज बहुत बड़ी समस्या बन चुके हैं। लावारिस कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और उनसे मौतों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। इसी प्रकार लावारिस पशुओं की सड़कों पर मौजूदगी भी समस्या बन चुकी है, उनकी वजह से जहां हादसे हो रहे हैं वहीं अनेक जगह तो ऐसे भी वाकये सामने आए हैं, जब लावारिस पशुओं ने लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

हालांकि प्रश्न अभी बरकरार है कि अगर इतनी बड़ी संख्या में लावारिस कुत्तों को हटा किसी जगह रखा जाता है तो क्या सच में किसी राज्य सरकार, उसके नगर निगम, नगर पालिका, परिषद के पास इतनी बड़ी जगह होगी कि सभी को वहां बंद रखा जा सके और उन्हें खाना मुहैया कराया जा सके। जाहिर है, अदालत का कार्य सिर्फ आदेश देना है और उस आदेश का पालन करवाना सरकार का काम है। लेकिन ताज्जुब इस बात का है कि बीते इतने वर्षों में किसी भी संस्था ने इसकी जरूरत नहीं समझी कि लावारिस कुत्तों और अन्य पशुओं के संबंध में कार्ययोजना का खाका तैयार किया जाए। तमाम राज्यों में लावारिस कुत्तों की नसबंदी के प्रोजेक्ट भी चलाए जाते रहे हैं। लेकिन इसमें भ्रष्टाचार के आरोप और मामले सामने आते रहे हैं। यह भी कहा जाता है कि नसबंदी के बावजूद लावारिस कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। एक तरह हम शहरों की सूरत बदलने की बात करते हैं, लेकिन वहीं लावारिस कुत्तों और पशुओं की रोकथाम के लिए कुछ भी ठोस करने की मंशा नहीं रख रहे होते हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को रेखांकित कर दिया है, जिससे सरकारों को इस पर विचार करने को मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि यह काम स्वाभाविक रूप से किए जाने का है, क्योंकि यह धरती सिर्फ इंसानों के लिए नहीं है, अपितु पशुओं के लिए भी ईश्वर ने इसे रचा है। आज जंगल खत्म हो रहे हैं और जानवर इंसानों की बस्तियों में दाखिल हो रहे हैं। लेकिन लावारिस कुत्ते और पशु आखिर कहां जाएं, क्योंकि वे तो हमेशा से इंसानी बस्तियों में, उनके इर्द-गिर्द रह रहे हैं।

जैसी नाच कूद, वैसी वार फेर

# पश्चिमी बंगाल में जीत की कसक पूरा करने के लिए बीजेपी, कांग्रेस के तरकश में कितने जिताऊ तीर

## 29 में जीत का परचम लहराने के लिए 26 में चुनावी जीत करनी होगी पक्की

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह, डीआईपीआरओआर

- क्यों बहुमत की तरफ झुक सकता है बीजेपी का चुनावी तराजू
- बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले, विशेष संघन पुनरीक्षण, बाबरी मस्जिद का निर्माण, बंगाल में घटी अतीत की घटनाएं और एंटी इंकबैंसी जैसे विषय बन सकते है टीएमसी की जीत में रोड़ा।
- कांग्रेस और वाम मोर्चा के प्रदर्शन पर भी रहेगी लोगों की नजरे
- कांग्रेस से खफा अधीर रंजन चौधरी चुनाव से पहले कर सकते है बड़ा चुनावी धमाका।

समाज में एक कहावत प्रचलित है कि जैसा प्रदर्शन होगा वैसा ही परिणाम सामने आएगा। इसे देसी अंदाज में यूं भी कह सकते है कि जैसी नाच कूद वैसी वार फेर। इस कहावत को किसी भी फील्ड से जोड़कर देखा जा सकता है, यदि राजनीतिक गलियारें को लेकर बात करें तो आने वाले कुछ महिनों में पश्चिमी बंगाल में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है। पश्चिमी बंगाल में पिछले डेढ़ दशक से सत्ता में बैठी टीएमसी अपनी जड़े जमाए हुए है। एक समय था जब वहां सीपीआई सीपीएम का शासन हुआ करता था। उन्होंने करीब 34 साल तक लगाकर राज किया। उसके बाद टीएमसी ने बड़े संघर्ष के बाद सत्ता पर कब्जा किया और ममता बनर्जी बंगाल की मुख्यमंत्री बनी।

लगभग पिछले 15 वर्षो से टीएमसी सत्ता में बैठी है। पिछले चुनाव में बीजेपी का प्रदर्शन टक्कर देने वाला रहा। तीन सीटों से उठकर बीजेपी 77 तक पहुंच गई। वर्ष 2026 के शुरूआत में पश्चिमी बंगाल में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है। वर्ष 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी या फिर कांग्रेस को बड़ी जीत हासिल करनी है तो 2026 से 2028 तक विभिन्न राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रदर्शन करना होगा। शुरुआती हवा से पता चला रहा है कि 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में टीएमसी और कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं रहने वाली। आसान रास्ता तो बीजेपी के लिए भी नहीं लेकिन बीजेपी का चुनावी विजय रथ हरियाणा,महाराष्ट्र और बिहार में जीतने के बाद अपना रूख पश्चिमी बंगाल ओर कर चुका है। बीजेपी और आरएसएस का मजबूत संगठन कंही भी जीत दिला सकता है। बंगाल में शुरुआती समीकरणों पर नजर डालें तो अबकी बार बीजेपी का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है। तीन राज्य जीतने के बाद एनडीए का हौसला पूरे यौवन पर है। टीएमसी को एंटी इंकम्बेंसी का डर भी सता रहा होगा। तीसरा बड़ा कारण पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जुल्म सितम पूरी दुनिया देख रही है। वहां पर हो रही घटनाओं को लेकर पूरा भारत गुस्से में है। पश्चिमी बंगाल असम कई राज्य बंगला देश के साथ लगते है। वहां हिंदुओं पर हो रहे हमलों के चलते पश्चिमी बंगाल का हिंदू वोटर लामबंद होता नजर आ रहा है। पश्चिमी बंगाल में अतीत में हुई घटनाएं इस बात की ओर इशारा करती है कि टीएमसी के विशेष वर्ग के लगाव के चलते हिंदू खुद



को हाशिए पर समझने लगे है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में।

यदि एनडीए को जीत की कसक मिटानी है तो साल 2026 में जीत की ऐसी मजबूत नीव तैयार करनी होगी, जिसमें कंही खोखलापन ना हो। तभी 2029 के लोक सभा चुनाव में फिर से जीत का बड़ा अभेद्य किला निर्मित कर सजाने में सफल होगें। पश्चिमी बंगाल, केरल और तामिलनाडु को छोड़कर लगभग सभी राज्यों में एनडीए हुंकारे मार रही है। यदि पश्चिम बंगाल में एनडीए अपनी सरकार बनाती है तो इसका असर तमिलनाडु और केरल में भी दिखाई देना स्वाभाविक है। ठीक उसी तरह जिस प्रकार हरियाणा और महाराष्ट्र की जीत का असर बिहार विधानसभा के चुनाव में दिखाई दिया। एसआई, विशेष संघन पुनरीक्षण के चलते भी बंगाल में लाखों वोट कट चुके है। मुस्लिम वोटर ही टीएमसी के कोर वोटर माने जाते है। मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर हुमायूँ कबीर के प्रयास भी टीएमसी के चुनावी गले की फांस बन सकते है। चूंकि ममता बनर्जी खुलकर बाबरी मस्जिद का विरोध नहीं कर रही। यही बात हिंदू वोटरों को लामबंद करती नजर आ रही है। एनडीए की चुनावी गाडी के बड़े योद्धा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,चुनावी रथ के गडवाले अमित शाह चुनावी शंखनाद से पहले ही चुनावी समर भूमि का मुआयना कर चुके है। चुनावी दंगल में टीएमसी को किसी भी प्रकार से कमजोर नही समझा जा सकता। जुझारू छवि का नेता ममता बनर्जी किसी भी मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। उनके अतीत में हुए चुनाव में मिली जीत से अंदाजा लगाया जा सकता है,वैसे जमीन से जुड़े सुवेंदु अधिकारी जैसे बीजेपी के बड़े नेता वहां बड़ा जनाधार रखते है। बात कांग्रेस की करें तो अधीर रंजन चौधरी बंगाल में कांग्रेस के बड़े कद्दावर नेता माने जाते है लेकिन पिछले कई वर्षो से कुछ अधिक सक्रिय दिखाई नही दे रहे। सूत्रों की मानें तो चुनाव से ऐन पहले वे बंगाल की राजनीति में कोई बड़ा धमाका कर सकते है। अंतर्कलह में उलझी कांग्रेस को बंगाल में जीत का जश्न मनाने के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। नही तो हाल हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार जैसा हो सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल विधानसभा का इतिहास 19वीं सदी के मध्य से आरंभ होता है। यह भारत के संवैधानिक विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। कोलकाता का इतिहास और महत्व किसी से छिपा नहीं है। प्रारंभिक चरण 1862 की बात करें तो पश्चिम बंगाल विधानमंडल का इतिहास अविभाजित बंगाल से जुड़ा है। इसकी शुरुआत 18 जनवरी, 1862 को भारतीय परिषद अधिनियम, 1861 के तहत एक 12-सदस्यीय विधान परिषद के रूप में हुई। सदस्यों की संख्या में विभिन्न भारतीय परिषद अधिनियमों, जैसे 1892, 1909 और 1919 के माध्यम से परिषद के सदस्यों की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि की गई। भारत सरकार अधिनियम,1935 के प्रावधानों के तहत, बंगाल प्रांतीय विधानमंडल में दो सदन बनाए गए विधान परिषद ,उच्च सदन और विधान सभा निम्न सदन। इस विधानसभा में कुल 250 सीटें हुई थीं। आजादी उपरांत 1947 में भारत के विभाजन के बाद, पश्चिम बंगाल ने एक द्विसदनीय विधानमंडल को अपनाया, जिसमें विधान सभा और विधान परिषद शामिल थे। सन 1969 में पश्चिम बंगाल विधान परिषद को विधान परिषद ,उन्मूलन अधिनियम, 1969 के माध्यम से समाप्त कर दिया गया, जिसके बाद यह एक सदनीय विधायिका बन गई। साल 1967 के विधानसभा चुनावों के बाद, पहली गैर-कांग्रेसी सरकार, संयुक्त मोर्चा का गठन हुआ। बाद के दशकों में राज्य की राजनीति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी और फिर तृणमूल कांग्रेस का प्रभुत्व रहा है। वर्तमान स्थिति की बात करें तो वर्तमान में, पश्चिम बंगाल विधानसभा एक सदनीय है, जिसमें 294 सीटें हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो वक्त की बदलती हवाएं बताएंगी लेकिन चुनावी तारीखों को एलान होने से पहले ही चुनावी शंखनाद तो हो ही चुका है। पश्चिमी बंगाल में चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न हो जाए यह बहुत बड़ी बात है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्वक चुनाव होने भी चाहिए यही तो वक्त की मांग है।

### अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## सिटी ब्यूटीफुल का एक रूप यह भी

चंडीगढ़। कड़कती सर्दी में एक 30-35 वर्ष की आयु का पुरुष गोद में 8-10 महीने का बच्चा उठाए, शहर के विभिन्न सेक्टरों में, नगर निवासियों को हाथ जोड़ जोड़कर, कभी पांव छू कर तो कभी मासूम बच्चे पर तरस और उसकी मासूमियत का वासता देकर भीख मांग कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर कौन सा पुण्य का काम कर रहा है? ज्ञातव्य है कि कुछ इसी तरह और अनेक अन्दाज से भीख मांगने का धंधा आजकल शहर में पूरे जोरों शोरों से चल रहा है। खूबसूरत शहर के बस अड्डे, सेक्टर 17 स्थित मार्किट, सिनेमा हॉल के बाहर तथा शहर की गली-गली हाथ में कटोरा लिए घूमते छोटे से लेकर बड़ी उम्र का यह वर्ग, जहां शहर की खूबसूरती पर दाग है वहीं समाज के लिए एक कलंक है जिससे नगर निवासियों को निजात दिलाने हेतु प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। शरीर से तन्दरुस्त दिखाई देने वाले इस लोगों की क्या मजबूरी है जो इन लोगों को दर दर भटकना पड़ता है और लोगों द्वारा बार-बार दुत्कारे और फटकारे जाने के बाद भी ये लोग किसी काम धंधे में क्या नहीं लग जाते। इस सवाल का जवाब शायद यही होगा कि ये एक ऐसा वर्ग है जो काम करना नहीं चाहता। 'बाबा' के नाम पे दे दो, अल्लाह के नाम पर दे दो भगवान तुम्हें खुश रखे, आप दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति करो। कुछ इसी अंदाज में अपने आशीर्वाद को कैश कराते फिरते है ये लोग। बृहस्पति बार और शनिवार को सेक्टर-17 के फुटबाल स्टेडियम के साथ लगते मैदान में एक लोहे के कटोरे में सरसों का तेल और एक बुत रखे आम देखें जा सकते है और शाम के वक्त इन लोगों द्वारा 10 से 20 रुपए तक कमा लिये जाते है। करीब 8 वर्ष की आयु के बच्चे को भीख मांगता देख, जब यह पूछा गया कि तुम्हारी क्या मजबूरी है? इस पर वे बड़ी मासूमियत से जवाब देता है कि वे 10 भाई बहन है। ये सभी शहर के अलग-अलग ठिकानों पर भीख मांगकर पेट पाल रहे है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1811 - जीन-पियरे ब्लैंचर्ड ने अमेरिका में गुब्बारे से पहली उड़ान भरी।
1873 - नेपोलियन तृतीय का निधन।
1911 - विश्व का पहला महिला गोल्फ टूर्नामेंट आयोजित हुआ।
1915 - दक्षिण अफ्रीका से वापसी के बाद महात्मा गांधी बम्बई पहुंचे।
1927 - पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन शुरू करने वाले सुंदरलाल बहुगुणा का जन्म।
1934 - अपनी आवाज के जादू से लाखों दिलों पर राज करने वाले पार्श्वगायक महेंद्र कपूर का जन्म।
1945 - भारत के स्वाधीनता सेनानी तथा राजनेता छोटूराम का निधन।
1963 - देश में स्वर्ण नियंत्रण उपायों की घोषणा।
1972 - इस बात का ऐलान किया गया कि वर्ष 1971 में फीचर फिल्मों के निर्माण के मामले में भारत दुनिया में पहले स्थान पर रहा। इस अवधि में यहां कुल 433 फीचर फिल्मों का निर्माण हुआ।
1982 - भारत का पहला वैज्ञानिक अभियान दल अंटार्कटिका पहुंचा।
2000- आईएएएफ वर्ल्ड अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हिमा दास का जन्म।
2001 - बांग्लादेश में हिंदुओं की संपत्ति लौटाने संबंधी विधेयक मंजूर।
2003 - भारतीय हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार एवं कवि क़मर जलालाबादी का निधन।
2005 - अराफात को 'फिलिस्तीनी लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन' के शीर्ष पद से हटाने के लिए चुनाव।
2007 - जापान में पहला राज्य मंत्रालय गठित हुआ।
2008 - श्रीलंका की सेना ने लिट्टे के नियंत्रण वाले इलाके को अपने कब्जे में लिया।
2009 - लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी को सार्वजनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए बेबी जान फाउंडेशन पुरस्कार के लिए चुना गया।
2010 - सीबीआई ने हरियाणा सरकार द्वारा रुचिका मामलें में जांच किए जाने का अनुरोध स्वीकार कर लिया।
2011 - ईरान एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त, 77 लोगों की मौत।

बोल ब्यूटीफुल

**केजेएस ढिल्लों:** मई में भारत के आपरेशन सिंदूर और अब वेनेजुएला में अमेरिका के आपरेशन एब्सोल्यूट रीजोल्व ने यही साबित किया है कि न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा, बलिक आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और जनता के हितों की सुरक्षा के लिए भी सशक्त सैन्य शक्ति होना बहुत आवश्यक है। आधुनिक समय में भी यही पुरानी वास्तविकता ही प्रासंगिक है।



**शिखर धवन:** बांग्लादेश में हिन्दू विधवा महिला से वीभत्स अत्याचार के बारे में पढ़कर बहुत दुख पहुंचा। किसी के विरुद्ध कहीं भी इस प्रकार का अत्याचार बिल्कुल अस्वीकार्य है यही प्रार्थना है कि पीड़िता को न्याय और आवश्यक सहायता मिले।

**अनुपम मिश्रा:** तेजस्वी यादव का भांजा दो वर्ष की सैन्य सेवा के लिए सिंगापुर फौज में जा रहा है, जबकि तेजस्वी और उनका परिवार यहां अग्निवीर योजना को बकवास बताते रहे है।

# मिथ्या चेतना का दर्शनशास्त्र

दैनिक अर्थ प्रकाश

भारत में 2026 के आरंभ में सार्वजनिक बहस नववर्ष के अनुशासन के साथ शुरू होनी चाहिए। हमें पड़ताल और तीखी आलोचनाओं का भी स्वागत करना चाहिए। लेकिन इस बात पर भी जोर देना चाहिए कि बहस के साथ जवाबदेही शामिल हो। कुल 1.4 अरब की आबादी वाले गणराज्य को निराशावाद से नहीं सुधारा जा सकता। रोजगार, उत्पादकता, निर्यात और समावेशन सबसे अच्छे समय में भी आसान नहीं होते। प्रगति डिजाइन, क्रियान्वयन, सुधार और परिमापन के नीरस मेल से आती है। नया साल निराशावाद को संशयवाद से अलग करने का भी क्षण है।

फ्रेडरिक नीत्शे ने 'बेयांड गुड एंड ईवल' में लिखा है: 'दार्शनिक को सिर्फ आलोचक या दर्शक होने के बजाय मूल्यों का सर्जक होना चाहिए। उसे तत्वचिंतन जीवन के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके नजरिए से करना चाहिए।' लोकनीति में इसी तरह के दृष्टिकोण की दरकार है। आलोचनाओं का स्वागत है। मगर ये साक्ष्य तथा एक जटिल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र का शासन चलाने की ज्वलंत बाधाओं से आबद्ध होनी चाहिए। जब संशयवाद एक भंगिमा बन जाए तो यह सुधार संभव बनाने वाली संस्थाओं में विश्वास को खत्म करता है। पिछले वर्षों में टिप्पणी की एक नई विधा सामने आई है। यह संदेह को सुसंस्करण के तौर पर पेश करती है। यह सुधार के कार्य को मजाक में तब्दील कर देती है। यह हर अपूर्ण परिवर्तन को स्थाई नाकामी के सबूत के तौर पर लेती है। यह उद्यमियों और निवेशकों में नियतिवाद को प्रोत्साहित करता है। विशेषज्ञता को तथ्यों के प्रति जवाबदेह बने रहना चाहिए।

मजबूत पेशेवर और शैक्षिक पृष्ठभूमि का दंभ भरने वाले कुछ टिप्पणीकारों का इस तरह की भंगिमा का सहारा लेना चिंता की बात है। इनमें से कुछ ऐसे टिप्पणीकारों को मैं जानता हूं जिनकी पहचान और विश्वसनीयता भारत पर आधारित है। लेकिन वे संभवत: ध्यानाकर्षण या अब सरकार का हिस्सा नहीं होने के बावजूद प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए देश के खिलाफ अनाप-शनाप बोल कर अपना कॅरियर बनाने की कोशिश में लगे हैं। उनका यह आरोप कि भारत के आंकड़े विशिष्ट तौर पर अविश्वसनीय हैं, हमारी विकास की दिशा के साथ मेल नहीं खाते। माल और सेवा कर (जीएसटी) के अंतर्गत टैक्स संग्रह में जो वृद्धि हुई और इसने अनुपालन की जिस संस्कृति को पैदा किया है वह एक दशक पहले नहीं थी। वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा। यानी औसतन प्रति माह 1.8 लाख करोड़ रुपए जीएसटी का संग्रह किया गया। डिजिटल भुगतान ने वित्तीय प्रदर्शन का एक और निशान छोड़ा है। नवंबर 2025 में यूपीआई के जरिए 26 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रकम के 20 अरब लेन-देन किए गए। ये वृहत और परखे जाने योग्य आंकड़े परिमापन, सत्यापन और तौरतरीकों में सुधार के लिए संभावना का विस्तार करते हैं।

कल्याण और समावेशन में परिमापित परिणाम इस नियतिवाद की और हवा निकाल देते हैं। नीति आयोग के राष्ट्रीय बहुआयामी निर्धनता सूचकांक के अनुसार 2013-14 और 2022-23 के बीच लगभग 24 करो? भारतीय बहुआयामी गरीबी से बाहर आ गए। अब बहुआयामी निर्धनता लगभग 30 प्रतिशत से घट कर तकरीबन 11 प्रतिशत रह गई है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) से डिलीवरी दुरुस्त हुई है। वर्ष 2025 में 45 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण हुआ। डीबीटी काल में धन के अपव्यय में कमी के जरिए 3.5 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रकम की बचत हुई। वित्तीय समावेशन 56 करोड़ से ज्यादा जन धन खातों के साथ अब सार्वजनिक अवसंरचना बन गया है। वित्तीय अनुशासन में सुधार के प्रभाव अब दिखाई देने लगे हैं। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की सकल गैरनिष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 2018 में 11.2 प्रतिशत से घट कर 2025 में 2.1 प्रतिशत रह गई है। यह सिर्फ खयाली पुलाव बनाने से नहीं हुआ। यह बैलेंस शीट्स की लगातार सफाई, सख्त निगरानी और एक ऐसे तंत्र को प्रतिबिंबित करता है जिसने सदाबहार ऋण और गुप्त हानियों की गुंजाइश को समय के साथ घटाया है। जब आलोचक कहते हैं कि शासन सुधार नहीं कर सकता तो यह आडंबरहीन कायाकल्प उनके लिए पहला जवाब है। भारत बड़े पैमाने पर निर्माण नहीं



कर सकता यह आरोप लगाने वाले मैन्युफैक्चरिंग परिवेश में हुए बदलावों को नज़रअंदाज़ करते हैं। उत्पादन-से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) कार्यक्रम के तहत, 14 क्षेत्रों में 2 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा का निवेश हुआ है जिससे 18 लाख करोड़ रूपए से ज़्यादा का अतिरिक्त उत्पादन और बिक्री हुई और 12 लाख से ज़्यादा लोगों को रोजगार मिला है। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र इसका सबसे सटीक उदाहरण है- साल 2024-25 में इलेक्ट्रॉनिक्स का कुल उत्पादन 11 लाख करोड़ रुपये के पार पहुँच गया। इसमें अकेले मोबाइल फोन का उत्पादन 5.5 लाख करोड़ रुपये रहा और मोबाइल का निर्यात लगभग 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया। ये दुनिया के सबसे कठिन क्षेत्र के बाजार की परीक्षा है जिसमें भारत सफल रहा है। साल 2024-25 में सामान और सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब अमरीकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। टैरिफ और संरक्षणवादी प्रतिक्रियाओं की इस दुनिया में साझेदार आपकी क्षमता के आधार पर फैसला करते हैं। भारत की स्थिति तब और मजबूत होती है जब दुनिया उसे एक ऐसे बाजार के रूप में देखती है जो बड़े पैमाने पर उत्पादन करता है और खरीदता भी है और अब देश ज़रूरी क्षेत्रों में भरोसेमंद तरीके से अलग-अलग तरह की आपूर्ति कर सकता है। किसी भी देश की प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति केवल एक योजना या एक मंत्रालय से नहीं आती, बल्कि यह बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स और प्रशासनिक सुधारों के मिले जुले प्रभाव का परिणाम होती है। भारत में यह सुधार औद्योगिक गलियारों, मालगाड़ियों की बेहतर कनेक्टिविटी, बंदरगाहों के बेहतर जुड़ाव और एक साथ काम करने वाले डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं, जिससे समय की बचत होती है। इसका मतलब यह नहीं है कि सभी बाधाएं खत्म हो गई हैं बल्कि महत्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने अब व्यवस्था बनाने, प्रक्रियाओं को आसान बनाने और बड़े पैमाने पर परिणाम देने की अपनी क्षमता को साबित किया है।

कृषि और ग्रामीण क्षेत्र में कमियां गिनाना और यह मान लेना आसान है कि कुछ भी ठीक नहीं हो सकता। अब नीति का रुख बदल गया है। अब सरकार का ध्यान सीधे तौर पर मदद पहुँचाने और ऐसी संपदा बनाने पर है, जो उत्पादकता और सम्मान दोनों बढ़ाती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण जल जीवन मिशन है, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12.5 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में नल से पानी का कनेक्शन पहुँचाया गया है। इससे न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, बल्कि परिवारों पर पानी भरने के बोझ कम हुआ है और समय की बर्बादी भी कम हुई है। विकास के लाभ सब तक पहुँचने की कहानी स्वास्थ्य, आवास और ऊर्जा के क्षेत्र में भी दिखाई देती है।

आयुष्मान भारत ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 42 करोड़ से ज़्यादा कार्ड जारी किए हैं, जिससे परिवारों को गंभीर बीमारियों के भारी खर्च नहीं करने पर आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ घर बनकर तैयार हो चुके हैं, जिससे परिवारों को न केवल अपनी संपत्ति मिली है बल्कि जीवन में आगे ब?ने का एक ठोस आधार भी दिया है। इसी तरह, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ से ज़्यादा एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे उन घरों तक स्वच्छ ईंधन पहुँचा है जो कभी धुएँ और कठिन परिश्रम के जाल में फंसे थे। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह वह व्यावहारिक आधार है जिस पर लोगों की आकांक्षाएँ और उनकी कार्यक्षमता टिकी है। भारत का संघीय ढांचा थोड़ा शोर-शराबे वाला ज़रूर है, लेकिन यह वक्त के साथ बदलना भी जानता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे कई राज्यों ने यह दिखा दिया है कि बेहतर कानून-व्यवस्था, परियोजनाओं की शीघ्र मंज़ूरी और अवसंरचना के निर्माण में निरंतर काम से निवेश और बेहतर नौकरियाँ मिल सकती हैं। केंद्र सरकार ने इस प्रतिस्पर्धी संघवाद को और मज़बूत किया है। इसके लिए ऐसे राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं जिनसे राज्य जुड़ सकते हैं, ऐसा फंड बनाया है जो बेहतर काम करने पर इनाम के तौर पर दिया जाता है और सुधारों के आंकड़ों को इतना पारदर्शी बना दिया है कि जनता खुद सरकार के काम का फैसला कर सके। भारत की प्रगति की कहानी अभी पूरी नहीं हुई है, इस पर हमेशा बहस होती रहेगी। सवाल यह है कि नए साल की शुरुआत में हम किस तरह की बहस चुनते हैं। जब बड़े-बड़े पेशेवर लोग केवल अनुमानों या इशारों को ही 'गहन विश्लेषण' मान लेते हैं, तो वे उन संस्थाओं को कमजोर करते हैं जो सुधारों को मुमकिन बनाती हैं। यहाँ नीत्शे की बात याद करना जरूरी है - एक गंभीर विचारक ऐसे मूल्य पैदा करता है जो समाज को जीने और बेहतर बनने में मदद करें। भारत ने काम करके दिखाने का कठिन रास्ता चुना है। साल 2026 में, भारत को ऐसी आलोचना की मांग करनी चाहिए जो नीतियों को बेहतर बनाए, न कि ऐसी टिप्पणियों की जो केवल वाहवाही लूटने के लिए देश के आत्मविश्वास को कमजोर करती हों। यह वह मानक हैं जो देश के भीतर सुधारों, निवेश और लोकतांत्रिक विकल्प की रक्षा करते हैं।

**लेखक: श्री हरदीप सिंह पुरी,**
केंद्रीय मंत्री पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस

## बघाट बैंक के खाताधारकों को 5 लाख तक की राशि मिलनी शुरू

**सोलन (यशपाल कपूर)।** बघाट अर्बन कोआपरेटिव बैंक सोलन के खाताधारकों को इंश्योरेंस के तहत 5 लाख रुपए तक की राशि मिलनी शुरू हो गई है। जानकारी के मुताबिक 519 खाताधारकों के खातों में करीब 11 करोड़ रुपए की राशि जमा हो चुकी है, जबकि 2 हजार से ज्यादा खाताधारकों को अभी इंतजार करना होगा। कुल 50 करोड़ रुपए की इश्योरेंस राशि चरणबद्ध तरीके से रिलीज़ की जाएगी। इश्योरेंस फॉर्म भरने के 90 दिन बाद यह पहली किश्त जारी की गई है। बैंक में 5 लाख से अधिक जमा रखने वाले खाताधारकों को फिलहाल अधिकतम 5 लाख रुपए ही मिलेंगे, बाकी राशि के लिए उन्हें आगे इंतजार करना होगा। जिन ग्राहकों ने इससे पहले बैंक से 10 हजार रुपए निकाले थे, उनके खातों में अब 4 लाख 90 हजार रुपए आएंगे, यानी कुल 5 लाख की इंश्योरेंस सीमा पूरी होगी।

बघाट बैंक में कुल करीब 77 हजार खाताधारकों की करीब 500 करोड़ रुपए की जमा राशि फंसी हुई है। हालांकि खाता धारकों की जमा राशि को इंश्योरड करने के लिए बैंक हर साल लगभग 60 लाख रुपये इन्शुरन्स प्रीमियम के रूप में जमा करता रहा है। बता दें कि एनपीए बढ़ने के कारण आरबीआई ने बघाट बैंक पर कैपिंग लगाई थी, लेकिन आने वाले दिनों में बैंक की वित्तीय स्थिति सुधरने की उम्मीद जताई जा रही है। जिन खाताधारकों ने अभी तक इन्शुरन्स फॉर्म नहीं भरा है, वे जल्द से जल्द फॉर्म भरकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

बघाट बैंक (हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित सहकारी बैंक) का एनपीए हाल ही में 139 करोड़ रुपए से घटकर लगभग 119 करोड़ रुपए रह गया है। यह कमी संपत्तियों की नीलामी और रिकवरी प्रयासों से आई है। बैंक ने चार डिफॉल्टरों की संपत्तियों को 4.14 करोड़ रुपए में नीलाम किया, जिससे एनपीए में 123 करोड़ से घटकर 119 करोड़ रुपए की कमी आई।

**राज्यपाल ने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026' के लिए हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को किया रवाना**

# जीत-हार से अधिक विचारों की प्रभावशीलता : राज्यपाल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज लोक भवन से 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, राष्ट्रीय युवा महोत्सवद्2026' के लिए चयनित हिमाचल प्रदेश के प्रतिभागियों को औपचारिक रूप से रवाना किया। यह प्रतिनिधिमंडल 9 से 12 जनवरी, 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा, जिसका आयोजन भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश से कुल 70 प्रतिभागी, जिनमें 65 युवा और पांच एस्कॉर्ट शामिल हैं, इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर भाग लेंगे।

युवा नेताओं को बधाई देते हुए राज्यपाल ने उन्हें आत्मविश्वास और दृढ़ विश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीत या हार से अधिक विचारों की प्रभावशीलता और उनकी छाप महत्त्वपूर्ण होती है। राज्यपाल ने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि केवल स्वस्थ और एकाग्र पी?ी ही विकसित भारत के निर्माण में सार्थक योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और स्वस्थ मस्तिष्क के साथ ही राष्ट्र की प्रगति की कल्पना और उसमें योगदान संभव है।

इस अवसर पर उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के शब्दों का स्मरण करते हुए कहा कि सपने वे होते हैं जो खुली आंखों से देखे जाते हैं। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि देवभूमि हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर रहे ये युवा अपने विचार ऐसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेंगे कि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा और पहचान प्राप्त हो।

इससे पूर्व, एमवाई भारत हिमाचल प्रदेश के सहायक निदेशक विजय कुमार तथा जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने राज्यपाल का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। प्रदीप कुमार ने चयन प्रक्रिया और डायलॉग के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को नीति, प्रौद्योगिकी, खेल और सतत विकास में नेतृत्व के माध्यम से राष्ट्र निर्माण से जो?ता है। एनएसएस राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सरोज भारद्वाज ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के अतिरिक्त निदेशक हितेश आजाद तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह राष्ट्रीय कार्यक्रम 12 जनवरी को संपन्न होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।कf

### राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का कैलेंडर जारी किया



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज यहां हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, का वार्षिक कैलेंडर-2026 जारी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह, कुलसचिव ज्ञान सागर नेगी तथा राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा उपस्थित रहे।



## डा. शांडिल ने मनलोग बागा से चौरां तक एम्बुलेंस मार्ग का किया शिलान्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन (यशपाल कपूर)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सड?ें हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश में विकास का आधार हैं और वर्तमान प्रदेश सरकार बेहतर सड? अधोसंरचना प्रदान करने एवं सभी गांव को सम्पर्क सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. शांडिल वीरवार को सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तोप की बेड़ में मनलोग बागा से चौरां तक एम्बुलेंस मार्ग की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

इस मार्ग के निर्माण पर लगभग 10 लाख रुपए खर्च होंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सड?ें सभी के लिए वरदान बनती हैं। हिमाचल जैसे प्रदेश में सड?ें ही परिवहन ही मुख्य साधन है और हमारे किसान-बागवान सड?ें के माध्यम से ही अपने उत्पाद विपणन मण्डियों तक पहुंचाकर प्रदेश तथा अपनी आर्थिकी को मज़बूत बना रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

ज़िला परिषद सदस्य राजेंद्र ठाकुर, ग्राम पंचायत तोप की बेड के उप प्रधान राजेश कश्यप, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश ठाकुर, कर्नल संजय शांडिल, शोभित बहल, विशाल शर्मा, बीडीसी सदस्य भानु शर्मा, महिला मंडल शील की प्रधान लीला शर्मा, महिला मंडल बैंच की प्रधान हेमलता, महिला मंडल चौरां की प्रधान सुनीता शर्मा, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता आशीष राणा, तहसीलदार सोलन राजीव रांटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

## उप-मुख्यमंत्री ने 43वीं परिवहन विकास परिषद् की बैठक में उठाए हिमाचल प्रदेश के अहम मुद्दे

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** उप-मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में परिवहन मंत्रियों की राष्ट्र स्तरीय बैठक एवं 43वीं परिवहन विकास परिषद् की बैठक में भाग लिया। केन्द्रीय स?क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश के परिवहन क्षेत्र से जु? कई महत्त्वपूर्ण मुद्दे उठाए और उनके समाधान के लिए केन्द्र सरकार से सहयोग का आग्रह किया।

उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा टैक्सी परमिट की वैधता वर्तमान में 12 वर्ष निर्धारित है, जिससे वाहन मालिकों को कठिनाई का सामना करना प? रहा है। उन्होंने टैक्सी परमिट की अवधि को कम से कम 15 वर्ष या वाहन के स?क पर चलने योग्य रहने तक ब?ाने का आग्रह किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में भूमि की उपलब्धता सीमित है। उन्होंने क्लस्टर योजना के तहत ड्राइविंग टेस्ट स्कूल और ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन को अलग-अलग स्थापित करने की व्यवस्था करने का आग्रह किया। इसके अलावा, उन्होंने मालवाहक वाहनों जैसे टिप्पर की वाहन क्षमता वास्तविक ढुलाई के अनुसार तय करने का सुझाव भी दिया। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में एक प्रभावी, सुरक्षित और जनहितैषी परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार के साथ मिलकर निरंतर प्रयास कर रही है। नितिन गडकरी ने मुकेश अग्निहोत्री को हिमाचल प्रदेश की सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स?क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय राज्यों को आधारभूत ढांचे के विकास, परिवहन सुधारों तथा स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को ब?ावा देने में हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।



## दुलैहड़ में जूट उत्पाद उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) ऊना एवं संबंधित कार्यालय द्वारा ग्राम पंचायत दुलैहड़ में आयोजित ÷बेसिक्स ऑफ जूट प्रोडक्ट उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम÷ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना के निदेशक सुधीर कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे शीघ्र ही अपना स्वयं का व्यवसाय आरंभ करें, आत्मनिर्भर बनें तथा आवश्यकता पड़ने पर बैंक ऋण सुविधाओं का भी लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार राजकुमार डोगरा ने प्रतिभागियों को बैंकिंग एवं वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम में पीएनबी आईसीटी ऊना के कार्यक्रम संचालक एवं संकाय सदस्य आकाश भारद्वाज, ग्राम पंचायत दुलैहड़ के प्रधान नंद लाल, उप-प्रधान पवन कुमार, वार्ड पंच पूनम देवी, पूर्व वार्ड पंच एवं समाजसेवी सुनीता रानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## मेहतपुर से ऊना तक गरजेगा 'मनरेगा बचाओ संग्राम'

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** ऊना जिला कांग्रेस कमेटी 9 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को जिले में अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। मेहतपुर से ऊना तक कार्यक्रमों की श्रृंखला के साथ कांग्रेस संगठन केंद्र सरकार के खिलाफ सीधा मोर्चा खोलने की तैयारी में है।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9¬30 बजे मेहतपुर में भव्य स्वागत समारोह से होगी। इसके बाद 11¬00 बजे विश्राम गृह ऊना में संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दिन का मुख्य आकर्षण 11¬50 बजे होने वाला 'मनरेगा बचाओ संग्राम' प्रदर्शन रहेगा, जो सीधे तौर पर केंद्र की नीतियों को चुनौती देगा। दोपहर 1¬00 बजे प्रीति भोज के साथ कार्यक्रमों का समापन होगा।

**मनरेगा पर आर-पार की जंग :** कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी और अब योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का फैसला ग्रामीण भारत की रीढ़ पर सीधा हमला है।

कांग्रेस इसे सिर्फ प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि गरीबों के हक और गांधी विचारधारा पर हमला बता रही है। इसी के विरोध में ऊना में यह महासंग्राम छेड़ा जा रहा है।

इस आंदोलन की कमान जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष देशराज गौतम संभालेंगे। खास बात यह है कि 9 जनवरी को ही उनका पहला जिला आगमन है, जिसे कांग्रेस संगठन राजनीतिक शक्ति परीक्षण के रूप में देख रहा है। मेहतपुर से ऊना तक स्वागत की भव्य तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देशराज गौतम ने दो टूक कहा ÷मनरेगा महात्मा गांधी की सोच और संघर्ष से जुड़ी योजना है। इसका नाम हटाना गरीबों के अधिकारों पर डाका है। कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।÷

**डीसी कार्यालय तक मार्च, केंद्र को चेतावनी :** स्वागत कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जिला सचिवालय तक विशाल मार्च निकालेंगे और उपायुक्त के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

इस आंदोलन में ब्लॉक कांग्रेस, पंचायती राज प्रतिनिधि, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी अग्रणी संगठन पूरी ताकत के साथ उतरेंगे।

कांग्रेस नेताओं ने साफ चेतावनी दी है कि यदि केंद्र सरकार ने मनरेगा और ग्रामीण हितों के खिलाफ लिए गए फैसले वापस नहीं लिए, तो यह आंदोलन आने वाले दिनों में और व्यापक, और आक्रामक रूप लेगा। कुल मिलाकर 9 जनवरी को ऊना में कांग्रेस का यह प्रदर्शन सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि मोदी सरकार के खिलाफ खुला सियासी ऐलान माना जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर प्रवास पर रहेंगे अनुराग सिंह ठाकुर



**हमीरपुर (शिल्पा शर्मा)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर 09 जनवरी 2026 को हमीरपुर प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान अनुराग सिंह ठाकुर बारीं स्थित प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी सभा में नवनिर्मित कोल्ड स्टोर, वेयरहाउस एवं मार्ट का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 1:00 बजे हमीर होटल-हमीरपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगे। प्रेस वार्ता के बाद अनुराग सिंह ठाकुर हमीरपुर स्थित सांसद कार्यालय में आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें सुनेंगे और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

### शाहतलाई में 25 जनवरी को होगा महादंगल



**बिलासपुर (अजय मल्होत्रा)।** शाहतलाई में 25 जनवरी को दंगल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु कमेटी ने बैठक संपन्न करी। गत वर्ष छिन्ज कमेटी तलाई ने 31 हजार की बड़ी माली जिसमें विजेता पहलवान को 16 हजार गुरज, उपविजेता को 15 हजार राशि देने का फैसला लिया। जबकि छोटी माली में 21हजार राशि विजेता पहलवान को 11 गुरज उपविजेता को 10 हजार राशि से नवाजा जाएगा। विशेष आकर्षण के लिए अंडर 21 का भी मुकाबला भी रखा गया जिसमें हिमाचली पहलवानों को प्राथमिकता रहेगी, माली जीतने वाले विजेता को 6 हजार राशि व गुरज, उपविजेता पहलवान को 5 हजार राशि देकर सम्मानित करेंगे। दंगल प्रतियोगिता में इन तीन मालियों के अलावा कमेटी उच्च कोटि के पहलवानों को भी उचित राशि दे सकती है इस पर भी विचार विमर्श उपरांत बैठक में चर्चा की गई। बैठक दौरान कमेटी प्रभारी रत्तचंद चौधरी, उपाध्यक्ष नगर पंचायत नंदलाल शर्मा, पार्षद विजय शर्मा, पार्षद राजकुमार चौधरी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पवन कौशल, योगिंदर चौधरी, रविंद्र कुमार, विजय कौशल, सरदीप भारद्वाज, पविंदर शर्मा, संजीव नेगी, शिवम कुमार, विपिन चौधरी, संजू इत्यादि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### प्रतिनिधिमंडल ने बागवानी मंत्री से भेंट की

**शिमला।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी से आज बागवान संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। उन्होंने बागवानी मंत्री को मंडी मध्यस्थता योजना के तहत सेब सीजन-2025 के अंतर्गत भुगतान प्रक्रिया से संबंधित विषयों और व्यावहारिक दिक्कतों एवं समस्याओं से अवगत करवाया। जगत सिंह नेगी ने बागवानों को आश्वासन दिया कि वह संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तथ्यों के आधार पर आवश्यक विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने कहा कि बागवानों के हितों, धरातल की परिस्थितियों एवं प्रशासनिक सुगमता को ध्यान में रखते हुए एचपीएमसी द्वारा सेब एमआईएस सीजन-2025 के दौरान जारी फल रसीदों के आधार पर नकद एवं वस्तु के रूप में भुगतान से संबंधित दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए अधिसूचना जारी की गई है।

### जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**सोलन।** जिला स्तरीय गणतंत्रत दिवस समारोह हर वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने इस संदर्भ में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं ?िलावासियों की ओर से स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यातिथि द्वारा प्रातः 11.00 बजे ठोडो मैदान में ध्वजारोहण किया जाएगा। पुलिस, होमगार्ड्स तथा अन्य टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्चपास्ट किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट कर्मचारियों की सूची सभी विभागों को उपायुक्त कार्यालय सोलन को समय पर उपलब्ध करवानी होगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## भाजपा हमीरपुर ग्रामीण मंडल की समीक्षा बैठक आयोजित, आगामी कार्यक्रमों की बनाई रणनीति

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर ग्रामीण मंडल की समीक्षा बैठक आज बरोहा में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला प्रभारी एवं प्रदेश सचिव अमित ठाकुर तथा भाजपा के पूर्णकालिक विस्तारक अमित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक मंडल अध्यक्ष जसवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मंडल स्तर पर पूर्व में आयोजित पार्टी कार्यक्रमों, अभियानों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही पार्टी हाईकमान के निर्देशों के अनुरूप आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक कार्यों की रणनीति तय की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, अनुशासन और निरंतर जनसंपर्क से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जाएगा।

प्रदेश सचिव अमित ठाकुर ने कहा कि भाजपा एक कैडर आधारित पार्टी है, जहां योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठकों का उद्देश्य केवल मूल्यांकन नहीं, बल्कि भविष्य की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करना भी है। आगामी कार्यक्रमों में सभी कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

पूर्णकालिक विस्तारक अमित शर्मा ने कहा कि मंडल स्तर पर संगठनात्मक समन्वय और बूथ स्तर तक निरंतर संवाद पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को दिए गए दायित्वों का समयबद्ध और प्रभावी निर्वहन ही संगठन की सफलता की कुंजी है।

भारतीय जनता पार्टी हमीरपुर जिला संगठन में प्रागुण गौतम को जिला आईटी सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। प्रागुण गौतम नादौन विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखते हैं। वे पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल नादौन में पदाधिकारी रह चुके हैं तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला हमीरपुर में दो बार जिला महामंत्री के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

### अल्विस अस्पताल में भरे जाएंगे विभिन्न श्रेणियों में 151 पद

**ऊना (रोहित शर्मा)।** जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने जानकारी दी कि अल्विस अस्पताल, भटोली उपरली, ऊना में विभिन्न श्रेणियों में 151 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए साक्षात्कार 15 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय, ऊना में आयोजित किया जा रहा है। इनमें स्टाफ नर्स (आईसीयू, ओटी, एनआईसीयू एवं जनरल वार्ड), रेडियोलॉजी टेक्नीशियन, फिजियोथैरेपिस्ट, फार्मासिस्ट, हाउसकीपिंग स्टाफ, सिक्योरिटी गार्ड, परचेज स्टाफ, बायो-मेडिकल स्टाफ, स्टोरकीपर, मेंटेनेंस स्टाफ, आईटी स्टाफ, अकाउंट्स/बिलिंग स्टाफ, फ्रंट ऑफिस स्टाफ, कॉल सेंटर स्टाफ, मार्केटिंग स्टाफ, पेशेंट कोऑर्डिनेटर तथा मेडिकल ऑफिसर के पद शामिल है। अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव की शर्तें पदानुसार तय की गई हैं जिसमें 8वीं, 10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन, बीटेक, डी फार्मा, बी फार्मा, बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, बीपीटी, एमएससी आईटी, बी कॉम, एम कॉम से लेकर बीएएमएस एवं एमबीबीएस डिग्री शामिल है।


**PRESS NOTICE TO ISSUE FOR PUBLICATIONS IN NEWS PAPER FOR E-TENDERING**

The Executive Engineer, Jal Shakti Division, Chowari invites tenders on behalf of the Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through e-tendering process.

| | |
|---|---|
| Sr No. | 1 |
| Name of Work | Construction of Jal Shakti Vibhag Division office building at Chowari in tehsil Bhattiyat Distt. Chamba (H.P) (SH:- C/O division office building at Chowari.) |
| Estimated Cost (In Rs) | Rs.4937837/- |
| Earnest money | Rs. 98757/- |
| Time Limit | 12 Month |
| Cost of form | Rs. 1500/ |
| Start and Last date for uploading the tender through e-tendering | From 06-01-2026 at 09-00 hrs to 15-01-2026 at 17:00 hrs |

The bidders are advised to note other details of tender from the departmental website https://hptenders.gov.in. The Executive Engineer, reserves the right to reject/cancel any or all the bids without assigning any reason(s).

Ro No. 5535_2025-2026
AP No. 7115

**Executive Engineer,**
**Jal Shakti Division, Chowari**
**Distt. Chamba (HP)-176302**


## हिमाचल में हथियार लाइसेंस पर कड़ा नियंत्रण डीसी नहीं दे सकेंगे पिस्तौल-बंदूक का लाइसेंस

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में हथियारों की उपलब्धता और उनके दुरुपयोग पर लगाम लगाने के लिए एक सख्त कानूनी निर्णय लिया है। अब किसी भी ज़िला कलेक्टर या जिला अधिकारी द्वारा पिस्तौल या बंदूक का लाइसेंस स्वतंत्र रूप से जारी नहीं किया जा सकेगा।

नए नियमों के तहत, हर हथियार लाइसेंस के लिए राज्य सरकार की पूर्व अनुमति अनिवार्य होगी। इस कदम को आर्म्स एक्ट और संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत लागू किया गया है, जो जिला अधिकारियों की स्वायत्त शक्तियों पर नियंत्रण को सुनिश्चित करता है।

सूत्रों के अनुसार यह निर्णय विशेष रूप से ऊना और बिलासपुर जिलों में हाल ही में हुई गोलीकांड की घटनाओं के मद्देनजर लिया गया है। इन घटनाओं ने स्पष्ट किया कि हथियार लाइसेंस प्रक्रिया में ढील कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना राज्य सरकार की अनुमति किसी भी व्यक्ति को हथियार लाइसेंस न दें। इस आदेश का उल्लंघन करने की स्थिति में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें प्रशासनिक अनुशासन और आर्म्स एक्ट के तहत जिम्मेदारी तय की जाएगी। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम राज्य में हथियार नीति को जवाबदेह और केंद्रीकृत बनाएगा और हथियारों के दुरुपयोग और मनमानी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करेगा। सरकार के इस निर्णय को कानून-व्यवस्था की दृष्टि से दूरगामी और निर्णायक माना जा रहा है।


**HIMACHAL PRADESH JAL SHAKTI VIBHAG**
**"NOTICE INVITING TENDER"**

Online bids on item rate basis are invited by the Executive Engineer Jal Shakti Division Matiana on behalf of Governor of Himachal Pradesh, in electronic tendering system in two covers for the under mentioned work from the contractor/firms of appropriate class enlisted with HP Jal Shakti Department

| Sr No. | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Time | Cost of form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (T2013-306-2977) C/O Laboratory at IPH Sub division Theog Tehsil Theog Distt. Shimla. (SH: - Annual repair and operation, running maintenance of water testing laboratory at Theog in Tehsil Theog Distt. Shimla HP). For Three Years | Rs. 30,30,969/- | Rs. 60,620/- | 3 Years | 1500/- |
| 2. | (2006-306-17233) Prov. Sewerage system Theog. (SH:- C/O Sewerage Balance network i/e providing house hold connection, flushing of pipe line, C/O Manhole Chamber, laying of DI pipe 150 mm dia near Civil Hospital, Chai Dhalla Colony near DAV School, Rahighat Colony & Outlet pipe of STP). | Rs. 42,94,924/- | Rs. 85,900/- | 1 Year | 1500/- |

**Last date of submission of tender 15.01.2026 up to 11.00 AM**

1 Tender documents and other instruction can be downloaded or viewed online from the portal https://hptenders.gov.in by the firms/individual registered on the website or from office of JSV Division, Matiana upto date specified above which is free of cost.

Ro No. 5546_2025-2026
AP No. 7114

Executive Engineer,
Jal Shakti Division Matiana
Telephone No. 01783225341,
E-mail:- iphdivisionmatiana@gmail.com

### रेगुलेटरी कमीशन के समक्ष सुनवाई में सीडब्ल्यूए ने रखी दलीलें, मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है बिजली दरों को कम करने की अपील

# चंडीगढ़ की तुलना पंचकूला के उपभोक्ता 250% अधिक शुल्क दे रहे

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** चंडीगढ़ की तुलना में पंचकूला के बिजली उपभोक्ता खपत का 250 फीसदी ज्यादा शुल्क दे रहे हैं। यह दलील गुरुवार को सेक्टर 4 स्थित हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के समक्ष सुनवाई के दौरान सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से पेश की गई। एचईआरसी अध्यक्ष नंद लाल शर्मा और अन्य दो-सदस्य आपत्तियां, सुझाव सुन रहे थे। एसोसिएशन की तरफ से बताया गया है कि चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (सीपीडी) की टैरिफ याचिका पर आए आदेश द्वारा जेईआरसी (जेईआरसी) द्वारा 1 नवंबर .2025 से प्रभावी 30 रुपये प्रति किलोवाट प्रति माह का निश्चित शुल्क अनुमोदित किया गया है। इस आदेश में दिए गए एलटी टैरिफ के नियमों और शर्तों के अनुसार, ये निश्चित शुल्क माह के दौरान दर्ज की गई अधिकतम मांग या अनुबंधित मांग के 85त्न में से जो भी अधिक हो, उसके आधार पर वसूल किए जाएंगे।



हरियाणा के उपभोक्ता केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के निजी स्वामित्व वाली कंपनी (सीपीडीएल) के उपभोक्ताओं की तुलना में 250त्न अधिक निश्चित शुल्क का भुगतान कर रहे हैं। हरियाणा राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं के हित और व्यापक जनहित में आवश्यक सकारात्मक विचार करने हेतु अध्यक्ष श्री नंद लाल शर्मा, एचईआरसी आयोग और एचईआरसी सदस्यों से आग्रह किया गया है।

**सभी श्रेणियों के लिए टैरिफ दो भागों में बांटा :** सिटीजन्स वैलफेयर एसोसिएशन (सीडब्ल्यूए) के प्रतिनिधिमंडल, अध्यक्ष ऐस के नैय्यर, सचिव नरिंदर शर्मा, अध्यक्ष के के जिंदल, आरडब्ल्यूए 20 व महासचिव सेक्टर 20 अविनाश मलिक और सीडब्ल्यूए के सदस्य आर सी गोयल ने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) सभी श्रेणियों के लिए टैरिफ दो भागों में विभाजित है। निश्चित शुल्क लाइसेंसधारी द्वारा किए गए वास्तविक निश्चित लागत को दर्शाता है। परिवर्तनीय (खुदरा आपूर्ति टैरिफ) उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों के लिए आपूर्ति की लागत को दर्शाता है। हालांकि सभी श्रेणियों पर निश्चित शुल्क लगाया जाना चाहिए। आयोग के वित्तीय वर्ष 2025-26 के टैरिफ आदेश में, घरेलू आपूर्ति श्रेणी I 2 किलोवाट तक) और श्रेणी II 5 किलोवाट तक के भार और 300 यूनिट तक की मासिक खपत वाले उपभोक्ताओं उपभोक्ताओं पर कोई निश्चित शुल्क नहीं लगाया गया था, जबकि श्रेणी ढ्ढ्ढ और पूरी श्रेणी III के शेष उपभोक्ताओं पर बहुत अधिक निश्चित-शुल्क क्रमशः 50 रुपये प्रति किलोवाट प्रति माह और 75 रुपये प्रति किलोवाट प्रति माह लगाया गया। इससे कई घरेलू उपभोक्ताओं में असंतोष उत्पन्न हुआ। यह महसूस किया जाता है कि सभी श्रेणियों के लिए संतुलन बनाए रखने के लिए सामाजिक-आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार के उपभोक्ताओं पर निश्चित शुल्क लगाया जाना चाहिए।

आरडब्ल्यूए के पूर्व महासचिव सुभाष पापनेजा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अपील भेजकर बिजली के मौजूदा टैरिफ से उपभोक्ताओं पर पड़े बोझ को हल्का करने की मांग की गई है। पापनेजा ने बताया है कि निगमों ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए न केवल प्रति यूनिट दर बढ़ाई हैं बल्कि अन्य गैरवाजिब बदलाव करके उपभोक्ताओं पर अनावश्यक वित्तीय बोझ डाला है। पहले बिल की राशि अगर एम एम सी से कम होती थी तो केवल अंतर वसूला जाता था और अब बिल की राशि जितनी मर्जी बढ़ी है फिक्स चार्ज 5 किलोवाट कनेक्टेड लोड तक 50- प्रति किलोवाट प्रति माह और उसके ऊपर 75 प्रति किलोवाट प्रति माह लाजमी देना ही होगा। स्लैब सिस्टम को कनेक्टेड लोड से जोड़ना जरूरतमंद को सब्सिडी (सब्सिडाइज्ड दर लगाना) देने की पॉलिसी पर सीधी चोट है और लोकप्रिय सरकार की छवि खराब करती है। मीटर का 5 के वी ए या उससे बड़ा होना उपभोक्ताओं की क्षमता मापने का मानदंड नहीं हो सकता है और न ही पहले कभी रहा है। बिजली की खपत को ही आधार माना जाता रहा है कनेक्टेड लोड कुछ भी रहा हो।

### ऐसे समझें बिजली उपभोक्ता

5 (4.60) के वी ए लोड तक के मीटर पर 223.41 यूनिट खपत का 2.95 पर यूनिट के हिसाब से कुल बिल 962,

5 (5.70) से ऊपर के लोड के मीटर पर 223.41 यूनिट खपत का 6.50 पर यूनिट कुल बिल 2096 आता है।

यानी केवल कनेक्टेड लोड बढ़ने से ही समान खपत पर बिल 1134 बढ़ गया, जबकि पहले ऐसे नहीं होता क्योंकि केवल स्लैब में निर्धारित खपत बढ़ने पर ही स्लैब बदलती थी और उचा दर चार्ज होते थे।

### पंचकूला के उपभोक्ताओं पर ये टैरिफ

आयोग की जानकारी के लिए प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्ष 2025-26 के टैरिफ आदेश के अनुसार, श्रेणी III यानी 5 किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं के लिए स्लैब 0-500 के लिए टैरिफ 6-50 रुपये प्रति यूनिट,

501-1000 के लिए 7-15 रुपये प्रति यूनिट और

1000 से ऊपर के लिए 7-50 रुपये प्रति यूनिट है।

जबकि श्रेणी ढ्ढ्ढ के अंतर्गत 0-150 के लिए टैरिफ 2-95 रुपये प्रति यूनिट; 151-300 के लिए 5-25 रुपये प्रति यूनिट; 301-500 के लिए 6-45 रुपये प्रति यूनिट और 500 से ऊपर के लिए 7-10 रुपये प्रति यूनिट है।

एक ही श्रेणी (घरेलू) में यह असमानता उचित नहीं है, क्योंकि उपभोक्ता समान खपत के लिए अधिक शुल्क चुकाने के कारण बोझ महसूस कर रहे हैं।

## हथियार तस्करी में सप्लायर भी गिरफ्तार

**पंचकूला।** जिले में अवैध हथियारों की तस्करी पर सख्त प्रहार करते हुए पंचकूला पुलिस के डिटेक्टिव स्टाफ ने एक हथियार सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने पहले एक शातिर बदमाश को अवैध पिस्टल व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया, जबकि जांच के दौरान उसके मुख्य हथियार सप्लायर को भी उत्तर प्रदेश से दबोच लिया गया। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर अवैध पिस्टल की खरीद-फरोख्त से संबंधित अहम जानकारियां प्राप्त हुईं। आरोपियों सतीश कुमार उर्फ टीटी व आयुष उर्फ सोनू को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 5 जनवरी 2026 को डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ पिंजौरङ्कमढ़ावाला हाईवे पर गांव जट्टामाजरी के पास खड़ा है। सूचना के आधार पर इंचार्ज मनदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू में लिया।

# भाजपा का पंचकूला कुनबा 'छोटी सरकार' के चुनावी रंग में रंगने को है तैयार

मेयर कुर्सी के लिए दिल्ली दौड़ लगा रहे दिग्गज, पार्षद बनने के लिए रिपोर्ट कार्ड हो रहे चैक

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचूकला।** हरियाणा प्रदेश में चुनाव चाहे लोकसभा को हो या विधानसभा या फिर नगर निगम का, हर कोई चुनावी रंग में रंगा हुआ नजर आने लगता है। चुनावी माहौल के चलते चौपालें, नुक्कड़ या चाय की चुस्कियों का दौर खुद-ब-खुद शुरू हो जाता है। आज कल पंचकूला में भी यही सिलसिला शुरू हो गया है। नगर निगम चुनाव की खनक जिले की राजनीतिक गलियारे से लेकर प्रदेश और वहां से दिल्ली तक सुनाई देने लगी है। ऐसे में राजनीतिक हलचल सुर्खियां बनते देर नहीं लगती। शहर में चर्चा है कि भाजपा के पंचकूला कुनबे की छोटी सरकार बनाने की भागदौड़ तेज हो गई है। हर कोई चुनावी रंग में रंगा हुआ नजर आ रहा है। दिग्गज नेता एक तरफ जहां निगम चुनाव को लेकर रणनीति बना कर अपने खेमों को मजबूत करने में जुट गए हैं वहीं कुछ प्रदेश की राजनीति से टिप्स लेने में लगे हैं तो कुछ की दिल्ली दौड़ भी शुरू हो गई है। 22 जनवरी को होने वाले मेयर सीट के ड्रा को लेकर भी कई चर्चित चेहरे चुनावी मैदान में उतारने को तैयार हैं। हालांकि, कोई भी नेता खुल कर अभी कुछ नहीं कह रहा, मगर अंदरखाते सभी नगर निगम चुनाव में एक बार फिर किस्म आजमाने के लिए दौड़धूप कर रहे हैं। नेताओं के घरों पर बैठकों का सिरसिला शुरू हो गया है।

प्रदेश भाजपा, सत्ता रूड़ मंत्री, सांसद, विधायकों के साथ बैठकों में पंचकूला के नेताओं की शिरकत शुरू हो गई है। हालांकि, महिला वार्ड, आरक्षित वार्ड और जनरल वार्डों के लिए नए प्रत्याशियों की कुंडली भी खंगाली जा रही है।

### पुराने दिग्गज फिर मैदान में

**करनाल, 8 जनवरी।** हरियाणा के जिले करनाल के रहने वाले युवक की स्पेन में मौत हो गई। युवक साइकिल पर फूड डिलीवर करने के लिए जा रहा था। पहाड़ी एरिया में चढ़ते हुए घबराहट होने के बाद वह गिर गया। आसपास के लोग तुरंत उसे अस्पताल ले गए, यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद करनाल में उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई। मृतक की पहचान कैमला गांव के रहने वाले मुकेश कुमार के तौर पर हुई है। एक साल पहले उसने लव मैरिज की थी। 3 महीने पहले ही वह पत्नी के साथ स्पेन गया। यहां वह बार्सिलोना शहर में रह रहा था। डॉक्टरों के मुताबिक मुकेश को हार्ट अटैक आया था। मुकेश का शव भारत लाया जाएगा। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार होगा। नौकरी छूटने पर फूड डिलीवर करने लगा- पिता ने बताया कि 16 अक्टूबर को मुकेश और सपना स्पेन गए। पहले उसने लेबर का काम किया। इसके बाद एक स्टोर पर नौकरी करने लगा। कुछ दिनों बाद उसकी नौकरी छूट गई। वह नई नौकरी की तलाश कर रहा था। जब नौकरी नहीं मिली तो एक रेस्टोरेंट के माध्यम से उसने फूड डिलीवरी का काम शुरू कर दिया। उसकी पत्नी भी इसी रेस्टोरेंट पर काम करने लगी।पत्नी ने फोन कर परिवार को सूचना दी- देवी सिंह ने बताया कि मंगलवार रात को बार्सिलोना से सपना का फोन आया। उसने बताया कि मुकेश रात को साइकिल से एक डिलीवरी लेकर ऊंचाई वाले इलाके की ओर जा रहे थे। चढ़ाई वाले रास्ते पर घबराहट के कारण उन्हें अचानक हार्टअटैक आया। इस कारण उसकी मौत हो गई। बार्सिलोना में अब सिर्फ सपना ही मौजूद है। अस्पताल में रखा है मुकेश का शव- पिता ने बताया कि मुकेश का पार्थिव शरीर अभी अस्पताल में रखा गया है। उसे भारत लाने के लिए कागजी प्रक्रिया और खर्च की जरूरत है। बिना मदद के यह संभव नहीं हो पा रहा।

# ज्योतिसर अनुभव केंद्र में महाभारत के हर लम्हें को जीवंत करने का किया गया है अनोखा प्रयास: विश्राम कुमार मीणा

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 8 जनवरी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ज्योतिसर अनुभव केंद्र में महाभारत के हर लम्हें को डिजिटल तकनीकी के माध्यम से जीवंत करने का अनोखा प्रयास किया गया है। इस अनुभव केन्द्र में कुरुक्षेत्र 48 कोस के तीर्थों का भी वर्णन जानने को मिलेगा। इस अनुभव केन्द्र को देखने के लिए देश विदेश से पर्यटक पहुंच रहे है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के साथ-साथ देश भर में ज्योतिसर अनुभव केन्द्र की तारीफ की है। इस ज्योतिसर अनुभव केन्द्र में 5 ब्लॉक बनाए गए है और हर ब्लॉक में आधुनिकतम तकनीकी का प्रयोग करके कुरुक्षेत्र के 48 कोस के तीर्थों तथा महाभारत के अहम लम्हों के साथ-साथ



गीता उपदेशों के बारे में अनोखे अंदाज में दिखाने का प्रयास किया गया है। इस भव्य संग्रहालय को देखने के लिए रोजाना वीवीआईपी लोगों के साथ-साथ विद्यार्थी और देश विदेश से पर्यटक पहुंच रहे है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की टिकट की राशि को कम करने के लिए पर्यटन विभाग के पास एक प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव में विद्यार्थियों की टिकट की राशि 200 रुपए से कम करके 50 रुपए की गई थी। सरकार ने प्रशासन के प्रस्ताव को मंजूर करते हुए विद्यार्थियों की टिकट राशि 200 रुपए की बजाए 50 रुपए कर दी है। इसके अलावा पर्यटन विभाग ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों की टिकट निशुल्क रखी है और कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए वीक डेज सोमवार से शुक्रवार तक 100 रुपए प्रति विद्यार्थी और विकेंड शनिवार व रविवार को 150 रुपए प्रति विद्यार्थी टिकट की दर निर्धारित की है।

उन्होंने कहा कि अन्य भारतीय नागरिकों के लिए वीक डेज में 200 रुपए प्रति व्यक्ति और विकेंड पर 250 रुपए प्रति व्यक्ति तथा विदेशी नागरिकों के लिए विके डेज में 500 रुपए प्रति व्यक्ति तथा वीकेंड पर 600 रुपए प्रति व्यक्ति की टिकट निर्धारित की है। उपायुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों को स्कूल या कॉलेज का आई कार्ड दिखाना होगा तथा विद्यार्थी आयु प्रमाण के लिए आधार कार्ड भी दिखा सकते है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि इस भव्य अनुभव केन्द्र का अवलोकन जरूर करे।

### समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का हो रहा निदान: एसडीएम

**टोहाना (संजीव सिंगला)।** एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि आमजन की शिकायतों का तत्परता से समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम आकाश शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते प्राथमिकता से समाधान करवाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए।

# सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया चलाएगा राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान 2026

अर्थप्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 8 जनवरी।** सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा और मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा वर्ष 2026 में एक व्यापक राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य देशवासियों में तिरंगे के सम्मान, उसके सही उपयोग और राष्ट्रीय ध्वज संहिता के प्रति जागरूकता को ब?ाना है। अभियान के तहत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से शुरुआत करते हुए हरियाणा और उसके बाद पूरे देश में पुराने हो चुके राष्ट्रीय ध्वज एकत्र किए जाएंगे और उन्हें विधिसम्मत, सम्मानजनक व गरिमापूर्ण तरीके से नए स्वरूप में बदला जाएगा, ताकि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान हर स्तर पर सुनिश्चित किया जा सके।

फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेजर जनरल असीम कोहली (सेवानिवृत्त) ने बताया कि वर्तमान में देशभर में स्थापित लगभग 700 विशालकाय तिरंगों में से 200 विशालकाय तिरंगे फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा लगाए गए हैं। फाउंडेशन न केवल राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभा रही है, बल्कि उसके संरक्षण, सम्मान और जन-जागरूकता को लेकर भी निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने के लिए एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। लगभग 30 वर्ष पूर्व दिल्ली हाईकोर्ट से और 22 वर्ष पूर्व माननीय सुप्रीम कोर्ट से ऐतिहासिक निर्णय प्राप्त कर उन्होंने यह अधिकार आम नागरिकों को दिलवाया। इसके बाद करीब 20 वर्ष पूर्व उन्होंने नागरिकों को अपने परिधान पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने का अधिकार भी सुनिश्चित कराया। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की स्थापना की गई। राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान 2026 के अंतर्गत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय सेमिनार, वर्कशॉप, पदयात्रा, कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जनसंवाद जैसे विविध आयोजन किए जाएंगे।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** बीआरसी कार्यालय कांजनू में वीरवार को प्राथमिक शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा व खंड शिक्षा अधिकारी डॉ रमेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कक्षा दूसरी व तीसरी में दक्षताओं में संघर्षरत रहे बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षण के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में संजय एबीआरसी संजीव कुमार बीआरपी व दीपचंद एवीआरसी ने मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रिंसिपल मुकेश रोहिल्ला राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर की भी विशेष उपस्थिति रही। प्राचार्य मुकेश रोहिल्ला को प्रशिक्षण शिविर की सफल संचालन के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला समन्वयक संजीव कुमार सैनी व डायट प्रवक्ता मनु सरीन भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के बारे में प्राथमिक अध्यापक रामेश्वर, मनोज कुमार, संजीव, रोहतास, मीना, नीलम ने भी अपने विचार रखें। शिविर में खंड रादौर के 47 अध्यापक प्रथम बैच में ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं।

## उचित ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण से बनेगा विकसित भारत: कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 8 जनवरी।** हरियाणा दर्शन यात्रा के तहत कश्मीर से आए छात्र-छात्राओं के प्रतिनिधिमंडल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का दौरा किया। विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और युवाओं से संवाद किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सचदेवा ने कहा कि पूजा पद्धतियां भले ही अलग हों, लेकिन राष्ट्र के प्रति समर्पण सभी का एक समान है। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार को पहचानने और उससे दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उचित ज्ञान, बेहतर कौशल और सही दृष्टिकोण के साथ ही युवा विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्टार्टअप और नवाचार के अवसरों की जानकारी देते हुए युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कश्मीर के छात्रों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अध्ययन के लिए आमंत्रित भी किया।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग का भ्रमण किया और मास कम्युनिकेशन के विद्यार्थियों से शैक्षणिक व सांस्कृतिक विषयों पर संवाद किया।

युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा दर्शन यात्रा युवाओं को देश की सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक परंपराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम है, जिससे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना मजबूत होती है। प्रतिनिधिमंडल ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र, ब्रह्मसरोवर सहित कुरुक्षेत्र के प्रमुख ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण किया और यात्रा को प्रेरणादायक बताया।

# सड़क दुर्घटना में मृत्यु के मामले में ट्रक चालक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 8 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक सड़क दुर्घटना के मामले में आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है।

थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 07.01.2026 को सुबह करीब 8ः00 बजे रेलवे चंडीगढ़ रोड, टोहाना पर रेलवे पुल के नीचे एक सड़क दुर्घटना घटित हुई। इस दुर्घटना में राजकुमार पुत्र बीरू राम, निवासी गुप्ता कॉलोनी, टोहाना, साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक डंपर नंबर ॥क्र-61श्च-0088 के चालक ने तेज रफ्तारी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए साइकिल को टक्कर मार दी।

दुर्घटना में राजकुमार को गंभीर चोटें आई, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल टोहाना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना शहर टोहाना में मुकदमा नंबर 15 दिनांक 07.01.2026 के तहत धारा 106/281 बीएनएस में मामला दर्ज किया गया।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक प्रवीण उर्फ मडी पुत्र नफे सिंह, निवासी न्योली कलां, जिला हिसार (हाल निवासी बवानी खेड़ा, जिला भिवानी) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के उपरांत आरोपी को नियमानुसार पुलिस जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा है कि लापरवाही व तेज रफ्तारी से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रमिकों के हक की योजना है विकसित भारत जी राम जी: शिक्षामंत्री

## मनरेगा की खामियों को दूर कर श्रमिकों को न्याय दिलाने का काम कर रही है मोदी सरकार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 8 जनवरी।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने स्थानीय बीजेपी कार्यालय में आयोजित मीडिया कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर विपक्षी पार्टियां जानबूझकर दुष्प्रचार फैला रही हैं, जबकि यह योजना देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों के हित में लाई गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना की शुरुआत की है। यह योजना समय के साथ अप्रासंगिक और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हो चुकी मनरेगा की जगह लाई गई है।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि किसी भी योजना में समय के साथ आई कमियों को सुधारना नीति निर्माण का स्वाभाविक हिस्सा होता है। मनरेगा के दौरान कई गंभीर समस्याएं सामने आई, ऐसे में पुराने और खामियों से भरे ढांचे को बिना सुधार के आगे बढ़ाना न तो श्रमिकों के हित में था और न ही देश के। उन्होंने 2013 की कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यूपीए शासनकाल में मनरेगा में फर्जी लाभार्थियों की भरमार थी और केवल धन की हेराफेरी के उद्देश्य से लाभार्थी सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। उस समय मनरेगा एक ऐसी योजना बनकर रह गई थी, जिसका उद्देश्य केवल गड्ढे खोदना और उन्हें भरना था।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि पंजाब में हुए सोशल ऑडिट में वित्तीय गबन के मामले सामने आए, लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मनरेगा के तहत अस्वीकृत परियोजनाएं भी बिना निगरानी और रिकॉर्ड के चलाई जा रही थीं, जिससे मेहनती श्रमिकों की उचित मजदूरी छीनी गई। मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भ्रष्ट आम आदमी पार्टी सरकार इन्हीं सुधारों का विरोध कर रही है और संसद में इनके खिलाफ बहस और प्रस्ताव पारित कर रही है। श्रमिकों को न्याय और उनका हक दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत जी राम जी कानून लेकर आए हैं।

उन्होंने बताया कि नए प्रावधानों के तहत रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी और रोजगार सुरक्षा को बड़ा बढ़ावा मिला है। इससे पूरे देश में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी, जबकि हरियाणा में प्रत्येक श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपये से अधिक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा में न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन है, जबकि पंजाब में 339 रुपये और हिमाचल प्रदेश में मात्र 236 रुपये प्रतिदिन दी जाती है।

# मां बगुलामुखी की पूजा से मिलती है शत्रुओं पर विजय और मानसिक शांति

मां बगुलामुखी दस महाविद्याओं में से 8वीं महाविद्या के रूप में पूजी जाती हैं। वहीं कलियुग में भी मां बगुलामुखी का स्थान अत्यंत विशिष्ट हैं। मां बगुलामुखी को शक्ति की उग्र स्वरूपा देवी माना जाता है। मां बगुलामुखी को शत्रुओं का नाश, विजय की प्राप्ति और भय का अंत करने में सहायक मानी जाती हैं। अक्सर भक्त मां बगुलामुखी की पूजा वाक् और बुद्धि पर नियंत्रण, विपरीत परिस्थितियों से रक्षा और शत्रु बाधाओं को दूर करने के लिए करते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, महाभारत युद्ध से ठीक पहले भगवान श्रीकृष्ण और पांडवों ने मां बगुलामुखी की साधना की थी, जिससे वह जल्दी विजय प्राप्त कर सकें और शत्रुओं का अंत हो सके।



**पूजा विधि:** मां बगुलामुखी की पूजा में पीले रंग का अधिक महत्व होता है। ऐसे में मां बगुलामुखी की पूजा करने के दौरान जातक को स्नान-ध्यान करने के बाद पीले रंग के कपड़े पहनने चाहिए। फिर उनकी पूजा भी पीले रंग के आसन पर बैठकर करना चाहिए। पूजा स्थान पर मां बगुलामुखी का चित्र या मूर्ति स्थापित करें, फिर पीले पुष्प और पीले फल आदि अर्पित करें। मां बगुलामुखी को हल्दी का तिलक करें और संभव हो तो हल्दी की माला अर्पित करें।

वहीं मां बगुलामुखी की पूजा करने वाले जातक का आहार-विहार और व्यवहार भी सात्विक रहना चाहिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार, श्रद्धा और पवित्र मन के साथ मां बगुलामुखी की पूजा करने से जातक की मनोकामना शीघ्र पूरी होती है।

मंत्र

ऊँ ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तंभय जिह्वां कीलय कीलय बुद्धिं नाशय ह्लीं ऊँ स्वाहा।

**पूजा के लाभ:** बगुलामुखी मां की पूजा करने से व्यक्ति को शत्रुओं से मुक्ति मिलती है।

मां बगुलामुखी की पूजा से वाद-विवाद और न्यायिक मामलों में भी सफलता मिलती है।

साहस, आत्मबल और आत्मविश्वास की वृद्धि होती है, इससे समाज में जातक का मान-सम्मान बढ़ता है। मां बगुलामुखी की पूजा करने से आध्यात्मिक शक्ति और मानसिक शांति मिलती है।

# इंसानों में दूरियां उतनी देर ही रहती जितनी देर प्रभु-परमात्मा से दूरी रहती है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

इन्सान को ऐसी जागृति प्रदान की जा रही है कि ऐ इन्सान, तूने सत्य परमात्मा के साथ अपना नाता जोड़ना है और फिर तन-मन-ध्यान से इसका यशोगान करते हुए सहजता को प्राप्त करना है; इस शाश्वत आनन्द को प्राप्त करना है। ऐ इन्सान, तूने दिव्य गुणों से युक्त होना है और यह प्रभु के साथ नाता जोड़े बिना सम्भव नहीं है।

युगों-युगों से महात्माओं ने इन्सान को यही समझाया है कि अगर तू प्रभु से नजदीकी स्थापित कर लेगा तो इन्सानों से भी तेरी नजदीकी स्थापित हो जायेगी। इन्सानों में दूरियां उतनी देर ही रहती है जितनी देर मालिक से, प्रभु-परमात्मा से दूरी रहती है। इन्सान को इन्सान के नजदीक लाने का माध्यम सदैव प्रभु परमात्मा ही रहा है। सत्य का बोध न होने के कारण ही इन्सान, इन्सान से दूर रहता है। उसके मन में यह भाव बना रहता है कि वह दूसरी भाषा बोलने वाला है, वह दूसरी संस्कृति वाला है इसलिए वह पराया है। वे कबीर जी को मानते हैं, चैतन्य महाप्रभु को मानते हैं, राम को मानते हैं, कृष्ण को मानते हैं, अल्लाह को मानते हैं; इसलिए वे बेगाने हैं। इसी तरह वे ब्राह्मण जाति के हैं, शूद्र जाति के हैं, वे गोरे हैं, वे काले हैं, वे गरीब है, वे अमीर हैं; इसलिए अलग-अलग हैं। भाव, अनेकों तरह के फासले, दूरियाँ बढ़ती जाती है।

जब इन्सान ने प्रभु परमात्मा से अपनी दूरी समाप्त की तो ये इन्सानों की दूरियाँ भी समाप्त हो गई क्योंकि इसने जान लिया कि सभी में एक मालिक की ही ज्योति बसी हुई है। सभी पाँच तत्वों के ही पुतले हैं। सभी इन्सान एक सूरज से ही रोशनी ले रहे हैं, एक ही जल पीकर अपने शरीर को चला रहे हैं, एक ही हवा में साँस ले रहे हैं; कुदरत के सभी अंगों का एक सा प्रभाव ग्रहण कर रहे हैं। अगर कुदरत के नियमों में कोई फर्क नहीं है तो इस बनाने वाले कादर में कहां फर्क आ सकता है? जिन्होंने यह बोध हासिल कर लिया, उनके सारे भेद मिटते चले गए। उनके मन से घृणा-नफ़रत दूर हो गई और उसके स्थान पर प्यार स्थापित हो गया। इसलिए महापुरुषों ने इन्सान को प्रेरणा दी कि तू प्रभु को जानकर ऐसे भावों से युक्त हो जा जिससे तेरा यह लोक का सफर भी सहजता से तय हो और तेरी आत्मा का भी कल्याण हो जाये।




## नोकरियां यहां देखें

**बैंक ऑफ इंडिया में अपरेंटिस के**
कुल पद: 400
आवेदन की अंतिम तिथि: 10 जनवरी, 2026
योग्यता, यू जी
आयु सीमा: 20 साल से 28 साल
करें आवेदन:
**bankofindia.bank**

**बीटीएससी द्वारा विज्ञापित जूनियर इंजीनियर व अन्य के**
कुल पद: 3407
अंतिम तिथि: 12 जनवरी, 2026
योग्यता: इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
आयु सीमा: 18 से 27 साल
करें आवेदन:
**www.btsc.gov.in**

**गार्डन रीच इंजीनियर्स में अपरेंटिस के**
कुलपद: 226
आवेदन की अंतिम तिथि: 10 जनवरी, 2020
योग्यता: दसवीं, डिप्लोमा आई टी आई
आयु सीमा: अधिकतम 26 साल
आवेदन करें :
**www.gre.com**

**यूपी पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर के**
कुल पद: 1352
आवेदन की अंतिम तिथि:15 जनवरी, 2024
योग्यता:12वीं डिप्लोमा
आयुसीमा:18 से 28 साल
करें आवेदन:
**www.uppbpb.gov.in**

**बिहार सर्विस कमीशन (BTSC) द्वारा विज्ञापित जूनियर इंजीनियर के**
कुल पद: 3407
आवेदन की अंतिम तिथि: 12 जनवरी,2026
पात्रता: इंजीनियरिंग डिप्लोमा
आयु सीमा: 18 से 37 वर्ष
करें आवेदन:
**www.btsc.bihar.gov.in**

**झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (JSSC) द्वारा विज्ञापित स्पेशल टीचर के**
कुल पद: 3451
आवेदन की अंतिम तिथि: 13 जनवरी, 2026
पात्रता: डिप्लोमा / यूजी
आयु सीमा: 21 से 40 वर्ष
करें आवेदन:
**jssc.jharkhand.gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए **arthparkash.com** देखें

# खरखौदा में अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

खरखौदा। जिला नगर योजनाकार, सोनीपत द्वारा गांव खरखौदा की राजस्व सीमा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आज फिर सख्त कार्रवाई की गई।जिला नगर योजनाकार, सोनीपत की इन्फोर्समेंट टीम द्वारा खरखौदा बाईपास पर आई.टी.आई. चौक के निकट लगभग 6 एकड़, सांपला-खरखौदा रोड पर प्रताप डेयरी के पास लगभग 4 एकड़ तथा सोनीपत-खरखौदा बाईपास पर लगभग 5.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जांच के दौरान पाया गया कि इन क्षेत्रों में एक निर्माणाधीन व्यावसायिक ढांचा, चार चारदीवारियां, नौ डी.पी.सी. तथा कच्चा सड़क नेटवर्क बनाकर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जिला प्रशासन के सहयोग से इन सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। उक्त अवैध कॉलोनियां प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा विकसित की जा रही थीं, जो अवैध रूप से कॉलोनी काटकर प्लॉट बेच रहे थे।विभाग द्वारा आम जनता को सचेत किया गया है कि ऐसे प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर किसी भी प्रकार की जमीन की खरीद-फरोख्त न करें। वर्तमान में विभाग द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आमजन को यह संदेश दिया जा सके कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदना भविष्य में गंभीर नुकसान का कारण बन सकता है।

जिला नगर योजनाकार, सोनीपत ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत अवैध कॉलोनियों एवं निर्माणों को प्रारंभिक अवस्था में ही ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री अचिन, नायब तहसीलदार, खरखौदा तथा पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आगे और अधिक सख्ती बरती जाएगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने और निर्माण करने वालों के मंसूबे सफल न हो सकें। सभी अवैध कॉलोनियों में आमजन को जागरूक करने हेतु चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा चुके हैं।

# इंटरनेट का ज्ञान न होकर सूचना का बनता जा रहा है ढेर: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

चंडीगढ़। ज्ञान के नाम पर आज जानकारी और सूचना को ज्ञान समझकर परोस रहे हैं, जो अक्सर किताबों, इंटरनेट और सोशल मीडिया से मिलती है, लेकिन इसमें विवेक, आचरण और गहरे अनुभव की कमी होती है, जिससे यह केवल 'ज्ञान' न होकर 'सूचना का ढेर' बन जाता है, जबकि सच्चा ज्ञान व्यावहारिक, नैतिक और आत्म-अनुभवात्मक होता है, जो व्यक्ति को सही-गलत का भेद सिखाता है। ज्ञान के नाम पर हम आज क्या परोस रहे है, जिससे आनेवाले भविष्य में क्या परिणाम होगा इसका शायद किसीको अंदाजा भी नहीं है या फिर अंदाजा कभी लगाया ही न गया हो,जरा भी विचार हुआ होता तो शायद कुछ सुधार हो गए होते !इन सबके बीच नैतिक मूल्य तो कही भी दिखाई ही नहीं पड़ते है ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।



मनीषीसंत ने आगे कहा पुस्तके वो साधन है जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के बीच पुल का निर्माण कर सकते है, और नैतिक शिक्षा और नैतिक मूल्यों और आदर्शो को भी स्थापित किया जा सकता है, परन्तु आज तो ऐसा कुछ भी नहीं है ! आज हम प्राय विद्यालयों में देखते है, की शिक्षा केवल नाम के लिए रह गयी है, शिक्षा के द्वारा प्राचीन समय में हमे ज्ञान तथा नैतिक मूल्यों को सिखाया जाता था ! परन्तु आज ये बहुत बड़ा प्रश्न हमारे सामने उठ खड़ा हुआ है, की आज की शिक्षा प्रणाली से हम वही ज्ञान और नैतिक मूल्यों को अर्जित कर रहे है, शिक्षार्थियों को केवल उत्तीर्ण करने के हेतु से उन्हें ज्ञान दिया जाता है, या फिर कह सकते है उन्हें तैयार किया जाता है ! और इसीसे रटंत विद्या जैसी परिकल्पना उठ खड़ी हुई है, और तोता रटंत विद्या यह साकार हो रही है। विवेकहीन ज्ञान~ ऐसा ज्ञान जो सही-गलत का भेद नहीं सिखाता, जिससे व्यक्ति भ्रमित होता है और गलत चुनाव करता है, जबकि ज्ञान विवेक और स्पष्टता लाता है। दिखावटी ज्ञान~ कुछ लोग केवल पढ़े-लिखे होने का दिखावा करते हैं, जबकि वास्तविक ज्ञान जीवन को सार्थक बनाता है और दूसरों के प्रति समझदारी सिखाता है। मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया आज की शिक्षा प्रणाली एवं समाज और सरकार पर ही किया जाता है, ये कई हद तक सही भी है, परन्तु एक विद्यार्थी के साथ एक शिक्षक को भी अपने आदर्शो का मान रखना चाहिए ! शिक्षक नाम के गर्व को बनाये रखना चाहिए ! कहते है एक मछली पूरे तालाब को गन्दा करती है, उसी प्रकार किसी एक या दो शिक्षको के गलत कार्यो के द्वारा कहीं न कहें पूरे शिक्षक समाज पर उनकी छीटे उडी है, और इन छिटो को हम शिक्षक समाज को मिलकर ही दूर करना होगा, हमें अपने नाम के आगे गौरव की वो शिखा स्थापित करनी होगी।

## पंचांग

शुक्रवार, 9 जनवरी, 2026, सूर्योदय: 07:15 ए एम, सूर्यास्त: 05:41 पी एम, चन्द्रोदय: 11:48 पी एम, चन्द्रास्त: 11:07 ए एम, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वत: 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वत: 2082 पिङ्गल, अमान्त महीना: पौष, पूर्णिमान्त महीना: माघ, वार: शुक्रवार, पक्ष: कृष्ण पक्ष, तिथि: सप्तमी - पूर्ण रात्रि तक, नक्षत्र: उत्तराफाल्गुनी - 01:40 पी एम तक, योग: शोभन - 04:56 पी एम तक, करण: विष्टि - 07:39 पी एम तक, द्वितीय करण: बव - पूर्ण रात्रि तक, सूर्य राशि: धनु, चन्द्र राशि: कन्या, राहुकाल: 11:10 ए एम से 12:28 पी एम, गुलिक काल: 08:33 ए एम से 09:52 ए एम, यमगण्ड: 03:05 पी एम से 04:23 पी एम, अभिजित मुहूर्त: 12:07 पी एम से 12:49 पी एम, दुर्मुहूर्त: 09:20 ए एम से 10:02 ए एम, दुर्मुहूर्त: 12:49 पी एम से 01:31 पी एम, वर्ज्य: 10:46 पी एम से 12:30 ए एम, जनवरी 10

## भविष्य फल



**मेष:** सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन शुभ है।

**वृष:** कुदरत ने आपको आत्मविश्वास और तेज दिमाग से नवाजा है इसलिए इनका भरपूर इस्तेमाल कीजिए।

**मिथुन:** विद्यार्थी, कलाकार और खिलाड़ियों के लिए आज का दिन अच्छा है। पिता तथा सरकार की ओर से लाभ होगा।

**कर्क:** आज आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। आज आप जो भी कार्य कर रहे है उसे पॉजिटिवीटि के साथ करें।

**सिंह:** आज के दिन आराम करना जरूरी साबित होगा, क्योंकि आप हाल के दिनों में भारी मानसिक दबाव से गुजरे हैं। घरेलू जिन्दगी में कुछ तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या:** आज आपकी बौद्धिक क्षमताएं आपको कमियों से लड़ने में सहायता करेंगी। तन-मन की ताजगी के अनुभव के साथ आज की शुरुआत होगी।

**तुला:** आज आप खुद को ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। इसी ऊर्जा के साथ आज आप घर के कामों में परिवारवालों का पूरा सहयोग करेंगे।

**वृश्चिक:** भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें। दोस्तों के साथ शाम बेहद मजेदार और हँसी-खुशी से भरपूर रहेगी।

**धनु:** आज आप काल्पनिक दुनिया में ही दिन व्यतीत करेंगे। परिवारजनों और मित्रों के साथ खान-पान का आयोजन होगा।

**मकर:** आज ऑफिस के काम से विदेश यात्रा करना पड़ सकता है। यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी। साथ ही नौकरीपेशा वालों आज का दिन बेहतरीन है।

**कुंभ:** जल्दी ही बीमारी से उबरने की संभावना है। दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें।

**मीन:** मिली जुली भावनाएं आज आपको दुखी रखेगी। अपने मूड पर काबू रखते हुए खुश रहने की कोशिश करें।

# अनिल गोयल को श्री अग्रवाल सभा लाडवा की महिला विंग ने किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

लाडवा। श्री अग्रवाल सभा लाडवा की महिला विंग द्वारा महिला पत्रकार अनिल गोयल को समाज सेवा और पत्रकारिता क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अनिल गोयल ने श्री अग्रवाल सभा लाडवा की महिला विंग द्वारा उन्हें यह सम्मान दिए जाने पर सभा का आभार व्यक्त किया है और विश्वास दिलाया है कि वह समाज की गतिविधियों और समाज द्वारा किए गए कार्यों को अपनी लेखनी के माध्यम से समाज के लोगों को प्रेरित करती रहेगी।

सभा ने उन्हें यह सम्मान देकर एक महिला पत्रकार का हौसला और आगे बढने का मौका दिया है। इसके लिए उन्होंने सभा की दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक महिला पत्रकार को आगे बढ़ाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि श्री अग्रवाल सभा लाडवा महिला विंग हमेशा समाज के कार्यों में आगे रहती है। इसके अलावा सभा समय-समय पर तीज त्योहार व अन्य अवसरों पर सामाजिक कार्य आयोजित करती है । इसके अलावा महिला विंग ग द्वारा महिलाओं की आवाज को और महिलाओं की समस्याओं को उजागर कर उनकी मदद भी की जाती है।

उन्होंने महिला विंग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज उन्होंने एक महिला पत्रकार को सम्मानित करके महिलाओं के प्रति जो सम्मान दर्शाया है वह निश्चित रूप से सराहनीय है। उन्होंने महिला विंग की इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इस सम्मान के प्रति अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करेगी और अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में फैली सामाजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास करेंगी। उनका प्रयास रहेगा कि वह समाज में की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित करने में अपनी भूमिका निभाने का काम करें। उनका प्रयास रहेगा की प्रशासन के समक्ष इन समस्याओं को रखकर उन्हें हल करवाया जाए। उन्होंने महिला विंग की प्रधान और अन्य पदाधिकारी का यह सम्मान देने पर दिल से आभार व्यक्त किया।

# 12 जनवरी को सोनीपत के बाल भवन में आयोजित होगा लोहड़ी उत्सव

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष करेंगे मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोनीपत के बाल भवन परिसर में 12 जनवरी को पारंपरिक लोक पर्व लोहड़ी उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल की धर्मपत्नी तथा हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। लोहड़ी उत्सव के सफल एवं



सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में वीरवार को उपायुक्त सुशील सारवान ने बाल भवन पहुंचकर जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय, सुरक्षित एवं सुचारू ढंग से किया जाए।उपायुक्त ने टेंट एवं पंडाल व्यवस्था, मंच सज्जा, माइक एवं साउंड सिस्टम, कानून व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, शौचालय, साफ-सफाई, यातायात व पार्किंग व्यवस्था तथा अतिथियों के लिए जलपान जैसी विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि लोहड़ी उत्सव हमारी समृद्ध लोक संस्कृति का प्रतीक है और इस प्रकार के आयोजन सामाजिक सौहार्द एवं सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीसीपी कुशलपाल सिंह, सीटीएम डॉ. अनमोल, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए शिकायतों का समाधान करें अधिकारी: डॉ. अनमोल

वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में 12 शिकायतें हुई प्राप्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। सोनीपत के लघु सचिवालय स्थित तृतीय तल पर वीरवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतों की सुनवाई करते हुए सीटीएम डॉ. अनमोल ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से समाधान सुनिश्चित करें। सीटीएम डॉ. अनमोल ने कहा कि शिकायतों के समाधान के उपरांत संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता से उसकी संतुष्टि के बारे में अवश्य जानकारी लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाधान की प्रक्रिया केवल औपचारिक न होकर शिकायतकर्ता की वास्तविक समस्या के निवारण पर केंद्रित होनी चाहिए।उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें। सीटीएम ने कहा कि जिलावासियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर एसीपी राजपाल सिंह, एसीयूटी योगेश दिल्हौर, डीडीपीओ मनीष मलिक, तहसीलदार कीर्ति सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमेज़न पे ने वित्तीय सेवाओं का विस्तार करते हुए फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत की

चंडीगढ़। अमेज़न पे ने आज फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत की घोषणा की, जो भारत में उसके वित्तीय सेवा इकोसिस्टम के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है। दो प्रमुख एनबीएफसी–श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस–और पांच बैंकों–शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, साउथ इंडियन बैंक, स्लाइस और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक–के साथ रणनीतिक साझेदारी के ज़रिए, अमेज़न पे देशभर के लाखों ग्राहकों को फिक्स्ड डिपॉज़िट विकल्प उपलब्ध करा रहा है।अब ग्राहक अमेज़न पे पर सिर्फ 1,000 रुपये से फिक्स्ड डिपॉज़िट खोल सकते हैं और इसके लिए उन्हें हर बैंक में अलग-अलग सेविंग अकाउंट खोलने की जरूरत नहीं होगी। साझेदार संस्थान 8प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दर की पेशकश कर रहे हैं। सभी साझेदार वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 0.5 प्रतिशत ब्याज प्रदान करते हैं। वहीं, श्रीराम फाइनेंस महिला निवेशकों को 0.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त ब्याज देता है। अमेज़न पे के सीईओ विकास बंसल ने कहा, भारत में फिक्स्ड इनकम इंस्ट्रूमेंट्स काफी लोकप्रिय हैं, क्योंकि इनकी संरचना सरल होती है, रिटर्न सुनिश्चित होता है और जोखिम कम होता है। नए साल की शुरुआत में इस लॉन्च के साथ हम ग्राहकों के लिए विकल्पों का विस्तार कर रहे हैं।

# 77वें गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर खरखौदा एसडीएम ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

अनाज मंडी में आयोजित होगा समारोह, बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

खरखौदा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर वीरवार को खरखौदा लघु सचिवालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किय गया। बैठक की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी निर्मल नागर द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस



समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए।उपमंडल अधिकारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है, जो हमें संविधान के मूल्यों, एकता और अखंडता की याद दिलाता है।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा समयबद्ध रूप से सभी तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, मंच सज्जा, ध्वजारोहण, परेड, जलपान, कानून व्यवस्था एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अग्निशमन सुविधा और एंबुलेंस सुविधा भी उपलब्ध कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें ताकि गणतंत्र दिवस समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक के दौरान सभी विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।








# अलर्ट रहें! पंचकूला में तेंदुए ने हमला कर कुत्ते को दबोचा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 8 जनवरी।** चंडीगढ़ से सटे हरियाणा के पंचकूला शहर में लोगों की रिहायश के बीच जंगल के खूंखार शिकारी तेंदुए को बार-बार देखा जा रहा है। इस आदमखोर की मूवमेंट के चलते लोगों में दहशत का माहौल बन रखा है। जानकारी मिल रही है कि एक बार फिर से चंडीमंदिर आर्मी कैंट एरिया के नजदीक तेंदुए की मूवमेंट देखी गई है। जिसके बाद चंडीमंदिर आर्मी यूनिट द्वारा फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की टीम से रेकी करने और जाल बिछाने के लिए संपर्क किया गया है। गुरुवार बाद दोपहर को वन विभाग ने एरिया में तेंदुए को पकड़ने के लिए दो जाले भी लगाए। ज्ञात रहे कि अभी हाल ही में भी यहां तेंदुए को देखा गया था। जिसके बाद फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की टीम यहां सक्रिय हो गई थी।

मिल रही जानकारी के अनुसार, कैंट एरिया के पास तेंदुए ने एक कुत्ते पर हमला किया है और उसे दबोचकर भागा है। जानकारी में बताया गया कि वीरवार सुबह 4 बजे के करीब हॉस्पिटल रूञ्ज एरिया के नजदीक तेंदुए की मूवमेंट देखी गई। वह अचानक रेलवे ट्रैक साइड एरिया से आया और फिर एक कुत्ते पर हमला किया और इसके बाद उस कुत्ते को उठाकर उसी तरफ वापस भाग गया। इससे पहले मंगलवार बुधवार रात ओल्ड स्टेशन वर्कशॉप लोकेशन के पास रात 9=15 बजे के करीब तेंदुए के देखे जाने की खबर मिली थी। जबकि इससे पहले सोमवार रात करीब 9.30 बजे शिवालिक बर्ड सैंक्चुअरी और चीता हेलीकॉप्टर डिस्प्ले के पास तेंदुआ देखा गया था।
























अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# 'यूपी दिवस' केवल उत्सव नहीं, प्रदेश की पहचान व सामर्थ्य का वैश्विक मंच बनेगा : मुख्यमंत्री योग

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्थापना की स्मृति में आयोजित होने वाला उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष और अधिक व्यापक, भव्य एवं वैश्विक स्वरूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि 24 से 26 जनवरी, 2026 तक प्रस्तावित तीन दिवसीय समारोह के अंतर्गत राजधानी लखनऊ में मुख्य आयोजन के साथ-साथ प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों, देश के सभी राजभवनों तथा विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों में भी यूपी दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

गुरुवार को तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के नागरिक आज देश-दुनिया के अनेक हिस्सों में अपनी पहचान बना चुके हैं। यूपी दिवस ऐसा अवसर बने, जो प्रवासी उत्तर प्रदेशवासियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े। इसके लिए सभी राजभवनों में संवाद स्थापित कर आयोजन सुनिश्चित किए जाएं। इन आयोजनों में प्रदेश सरकार के मंत्रीगण उपस्थित रहकर प्रवासी यूपीवासियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री ने विदेशों में भारतीय दूतावासों के माध्यम से भी यूपी दिवस आयोजन के लिए संवाद बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यूपी दिवस' केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक चेतना, आर्थिक शक्ति और विकास यात्रा को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का माध्यम है। आयोजन गरिमामय, सुव्यवस्थित, नवाचारयुक्त और व्यापक जनभागीदारी से युक्त हों।

मुख्यमंत्री ने जनपद, मंडल और राज्य स्तर पर गायन, नृत्य, वादन और नाट्य प्रतियोगिताओं के आयोजन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरीय समारोहों में जिले की विकास यात्रा पर केंद्रित विशेष फिल्म भी प्रदर्शित की जाये।यूपी दिवस के अवसर पर 'उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान', 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' और 'माटी कला बोर्ड सम्मान' प्रदान किए जाएंगे। उद्यमियों, खिलाड़ियों, महिलाओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों और प्रगतिशील किसानों को सम्मानित कर प्रदेश की प्रतिभा और परिश्रम को सम्मान दिया जाएगा।

इसके साथ ही, प्रदेश की ऐतिहासिक और वैचारिक विरासत को जनमानस से जोड़ने के लिए धरती आबा बिरसा मुंडा, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, सरदार वल्लभभाई पटेल, वंदे मातरम-आनंद मठ और पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होल्कर से जुड़े नाट्य मंचनों का आयोजन किया जाएगा। भारतेंदु नाट्य अकादमी द्वारा वंदे मातरम् रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आनंद मठ आधारित विशेष प्रस्तुति होगी। युवाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र वंदे मातरम तथा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत करेंगे।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस वर्ष आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदेश की संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए 3-डी और फाइबर मॉडल, वर्चुअल रियलिटी, 360 डिग्री टूर, लघु फिल्में, क्विज प्रतियोगिताएं और छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यूपी दिवस' को जनउत्सव का स्वरूप देने के लिए ओपन माइक, नुक्कड़ नाटक, कठपुतली थियेटर, रंगोली, पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता, पाक-कला प्रतियोगिता और कला ग्राम जैसे आयोजन होंगे। आगरा, किराना, बनारस, हरिहरपुर, लखनऊ और रामपुर, हरिहरपुर और बदायूं जैसे प्रतिष्ठित संगीत घरानों की विशेष प्रस्तुतियां भी होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी दिवस-2026 प्रदेश की पहचान, आत्मगौरव और विकास यात्रा का प्रभावशाली प्रतीक बने। सभी कार्यक्रम समयबद्ध, समन्वित और उच्च गुणवत्ता के हों, ताकि यह आयोजन स्मरणीय और प्रेरणादायी जनउत्सव के रूप में स्थापित हो सके।

## योगी सरकार आयुष्मान अस्पतालों को 30 दिन में कर रही भुगतान

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम




लखनऊ। योगी सरकार गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज कराने वाले परिवारों के लिए जहां कैशलेस उपचार सुनिश्चित किया गया है, वहीं योजना से जुड़े अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले एक वर्ष में आयुष्मान योजना के क्लेम निस्तारण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जनवरी-25 में जहां क्लेम की पेंडेंसी 10 लाख 75 हजार तक पहुंच गई थी, वहीं दिसंबर-25 तक यह घटकर मात्र 3 लाख रह गयी है। इसे भी जल्द ही निस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योजना के तहत प्रति माह औसतन 2 लाख से अधिक क्लेम अस्पतालों से प्राप्त होते हैं। इतनी बड़ी संख्या में आने वाले क्लेम का समयबद्ध निस्तारण एक बड़ी चुनौती है। इसके बावजूद यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पुराने लंबित मामलों के साथ-साथ नए क्लेम का भी नियमित और सुव्यवस्थित तरीके से निस्तारण हो। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सूचीबद्ध अस्पताल बिना हीलाहवाली के आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज सुनिश्चित करें।

साचीज की एसीईओ पूजा यादव ने बताया कि क्लेम निस्तारण प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए मेडिकल ऑडिट व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। इसी क्रम में मेडिकल ऑडिटरों की संख्या 40 से बढ़ाकर 130 कर दी गई है। इससे क्लेम की जांच प्रक्रिया तेज हुई है। इसके साथ ही क्लेम प्रोसेसिंग डेस्क की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 125 कर दी गई है। योजना के तहत अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत क्लेम्स का भुगतान 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा यानी टर्न अराउंड टाइम के भीतर किया जाए। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एजेंसी स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें की जा रही हैं और लंबित मामलों की सतत निगरानी की जा रही है।

साचीज की सीईओ ने बताया कि जनवरी-25 से दिसंबर-25 की अवधि के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के सूचीबद्ध अस्पतालों को क्लेम्स के सापेक्ष कुल 4,649 करोड़ रुपये की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि योगी सरकार न सिर्फ इलाज की व्यवस्था कर रही है, बल्कि अस्पतालों के आर्थिक हितों की भी पूरी तरह से रक्षा कर रही है, ताकि वे गरीब मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दे सकें। योगी सरकार की नीतियों से क्लेम पेंडेंसी में कमी, समयबद्ध भुगतान और मजबूत ऑडिट व्यवस्था ने अस्पतालों का विश्वास बढ़ाया है। इसका सीधा लाभ गरीब और जरूरतमंद मरीजों को मिल रहा है, जिन्हें अब इलाज के लिए कर्ज और संपत्ति बेचने की मजबूरी से पूरी तरह से मुक्ति मिल गई है।

## पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में आधुनिक तकनीक से किया जा रहा कोचों का रखरखाव




अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने एयर ब्रेक तथा वायवीय प्रणाली के लीकेज का पता लगाने और कोच संरक्षा को और अधिक बेहतर करने के लिए गुवाहाटी कोचिंग डिपो के सिक लाइन और पिट लाइन पर अत्याधुनिक फ्लूक ii905 एकॉस्टिक इमेजर तकनीक शुरू किया है। इस एकॉस्टिक इमेजर का उपयोग डीवी लीकेज, एयर बेलो लीकेज और एयर ब्रेक पाइप लीकेज की तेज़ दृश्य पहचान के लिए किया जा रहा है। यह तकनीक दृश्य छवियों पर ओवरलेड किए गए एकॉस्टिक साउंड मैप के माध्यम से कंप्रेशड एयर और गैस रिसावों का सटीक स्थान निर्धारण करने में सक्षम है, जो सटीक, सुरक्षित और समय-कुशल निदान सुनिश्चित करती है। यह पहल एयर ब्रेक लीकेज की पहचान करने की विश्वसनीयता में काफी सुधार करती है, निदान समय को कम करती है और समय पर सुधार को सहयोग करती है, जिससे परिचालन दक्षता बढ़ती है। प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए, गुवाहाटी कोचिंग डिपो में पिट लाइन कर्मियों को कम्प्यूटरीकृत आरटीआर मशीनों के संचालन और उन्नत निदान उपकरणों के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

इसके अलावा, सिक लाइन, गुवाहाटी ने 'वन डे वन कोच-इंटेंसिव' पहल अपनाई है, जिसके तहत प्रतिदिन एक कोच का व्यापक ओवरहॉलिंग किया जाता है। कार्यों में बाहरी पेंटिंग, यात्री सुविधाओं की फिटमेंट, बर्थ रेक्सिन का बदलना, लिनेन भंडारण की मरम्मत, शौचालयों में नए ईपीपीएफ सिलेंडरों की स्थापना, नए डस्टबिन और साइड मिरर की व्यवस्था शामिल है। अब तक, इस पहल के तहत तीन कोच में कार्य पूरे कर लिए गए हैं। ये उपाय आधुनिक तकनीक के माध्यम से पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे की यात्री सुरक्षा, गुणवत्ता रखरखाव और निरंतर उन्नयन के प्रति प्रतिबद्धता को प्रमाणित करते हैं।

## बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, बनारस ने 69वीं अखिल भारतीय रेलवे गोल्फ चैंपियनशिप जीती



**रेल डिब्बा कारखाना , कपूरथला की गोल्फ टीम रही उपविजेता**

**कपूरथला।** रेल डिब्बा कारखाना गोल्फ कोर्स में आयोजित 69वीं अखिल भारतीय रेलवे गोल्फ चैंपियनशिप - 2025-26 का आज समापन हुआ। प्रतियोगिता में बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, बनारस की टीम ने 448 के स्कोर के साथ चैंपियनशिप जीतने का श्रेय हासिल किया। रेल डिब्बा कारखाना, कपूरथला की टीम ने 452 के स्कोर के साथ प्रथम उपविजेता का स्थान प्राप्त किया, जबकि दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद की टीम ने 472 स्ट्रोक्स के साथ द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया।

07.01.2026 को खेले गए पहले राउंड के बाद आर सी एफ टीम 222 स्ट्रोक्स के साथ पहले स्थान पर थी, जबकि बनारस टीम 226 स्ट्रोक्स के साथ दूसरे और दक्षिण मध्य रेलवे 235 स्ट्रोक्स के साथ तीसरे स्थान पर रही।

इस अवसर पर पुरस्कारों का वितरण रेल डिब्बा कारखाना के सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर श्री अमर सिंह द्वारा किया गया। बनारस टीम के इमामुल हक, गुलफाम हुसैन, रितेश और हेमंत यादव को मुख्य अतिथि द्वारा विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं आर सी एफ टीम के युवराज सिंह, रणवीर सिंह, जगमोहन सिंह और दीपक शर्मा को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, आर सी एफ के युवराज सिंह ने 'लॉन्गेस्ट ड्राइव' प्रतियोगिता जीतने का श्रेय प्राप्त किया तथा 141 के ग्रॉस स्कोर के साथ सर्वश्रेष्ठ गोल्फर घोषित किए गए। बनारस के गुलफाम हुसैन और इमामुल हक को 148-148 के स्कोर के साथ क्रमशः प्रथम और द्वितीय उपविजेता पुरस्कार प्रदान किए गए। दक्षिण पूर्व रेलवे टीम के राजा बाबू अली ने 'नियरस्ट टू पिन' प्रतियोगिता जीती। इस अवसर पर के. एस. असला, प्रधान वित्त सलाहकार और अध्यक्ष /आर सी एफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन , सभी वरिष्ठ अधिकारी तथा रेलवे खेल कंट्रोल बोर्ड और आर सी एफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

## एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी को क्यूएस आई-गेज 'इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस' पुरस्कार 2025-26 से सम्मान

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



अमरावती। एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी, को प्रतिष्ठित क्यूएस आई-गेज इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस (आईओएच) पुरस्कार 2025-26 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय की सकारात्मक, समावेशी और कल्याण-केंद्रित शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने की दृढ़ प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। यह पुरस्कार छात्रों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों सहित एक व्यापक हितधारक सर्वेक्षण के बाद प्रदान किया गया, जो शैक्षणिक जगत में खुशी, भावनात्मक कल्याण और समग्र विकास पर संस्थान के निरंतर ध्यान को दर्शाता है।

क्यूएस आई-गेज इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है जो मानसिक स्वास्थ्य, हितधारकों की संतुष्टि और मानव-केंद्रित परिसरों को प्राथमिकता देने वाले शैक्षणिक संस्थानों का मूल्यांकन और सम्मान करती है। 2025-26 संस्करण 'एक परिसर, अनेक मुस्कान- कल्याण में हर आवाज का जश्न' विषय पर आधारित है, जो समावेशिता, भावनात्मक स्वास्थ्य और सामुदायिक भागीदारी पर जोर देता है। इस उपलब्धि पर बोलते हुए प्रो-चांसलर डॉ. पी. सत्यनारायणन ने कहा कि एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी खुशी की संस्कृति और सकारात्मक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, और एक परिवर्तनकारी और समावेशी शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करेगी।

एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी के कुलपति प्रोफेसर सी. सतीश कुमार ने कहा, 'एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी में, हम दृढ़ता से मानते हैं कि अकादमिक उत्कृष्टता और छात्र कल्याण साथ-साथ चलने चाहिए। क्यूएस आई-गेज इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस 2025-26 के रूप में मान्यता प्राप्त होना परिसर में ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है जहां छात्र और संकाय सदस्य खुद को मूल्यवान, समर्थित और प्रेरित महसूस करते हैं।' मूल्यांकन प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी के एसोसिएट डीन क्वालिटी एश्योरेंस एंड रैंकिंग्स, डॉ. कार्तिक राजेंद्रन ने कहा यह मान्यता एक सहायक और सहभागी वातावरण बनाने के लिए हमारे शैक्षणिक समुदाय के सामूहिक प्रयासों को दर्शाती है। क्यूएस आई-गेज से प्राप्त फीडबैक और विश्लेषण हमें उन नीतियों और प्रथाओं को और बेहतर बनाने में मदद करेंगे जो गुणवत्ता, संतुष्टि और समग्र रूप से परिसर में खुशहाली को बढ़ावा देती हैं। यह पुरस्कार नई दिल्ली में कुलपति प्रोफेसर सी. सतीश कुमार ने ग्रहण किया। इस सम्मान के साथ, एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी एक आनंदमय, लचीले और भविष्य के लिए तैयार शैक्षणिक समुदाय के निर्माण के अपने मिशन को और मजबूत कर रहा है, जिसमें खुशी और कल्याण को शैक्षिक उत्कृष्टता के मूल स्तंभ के रूप में स्थापित किया गया है।

## एडवोकेट राम धीमान के पिता का निधन, परिवार को गहरा सदमा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



जीरकपुर। एडवोकेट राम धीमान के पूज्य पिताजी श्री फूल कुमार धीमान जी का आज अचानक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार अत्यंत दुःखद और मर्माहत करने वाला है। इस आकस्मिक घटना से परिवार पर गहरा सदमा पहुंचा है।

परिवार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिवंगत श्री फूल कुमार धीमान जी का अंतिम संस्कार आज दिनांक 8 जनवरी 2026 को सायं श्मशान घाट, साधु नगर, डेरा बस्सी में संपन्न किया गया। अंतिम संस्कार में परिवारजन, रिश्तेदार, राजनितिक और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस दुःख की घड़ी में क्षेत्र के लोगों ने शोकसंतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त की हैं।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लेकर एबीआरएसएम प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से की भेंट, शिक्षकों के हित में हस्तक्षेप की मांग

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



नई दिल्ली। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से जुड़े सर्वोच्च न्यायालय के 1 सितंबर 2025 के निर्णय को लेकर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर समुचित कार्यवाही की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने सिविल अपील संख्या 1385/2015 के संदर्भ में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए इस निर्णय को पूर्वव्यापी रूप से लागू किए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई। महासंघ ने कहा कि यदि नियुक्ति तिथि की परवाह किए बिना सभी सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य किया गया, तो इससे देशभर के लगभग 12 लाख शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा, वरिष्ठता, पदोन्नति और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री का ध्यान राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना की ओर दिलाया, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि कक्षा एक से आठ तक के शिक्षकों हेतु न्यूनतम योग्यताएं अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होंगी और उससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट प्राप्त होगी।

एबीआरएसएम ने यह भी तर्क दिया कि वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षकों पर इस निर्णय को पूर्वव्यापी रूप से लागू करना न्यायोचित नहीं होगा और इससे उनकी गरिमा एवं वैध अपेक्षाओं को ठेस पहुंचेगी। महासंघ ने शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि वे इस निर्णय को केवल भावी रूप से लागू कराने, पूर्व में नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता और सेवा अधिकारों की रक्षा करने तथा संभावित सेवा-समाप्ति जैसी स्थितियों से बचाने हेतु आवश्यक विधिक एवं प्रशासनिक कदम उठाएं। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक का स्वागत करते हुए उसे और अधिक प्रभावी एवं समावेशी बनाने के लिए सुधारात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए। साथ ही उच्च एवं विद्यालय शिक्षा से संबंधित लंबित समस्याओं के समाधान हेतु एक विस्तृत मांग-पत्र सौंपा गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संगठन द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और दस्तावेजों को गंभीरता से लेते हुए एनसीटीई के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए तथा शिक्षकों के हितों और शिक्षा की गुणवत्ता के बीच संतुलन बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## पोलावरम प्रोजेक्ट का सीएम चंद्रबाबू नायडू ने किया निरीक्षण, शेष कार्य तय समय में पूरा करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



पोलावरम। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पोलावरम प्रोजेक्ट साइट पर अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारीलेकर चर्चा किया। मंत्री निम्माला रामानायडू, कोलुसु पार्थसारथी, नादेंदला मनोहर और दूसरे पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव ने रिव्यू में हिस्सा लिया। वाटर रिसोर्स डिपार्टमेंट के सीनियर अधिकारी और इंजीनियर रिव्यू में शामिल हुए। प्रोजेक्ट में 87 परसेंट सिविल काम पूरे हो चुके हैं। सीएम ने बाकी काम डेडलाइन के अंदर पूरे करने का ऑर्डर दिया। मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट में रहने वालों के रिहैबिलिटेशन और आर एंड आर कामों पर पूरा फोकस करने का ऑर्डर दिया।

मुख्यमंत्री एक एक्शन प्लान तैयार करें और रिहैबिलिटेशन और आर एंड आर कामों पर काम करें।

मुख्यमंत्री ने पोलावरम लेफ्ट कैनाल का काम जल्द से जल्द पूरा करने का सुझाव दिया। चंद्रबाबू ने प्लान बनाने को कहा ताकि राइट कैनाल से कोलेरू इलाकों में भी पानी जा सके।

मुख्यमंत्री ने पोलावरम में आयोजित अधिकारियों के बैठक में कहा कि वह मई के पहले हफ्ते में फिर से पोलावरम प्रोजेक्ट के कामों का इंस्पेक्शन करने पहुंचेंगे।

## महाराष्ट्र के 59वें निरंकारी संत समागम की तैयारियां उत्साहपूर्वक, सांगली में दिखा श्रद्धा भक्ति का अनुपम संगम

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़/पंचकुला/सांगली। महाराष्ट्र के 59वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का भव्य आयोजन आगामी 24, 25 एवं 26 जनवरी 2026 को सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज तथा निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में सांगलवाड़ी, सांगली (महाराष्ट्र) के विशाल मैदान में अत्यंत भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। कृष्णा नदी के मनोहारी तट पर बसा, स्वतंत्रता सेनानी क्रांति सिंह नाना पाटील की कर्मभूमि तथा कला और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध सांगली नगर को इस वर्ष महाराष्ट्र के प्रांतीय संत समागम का प्रथम बार आयोजन करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।

आध्यात्मिकता का आधार लिए यह समागम प्रेम, शांति और एकत्व का सार्वभौमिक संदेश देता है, जो निःसंदेह समस्त मानवता के कल्याणार्थ प्रेरक है। इस दिव्य संत समागम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु 28 दिसंबर 2025 से ही विधिवत रूप से सेवा कार्यों का शुभारंभ हो चुका है। तभी से सांगली क्षेत्र सहित संपूर्ण महाराष्ट्र से हजारों निरंकारी सेवादल सदस्य, स्वयंसेवक और श्रद्धालु भक्त समागम स्थल पर पहुँचकर पूरी श्रद्धा, निष्ठा एवं निष्काम भाव से सेवाओं में संलग्न हैं।

निरंकारी संत समागम की भव्यता केवल उसके विस्तृत भौतिक स्वरूप में नहीं, अपितु देश-विदेश से आने वाले असंख्य श्रद्धालु भक्तों की निर्मल भावनाओं, आत्मिक उल्लास और सामूहिक चेतना में प्रतिबिंबित होती है। यह मानवता का वह पावन स्थल है, जहां धर्म, जाति, भाषा, प्रांत और आर्थिक भेदभाव की समस्त सीमाएँ विलीन हो जाती हैं और सभी मानव प्रेम, सौहार्द, समानता एवं मर्यादा के सूत्र में बंधकर सेवा, सुमिरन और सत्संग में एकाकार हो जाते हैं।

समागम की तैयारियां इन दिनों अत्यधिक उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ तीव्र गति से चल रही हैं। कहीं विशाल मैदान समतल किए जा रहे हैं, तो कहीं स्वच्छता, मार्ग निर्माण और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सत्संग पंडाल, आवासीय टेंट, शामियाने तथा सभी आवश्यक सुविधाओं से युक्त एक सुव्यवस्थित नगरी भक्तों के सहयोग से सुचारू रूप से आकार ले रही है। श्रद्धालु भक्त सेवा को अपना परम सौभाग्य मानते हुए पूर्ण मर्यादा, विनम्रता और आनंद के साथ उसका निर्वहन कर रहे हैं। भक्तों के लिए सेवा कोई दायित्व नहीं, बल्कि आत्मिक आनंद की अनुभूति प्राप्त करने का पावन अवसर है।

समागम स्थल पर सर्वत्र सेवा, प्रसन्नता और उल्लास की दिव्य छटा दृष्टिगोचर हो रही है, जो स्वयं में एक प्रेरक आध्यात्मिक संदेश बन जाती है। आगामी दिनों में समागम स्थल एक 'भक्ति नगर' के रूप में परिवर्तित हो जायेगा, जहाँ देशभर से लाखों संत-महात्मा और श्रद्धालु एकत्र होकर मानवता, प्रेम और सद्भाव के इस महासंगम के साक्षी बनेंगे।

# आप ने मनरेगा को खत्म करने के विरोध में प्रदर्शन कर पीएम मोदी का पुतला फूंका

महिलाओं समेत सैकड़ों मनरेगा मजदूरों ने प्रदर्शन में लिया हिस्सा, मजदूर विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

इन मजदूरों ने हमारे देश को बनाया, मोदी सरकार उनकी रोजी-रोटी छीन रही है: देव मान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नाभा, 8 जनवरी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने नाभा के पटियाला गेट पर भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को योजनाबद्ध तरीके से खत्म करने के विरोध में विशाल प्रदर्शन किया। सैकड़ों मनरेगा मजदूरों ने सड़कों पर उतरकर केंद्र के खिलाफ नारेबाजी की और रोजगार गारंटी योजना में गरीब विरोधी नीतिगत बदलावों के विरोध में अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका।

मीडिया से बातचीत करते हुए आप विधायक गुरदेव सिंह देव मान ने कहा कि केंद्र अगर चाहे तो मनरेगा का नाम बदल सकता है, लेकिन इसकी नीति और मंशा में पूर्ण बदलाव अस्वीकार्य है। देव मान ने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा की आत्मा ही बदल दी है। इसकी नई नीतियों का मकसद गरीबों को कुचलना, उनकी रोजी-रोटी का गला घोंटना और उन्हें और गरीबी में धकेलना है।

उन्होंने केंद्र पर उन लोगों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से देश को बनाया है। उन्होंने कहा कि सड़कों और खेतों से लेकर ऊंची इमारतों तक, सुइयों से लेकर जहाजों तक, यह देश मजदूरों ने बनाया है। फिर भी आज उन्हीं मजदूरों पर हमले हो रहे हैं। जिन्होंने 1947 से गरीबों की वोटें लेकर सरकारें बनाईं, वे अब उन्हें सजाएं दे रहे हैं। विधायक ने केंद्र के मनरेगा फंडिंग का 40 फीसदी बोझ राज्यों पर डालने के फैसले का भी कड़ा विरोध करते हुए इसे ÷पूरी तरह से गैर-वाजिब और संघवाद विरोधी÷ करार दिया। उन्होंने कहा कि राज्य यह अतिरिक्त बोझ कैसे झेलेंगे? यह संघीय ढांचे पर सीधा हमला है और कल्याणकारी योजनाओं को कमजोर करने की कोशिश है।

देव मान ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने और मनरेगा के हक में एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब विधानसभा ने स्पष्ट रूप से केंद्र से मांग की है कि मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए और ये गरीब विरोधी बदलाव वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, अमन अरोड़ा और पूरी पार्टी मनरेगा मजदूरों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। इस मौके पर आप नेता अमरीक सिंह बांगड़ भी मौजूद थे, जिन्होंने मजदूरों के साथ एकजुटता का इजहार किया और केंद्र की नीतियों की निंदा की।

इस मौके पर बोलते हुए आप एससी विंग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह जीपी ने कहा कि पार्टी मनरेगा के बचाव में प्रदेशव्यापी प्रदर्शनों की अगुवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि आप पूरे पंजाब में प्रदर्शन कर रही है। कल हमने जालंधर में प्रदर्शन किया था, आज नाभा में और यह आंदोलन पूरे प्रदेश में तेज होगा। गुरप्रीत सिंह जीपी ने भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों पर लगातार हमले करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले किसानों पर तीन काले कृषि कानून थोपे गए थे। फिर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें हुईं। अब मनरेगा के नए कानूनों के जरिए कामकाजी महिलाओं और गरीब परिवारों पर सबसे ज्यादा मार पड़ रही है। हम इस बेइंसाफी को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### जब तक केंद्र बदलाव वापस नहीं लेता तब तक आंदोलन जारी रहेगा

उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक केंद्र बदलाव वापस नहीं लेता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक मोदी ये मजदूर विरोधी नीतियां वापस नहीं लेते। पंजाब ने हमेशा बेइंसाफी का विरोध किया है, और हम अपने राज्य और अपने लोगों के साथ लगातार हो रहे भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेंगे। आप नेताओं ने दोहराया कि गरीब कमजोर या डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने ऐलान किया कि वे इस देश के असली मालिक हैं। उनके अधिकार छीनने की किसी भी कोशिश का कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने मनरेगा मजदूरों की लड़ाई पंजाब के हर कोने में ले जाने का संकल्प लिया।

# कृषि-आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए पंजाब दो पुरस्कारों से सम्मानित: मोहिंदर भगत

प्रदेश भर में 31,000 से अधिक परियोजनाओं को ए.आई.एफ. योजना के तहत मंजूरी; 11,270 करोड़ रुपये का निवेश, 7,221 करोड़ रुपये के ऋण हुए मंजूर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार प्रदेश की कृषि के आधारभूत ढांचे को और मजबूत करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत के दिशा-निर्देशों के तहत बागवानी विभाग, जो ए.आई.एफ. योजना को लागू करने के लिए राज्य नोडल एजेंसी है, ने अपने निरंतर प्रयासों के कारण पंजाब की कृषि आधारभूत संरचना को मजबूत करने में अपनी शानदार कार्यक्षमता के लिए राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है। कृषि आधारभूत संरचना फंड (ए.आई.एफ.) योजना के तहत परियोजनाओं को बेहतरीन ढंग से लागू करने तथा प्रभावी निगरानी के लिए पंजाब को दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बागवानी मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित एक क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान पंजाब को 'बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट' तथा 'बेस्ट स्टेट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट' के रूप में पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने आगे बताया कि 31 दिसंबर, 2025 तक पंजाब में कुल 31,076 परियोजनाओं को ए.आई.एफ. योजना के तहत मंजूरी दी गई है, जिनमें 11,270 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा 7,221 करोड़ रुपये के ऋण भी मंजूर किए गए हैं। कृषि आधारभूत संरचना फंड योजना के लाभों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 7 वर्षों की अवधि के लिए 2 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर 3 प्रतिशत ब्याज पर सहायता दी जाती है। इस योजना के तहत ऋण की ब्याज दर 9 प्रतिशत तक सीमित है। उन्होंने बताया कि पंजाब बागवानी विभाग, जो ए.आई.एफ. योजना को लागू करने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है, द्वारा एक व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9056092906 स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से इच्छुक किसान योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

यह 'बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट' पुरस्कार भारत सरकार के संयुक्त सचिव अनबालगन पी. तथा उप सचिव श्रीमती रचना कुमार द्वारा निदेशक बागवानी, पंजाब, तथा ए.आई.एफ. योजना के राज्य नोडल अधिकारी श्रीमती शैलेंद्र कौर ने प्राप्त किया है। इसके अलावा दूसरा पुरस्कार श्रीमती रवदीप कौर, टीम लीडर तथा युवराज औलख, सलाहकार, राज्य प्रोजेक्ट निगरानी यूनिट द्वारा प्राप्त किया गया।

## आशा किरन स्कूल को 1 लाख रुपए का चेक किया भेंट



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 8 जनवरी।** गांव बजवाड़ा के रहने वाले देव क्रिशन बध्धन की तरफ से अपने दोहतों के जन्म दिन की खुशी में जे.एस.एस.आशा किरन स्पेशल स्कूल जहानखेला में 1 लाख रुपए का चैक भेट किया गया जिससे आने वाले समय में स्पेशल बच्चों को स्कूल में और सहूलतें मिल सकेगी। इस मौके आशादीप वैलफेयर सोसायटी के प्रधान हरबंस सिंह, खजानची हरीश ठाकुर ने इस आर्थिक मदद के लिए बध्धन परिवार का धन्यवाद किया और बताया कि दान में दिए गए पैसे किस तरह स्पेशल बच्चों की भलाई के लिए खर्च किए जाते है। इस मौके श्रीमती सलीन डरवे, दामाद पाराग डरवे, शामजीत सिंह बडवाल भी मौजूद रहे।

इस मौके प्रधान हरबंस सिंह ने आए हुए मेहमानों को स्कूल में चलाई जाने वाली गतिविधियों के प्रति जानकारी दी और बताया कि स्कूल में स्पेशल बच्चों को भविष्य के लिए किस तरह तैयार किया जाता है।

# सड़कों पर मौत बनकर घूम रहे आवारा पशु, कोहरे में बढ़ सकते है हादसे

हाइवे पर सबसे खतरा, सड़क किनारे झुण्ड बनाकर बैठे रहते है पशु





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 8 जनवरी।** तेजी से विकसित हो रहे जीरकपुर शहर में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। शहर में जगह-जगह लावारिस पशुओं की समस्या विकराल होती हो चुकी है। इस आवारा पशुओं में सबसे ज्यादा संख्या गायों की है जो झुण्ड बनाकर सड़कों पर घूम रही है जिसके चलते राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सर्दियां शुरू हो चुकी है और सड़को पर रात के समय कोहरे होने के कारण हादसों का खतरा बढ़ गया है। अभी तक प्रशासन ने शहर में घूम रही आवारा गायो के गले में रेडियम बेल्ट नहीं लगाई और न ही इनको सड़क से हटाने के पुख्ता प्रबंध किया जा रहे है। जबकि आवारा गायों के कारण जीरकपुर में कई हादसे हो चुके है कई लोग जान गंवा चुके है।

### यहां है सबसे ज्यादा समस्या

यह समस्या अंबाला-चंडीगढ़ रोड, पटियाला सड़क, बलटाना, पंचकूला रोड़ व ढकोली रोड सहित कई क्षेत्रों में है, लेकिन सबसे ज्यादा लावारिस पशुओं की समस्या के चलते अंबाला चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग व पटियाला रोड पर हैं। अंबाला रोड के किनारे जगह-जगह कूड़ा घर बने हैं। आसपास की कॉलोनियों से यहां कूड़ा इकट्ठा करके फेंक दिया जाता है। इस बीच कूड़ा बिनने वाले प्लास्टिक या अन्य ऐसी चीजों के लालच में कूड़े के ढेर को बिखेर देते हैं। बिखरे हुए कूड़े के ढेर के पास खाने के लालच में बहुत से लावारिस पशु आ जाते हैं जिससे यातायात बाधित हो जाता है। एक अनुमान के अनुसार जीरकपुर, बलटाना, ढकोली, पीरमुछल्ला और आसपास के गांवों में 3000 से भी ज्यादा आवारा गाय सड़कों पर है। इतना ही नहीं इन आवारा गायों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। झुण्ड बनाकर घूम रही आवारा गाय हादसे का कारण बन रही है। आवारा गाय सबसे ज्यादा हाईवे पर दिखाई देती है और पीरमुछल्ला एरिया में भी आवारा गायों की भरमार है।

### ढकोली क्षेत्र में सड़क के बीचो-बीच हुई आवारा पशुओं की भिड़ंत

शहर में बढ़ती हुई आवारा पशुओं के संख्या एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। के एरिया लाइट प्वाइंट से ढकोली की तरफ जाने वाली सड़क पर बोली साहिब गुरुद्वारा से ठीक पहले दो आवारा पशु आपस में भिड़ गए यह भिड़ंत 5 से 7 मिनट तक चलती रही। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ का यातायात बाधित हुआ। आसपास के लोगों ने पानी की डालकर पशुओं की लड़ाई को शांत करवाया।

## नगर कौंसिल जगराओं के सफाई कर्मचारियों की हालत धोबी के कुत्ते जैसी: अरुण गिल

### एक तरफ अफसर शाही, दूसरी तरफ शहरवासी



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं 8 जनवरी।** नगर कौंसिल जगराओं के सफाई कर्मचारियों की हालत धोबी के कुत्ते जैसी हो गई है, धोबी का कुत्ता घर में नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिले के अधिकारियों को भी लिखकर अवगत कराया है। स्थानीय स्तर पर न जाने कितनी बार प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन आज तक कूड़े का कोई पक्का समाधान नहीं हुआ। जिसके कारण सफाई कर्मचारी खुद मानसिक रूप से परेशान हैं। क्योंकि नेता और आम नागरिक उन्हें कूड़ा दूसरी जगहों पर फेंकने से रोक रहे हैं। आखिर वे कूड़ा लेकर कहां जाएं? कूड़े के लिए जगह न होने के कारण शहर में शहरवासियों और उनकी कम्युनिटी के बीच रिश्ते खराब हो रहे हैं। लिखकर अवगत कराने के बावजूद जब कोई पक्का समाधान नहीं हुआ तो उन्होंने कहा कि कल से सफाई कर्मचारी/सीवरमैन पक्की हड़ताल पर चले जाएंगे। अगर कोई गंभीर समस्या आती है तो इसके लिए सीधे तौर पर नेता, आम जनता और प्रशासन जिम्मेदार होंगे। इस मौके पर सभी सफाई कर्मचारी और सीवरमैन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# जेपी हॉस्पिटल के पीछे गोदाम एरिया में 25-30 अवैध झुग्गियां, बिना पहचान के रहा रहे संदिग्ध प्रवासी

स्थानीय कारोबारी खुद को असुरक्षित कर रहे महसूस

दो बार शिकायत, फिर भी नगर परिषद मौन



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 8 जनवरी।** जीरकपुर-चंडीगढ़ रोड पर स्थित जेपी हॉस्पिटल के पीछे बने गोदाम क्षेत्र में अवैध रूप से खड़ी की गई झुग्गियों ने स्थानीय कारोबारियों की परेशानी बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार इस इलाके में करीब 25 से 30 अवैध झुग्गियां बनी हुई हैं, जिनमें बाहरी राज्यों से आए प्रवासी लोग रह रहे हैं, जिनकी कोई पहचान या वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। स्थानीय गोदाम मालिकों का आरोप है कि इन झुग्गियों में रहने वाले लोगों में कई आपराधिक प्रवृत्ति के लोग शामिल हैं, जो न तो कोई काम करते हैं और न ही किसी प्रकार की जिम्मेदारी निभाते हैं। ये लोग अपने छोटे बच्चों को सड़कों पर भीख मांगने के लिए भेजते हैं, जिससे न केवल सामाजिक समस्या पैदा हो रही है बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। गोदाम क्षेत्र की सड़कों पर दिनभर जाम जैसे हालात बने रहते हैं।

गोदाम मालिक रामवीर सिंह, राजेश सैनी, गुरदीप सिंह, बिंदर कुमार और प्रवीण कुमार सहित अन्य ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर नगर परिषद जीरकपुर को 31 अक्टूबर 2025 और फिर 1 जनवरी 2026 को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि झुग्गियों में रहने वाले लोग अवैध रूप से बिजली चोरी कर रहे हैं और प्लॉट मालिकों को हर महीने 1500 से 2000 रुपये किराया देकर यहां रह रहे हैं, जो पूरी तरह नियमों के खिलाफ है। इससे क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर भी खतरा मंडरा रहा है।

कारोबारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध झुग्गियों को तुरंत हटाया जाए ताकि गोदाम क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्था बहाल हो सके।

जीरकपुर शहर के तीन स्थान– दयालपुर, हाई ग्राउंड रोड और गोदाम क्षेत्र में बनी झुग्गियों के मालिकों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। जल्द ही मौके पर जाकर इन्हें खाली करने की चेतावनी दी जाएगी। यदि तय समय में झुग्गियां नहीं हटाई गईं तो नगर परिषद अपने स्तर पर कार्रवाई करेगी।

**इंस्पेक्टर अशोक कुमार, नगर परिषद जीरकपुर**

# ढकोली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दिल्ली नंबर कैंटर से 300 पेटी अवैध शराब बरामद

## चंडीगढ़ से जयपुर जा रही थी शराब की खेप, चालक-परिचालक गिरफ्तार, आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज

पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन का लिया रिमांड



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 8 जनवरी।** पुलिस थाना ढकोली की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरे एक कैंटर को पकड़ा है। यह कार्रवाई शहीद भगत सिंह चौक, ढकोली पर बुधवार सुबह करीब 5 बजे की गई। पुलिस टीम में एएसआई बलजीत सिंह, हवलदार अवतार सिंह, कांस्टेबल कमलदीप सिंह और पीएचजी कृष्ण कुमार शामिल थे, जो निजी वाहन में गश्त पर थे। इस दौरान पंचकूला की ओर से आ रहे आइशर कंपनी के कैंटर नंबर छ्रुढ्ढ्रू2612 को रोका गया। कैंटर चालक ने अपना नाम बिट्टू सुनार निवासी सतगांव थाना, जिला कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी (असम) बताया। कंडक्टर सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अशोक हलोई, पुत्र पंकज हलोई, निवासी गांव बेलसोरे, जिला नलबाड़ी (असम) बताया। कैंटर की तलाशी लेने पर उसमें गत्ते के डिब्बों में भारी मात्रा में शराब पाई गई। पूछताछ के दौरान चालक व कंडक्टर शराब संबंधी कोई भी लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सके। तलाशी के दौरान केवल केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में बिक्री के लिए अंकित विभिन्न ब्रांडों की शराब बरामद की गई, जिनमें डिस्काउंट प्रीमियम व्हिस्की और ब्लू स्ट्रोक एक्सक्विजिट व्हिस्की शामिल हैं। कुल मिलाकर 300 पेटी शराब बरामद हुई। पुलिस द्वारा शराब को नियमानुसार अलग-अलग नीले प्लास्टिक ड्रमों में डालकर सील किया गया। मामले में कैंटर को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रीमांड लिया।

फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि शराब किसके कहने पर और किस नेटवर्क के तहत सप्लाई की जा रही थी। वहीं, पुलिस का कहना है कि शहर में अवैध शराब कारोबार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे चैकिंग अभियान जारी रहेंगे।

# 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' के 313वें दिन एक किलो हेरोइन सहित 98 नशा तस्कर काबू

नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने 58 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राजी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 8 जनवरी।** प्रदेश से नशों का पूर्ण खात्मा करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरू की गई मुहिम 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' के 313वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 359 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके बाद पूरे प्रदेश में 82 एफआईआर दर्ज करके 98 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इससे 313 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 43,691 हो गई है। छापेमारी के नतीजे के रूप में गिरफ्तार नशा तस्करों के कब्जे से 1.04 किलोग्राम हेरोइन, 7 किलो गांजा, 105 क्विंटल भुक्की, 20,900 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 14,070 रुपये ड्रग मनी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एसएसपीज को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी गठित की गई है।

इस ऑपरेशन के दौरान 69 गजटिड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मचारियों वाली 120 से ज्यादा पुलिस टीमों ने राज्य भर में 359 स्थानों पर छापेमारी की है। उन्होंने आगे बताया कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 354 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की है। बताने योग्य है कि पंजाब सरकार ने प्रदेश से नशों के खात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रीवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के रूप में आज 58 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राजी किया है।

## युवकों को हेरोइन के साथ और उन्हें हेरोइन सप्लाई करने वाली एक महिला को गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं 8 जनवरी।** थाना सुधार की पुलिस ने हलवारा एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल के पास से दो युवकों को हेरोइन के साथ और उन्हें हेरोइन सप्लाई करने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। इस बारे में स्स्क्ष डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि थाना सुधार के हवलदार सुखदेव सिंह की लीडरशिप में एक पुलिस पार्टी ने पेट्रोलिंग के दौरान हलवारा एयरपोर्ट की बाउंड्री वॉल के सामने लांक रोड पर जाते हुए दो युवकों को शक के आधार पर पकड़ा और उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 7 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस मामले में परमिंदर सिंह उर्फ गोरा पुत्र रणजीत सिंह निवासी घुमान और गुरपिंदर सिंह पुत्र गुरिंदर सिंह निवासी नई आबादी अकालगढ़ को गिरफ्तार किया गया। उनसे पूछताछ में करमजीत कौर नन्नू पुत्री हरचंद सिंह निवासी हलवारा का भी नाम इस मामले में सामने आया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# ज़ीरकपुर में महिला के साथ धोखाधड़ी, यौन शोषण व धमकी का मामला, करनाल महिला थाना में जीरो एफआईआर दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 8 जनवरी।** हरियाणा के करनाल ज़िले की रहने वाली एक महिला की शिकायत पर महिला थाना करनाल में जीरो एफआईआर नंबर 11 दिनांक 31 दिसंबर 2025 दर्ज की गई है। मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1) व 351(2) के अंतर्गत दर्ज किया गया है। यह मामला धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण, मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकियों से जुड़ा हुआ है। पीड़िता निवासी करनाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह करनाल स्थित वृन्दा ओवरसीज नामक कंपनी में नौकरी करती थी। इसी दौरान उसकी पहचान कंपनी के मालिक रोहित शर्मा से हुई। आरोपी ने उसे नौकरी का झांसा देकर पहले विश्वास में लिया और फिर व्यक्तिगत संबंध स्थापित किए। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने पहले दोस्ती की और बाद में उसे अपने जाल में फंसाया। इसके बाद आरोपी ने उसे किसी काम के बहाने ज़ीरकपुर स्थित रक्षा बिज़नेस सेंटर, अंबाला-चंडीगढ़ एक्सप्रेसवे पर स्थित होटल हॉलिडे इन में बुलाया। पीड़िता ने बताया कि उस समय उसकी तबीयत ठीक नहीं थी और वह एंजाइटी की मरीज है। दवाइयों के असर के कारण वह शारीरिक रूप से कमजोर थी। पीड़िता का आरोप है कि उसकी इस स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब उसे होश आया तो उसे एहसास हुआ कि उसके साथ गलत किया गया है। विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और बदनाम करने की चेतावनी दी, जिससे वह डर गई और तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करवा पाई।

पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद उसकी मानसिक और शारीरिक हालत और ज्यादा खराब हो गई। बावजूद इसके उसने हिम्मत जुटाकर महिला थाना करनाल में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जीरो एफआईआर दर्ज की, क्योंकि घटना स्थल ज़ीरकपुर (पंजाब) के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसके बाद महिला थाना करनाल द्वारा जीरो एफआईआर, मूल शिकायत और संबंधित दस्तावेज़ पुलिस थाना ज़ीरकपुर, ज़िला मोहाली को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भेज दिए गए हैं।

# 'केंद्र की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाएं'

## सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 8 जनवरी।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक आज बचत भवन, बिलासपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद (लोकसभा) अनुराग सिंह ठाकुर ने की। बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों तथा कार्यान्वयन की समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में विधायक रणधीर शर्मा, जीत राम कटवाल, त्रिलोक जम्वाल भी मौजूद रहे।

इस मौके पर सांसद अनुराग ठाकुर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए जनहित से जु? विकास कार्यों एवं योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने पर बल दिया।

उन्होंने ने सभी विभागों के अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दिशा समिति के माध्यम से जिला के विकास को और अधिक गति मिलेगी।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। सांसद ने राष्ट्रीय टीबी मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय मित्र योजना पर ज्यादा जोर देने तथा एचआईवी-एड्स व नशा के प्रति व्यापक जन जागरूकता लाने के लिए स्कूल एवं कालेज स्तर पर शिक्षा एवं युवा सेवाएं व खेल विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये।

बैठक में एम्स बिलासपुर से जु? विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा विभिन्न मामलों को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल्द हल करने के निर्देश दिये ताकि संस्थान के सुचारू संचालन में सुविधा सुनिश्चित हो सके। संबंधित संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि रिक्त पदों को भरने के लिए प्रत्येक वर्ष में चार बार अतिरिक्त नियुक्ति प्रक्रिया को संचालित करने का निर्णय लिया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने राशन वितरण संबंधी डाटा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के लाभार्थियों की स्थिति तथा कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है। मध्याहन् भोजन योजना के भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए जिला में कुल 248 निरीक्षण किये गए हैं। जल शक्ति विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही जल जीवन मिशन तथा प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजनाओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत 37 स्वीकृत योजनाओं में से 24 को पूरा कर लिया गया है जबकि प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से तीन योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री सूर्या घर-मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 667 परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। इस परियोजना के तहत सोलर पैनल स्थापित करने के लिए लाभार्थियों को एक किलोवॉट के लिए 33 हजार, 2 किलोवॉट के लिए 66 हजार तथा 3 किलोवॉट के लिए 85 हजार 800 रूपये की सब्सि?ी प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को जो?ने पर बल दिया ताकि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्होंने शहरी विकास विभाग के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में जिला प्रशासन द्वारा ÷व्यास प्योर÷ जैसी नई पहल के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को बढ़ावा देने की जानकारी भी दी गई।

# प्रिंसिपलों को प्रशासक बनाना बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ : अखिलेश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 8 जनवरी।** मार्च माह में पूरे प्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं और वार्षिक परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं और ऐसे महत्वपूर्ण समय में कांग्रेस सरकार द्वारा स्कूल प्रिंसिपलों को ग्राम पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने के निर्णय पर भाजपा ने कड़ा विरोध जताया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि यह फैसला हिमाचल प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने वाला और बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है।

उन्होंने ने कहा कि एक ओर कांग्रेस सरकार पंचायत चुनाव न करवा कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रिंसिपलों को पंचायतों में तैनात कर बच्चों की पढ़ाई और भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश पहले ही शिक्षकों की भारी कमी, बिगड़ते शिक्षकङ्कविद्यार्थी अनुपात और गिरते शिक्षा स्तर से जूझ रहा है, तब परीक्षाओं के दौरान प्रिंसिपलों को रिवीजन कराने और शिक्षकों को उनके शैक्षणिक कार्य में लगाने पर होना चाहिए, न कि पंचायतों की प्रशासनिक जिम्मेदारियों पर।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की लगभग 3615 ग्राम पंचायतों में यदि प्रिंसिपलों को प्रशासक बनाया गया, तो हजारों स्कूल नेतृत्वविहीन हो जाएंगे और पढ़ाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। उन्होंने बताया कि हिमाचल में आदर्श शिक्षकङ्कविद्यार्थी अनुपात 1:20 होना चाहिए, जबकि कई ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1:35 से 1:40 तक पहुंच चुका है, जिसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता और परीक्षा परिणामों पर पड़ रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व भाजपा शासन काल में हिमाचल प्रदेश देश के शीर्ष 5 शिक्षा राज्यों में गिना जाता था, लेकिन आज राष्ट्रीय शैक्षणिक सर्वेक्षणों में प्रदेश की स्थिति शीर्ष से फिसलकर मध्य स्तर पर पहुंच गई है।

# किसान आय वृद्धि पर फोकस, मिशन हॉर्टिकल्चर की जिला कार्ययोजना को मंजूरी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 8 जनवरी।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रविश की अध्यक्षता में जिला कुल्लू में एकीकृत बागवानी विकास मिशन (मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर) के अंतर्गत वर्ष 2026-27 की जिला वार्षिक कार्ययोजना को अंतिम रूप देने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चालू वित्त वर्ष के लिए 853 लाख रुपये की जिला वार्षिक कार्ययोजना को स्वीकृत की गयी।

बैठक में जिले में बागवानी विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष के लिए प्रस्तावित गतिविधियों पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

बैठक में बागवानी विभाग के अधिकारियों द्वारा वर्ष 2026ङ्क27 के लिए प्रस्तावित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इनमें बागवानी क्षेत्र का विस्तार, संरक्षित खेती, फसलोत्तर प्रबंधन, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग तथा उच्च मूल्य वाली फसलों को प्रोत्साहन देने पर विशेष बल दिया गया।

उपायुक्त ने उद्यान एवं कृषि विभागों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए विभागों के बीच बेहतर तालमेल अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाने तथा किसान हितैषी दृष्टिकोण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को फल उत्पादन की आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी खेती से जोड़ना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए उद्यान एवं कृषि विभागों को एकीकृत एवं दीर्घकालीन रणनीति के तहत कार्य करने पर बल दिया।

उन्होंने किसानों की आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए इंटर क्रॉपिंग को बढ़ावा देने तथा वैज्ञानिक फसल विविधीकरण को अपनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मौसम, जलवायु परिवर्तन एवं बदलते बाजार परिदृश्य को देखते हुए केवल एक फसल पर निर्भर रहना किसानों के लिए जोखिमपूर्ण है।




# नाचन युवा कांग्रेस की बैठक संपन्न, युवाओं को जागरूक करने पर दिया गया जोर

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर, 8 जनवरी।** नाचन युवा कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक विश्राम गृह, बग्गी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी ज्योतिष एच.एम. ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को संगठित कर आगे बढ़ाना और देश के ज्वलंत मुद्दों पर उन्हें जागरूक करना रहा।

बैठक के दौरान वक्ताओं ने विशेष रूप से वोट चोरी, मनरेगा से छेड़छाड़ और भारत सरकार की कथित कु-नीतियों पर विस्तार से चर्चा की। युवा कांग्रेस प्रभारी ज्योतिष एच. एम. ने कहा कि आज के समय में युवाओं की भूमिका बेहद अहम है और उन्हें लोकतंत्र, रोजगार व जनहित से जुड़े मुद्दों पर सचेत रहना चाहिए। उन्होंने युवाओं से संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी नाचन कांग्रेस नरेश चौहान, प्रेम सिंह (अध्यक्ष, नाचन युवा कांग्रेस), चंद्रमणि कुलेठी (प्रभारी, मंडी जिला युवा कांग्रेस), निखिल ठाकुर (जिला अध्यक्ष, मंडी युवा कांग्रेस), लोकेश निराला (पूर्व सचिव, हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस), अरुण चौहान, कर्ण वर्मा (महासचिव, जिला मंडी युवा कांग्रेस), नाचन उपाध्यक्ष रॉबिन तथा धनोटू ब्लॉक अध्यक्ष पंकज चौहान सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

# पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष बोले- ऊना में माफिया राज गरीबों पर अत्याचार और लोकतंत्र की खुलेआम हत्या

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा





**ऊना।** पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष विनोद पुरी, पूर्व पार्षद जनक राज खजांची, नवदीप कश्यप, पुष्प देवी, प्रवीन पुरी बॉबी, खामोश जैतिक ने संयुक्त प्रेर विज्ञप्ति जारी करते हुए सरकार और प्रशासन पर क?ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि जिला ऊना में कांग्रेस सरकार और उसके प्रशासन ने अब संविधान, कानून और लोकतंत्र तीनों को रौंद दिया है। जिस तरह से गरीब दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी वालों और मेहनतकश लोगों पर बुलडोज़र रूपी कार्रवाई की जा रही है, आम जनता को चालान से त्रस्त किया है वह साफ़ दिखाता है कि यह सरकार जनता की नहीं, माफियाओं की रखैल बन चुकी है।

माननीय विधायक सतपाल सिंह सत्ती जी ने जब कांग्रेस समर्थित अवैध माफिया के खिलाफ आवाज़ उठाई, तो सत्ता के नशे में चूर कांग्रेस सरकार व कांग्रेस नेता तिलमिला गए। नतीजा यह हुआ कि प्रशासन को आगे कर जनप्रतिनिधि को, बदनाम करने और जनता की आवाज को कुचलने की साजिश शुरू कर दी गई।

आज ऊना में हालात यह हैं कि भूमि माफिया खुलेआम लोगों की भूमि पर अवैध कब्जे कर रहे हैं कांग्रेस नेताओं के इशारे पर काले धंधे फल-फूल रहे हैं प्रशासन गरीबों की दुकानों पर अपनी ÷सख्ती÷ दिखा रहा है

यह सख्ती नहीं, कायरता है। यह कानून नहीं, कांग्रेस की गुंडागर्दी है। हम प्रशासन से पूछना चाहते हैं क्या बड़े अवैध निर्माणों पर कभी बुलडोज़र चला? क्या कांग्रेस नेताओं के संरक्षण में पल रहे माफियाओं को कभी नोटिस दिया गया? या कानून सिर्फ गरीब, कमजोर और आवाज उठाने वालों के लिए ही बना है?

कांग्रेस सरकार ने ऊना को माफियाओं की मंडी और प्रशासन को कांग्रेस का निजी नौकर बना दिया है। जो अधिकारी आज गरीबों पर कार्रवाई कर रहे हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि कुर्सी स्थायी नहीं होती और इतिहास सबका हिसाब रखता है।

हम दो टूक शब्दों में चेतावनी देते हैं जनप्रतिनिधियों को डराने की हर कोशिश का जवाब मिलेगा गरीबों पर हो रहा अत्याचार तुरंत बंद किया जाए कांग्रेस समर्थित माफिया पर सख्त कार्रवाई की जाए अगर यह जनविरोधी कार्रवाई नहीं रुकी, तो भाजपा और जनता मिलकर ऐसा जन आंदोलन खड़ा करेंगी कि कांग्रेस सरकार की नींव हिल जाएगी और प्रशासन को जनता के सामने झुकना पड़ेगा। उन्हें कहा यह डरने वाली जनता नहीं है, यह अन्याय सहने का समय नहीं है।अब या तो कांग्रेस सुधरे,

या जनता उसे सत्ता से उखाड़ फेंके। इस लिए अब जनता को आप ज्यादा देर मूर्ख नहीं बना सकते जनता समझदार हे और उसे पता हे कांग्रेस नेता ने ऊना को हाशिए पर पहुंचा दिया हे

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र दे रहा पूरा बजट, फिर भी बदहाल है एन एच-305, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : शौरी

**कुल्लू 8 जनवरी।** औट-लूहरी राष्ट्रीय राजमार्ग-305 वर्तमान में बंजार, सिराज और आनी विधानसभा क्षेत्रों की जनता के लिए गंभीर परेशानी का कारण बना हुआ है। बीते दो बरसाती मौसमों के बाद इस सड़क मार्ग पर यात्रा करना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है। प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण मार्ग आज बदहाल स्थिति में है, जिससे पर्यटकों, पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों तथा स्थानीय जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने इस सड़क मार्ग पर केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत बजट के कुप्रबंधन को लेकर राज्य सरकार और संबंधित विभाग को आड़े हाथों लिया है। विधायक शौरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क के प्रबंधन एवं रखरखाव के लिए तैयार की गई परियोजनाओं को केंद्र से समय पर स्वीकृति मिल रही है तथा पर्याप्त बजट भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बावजूद राज्य सरकार और विभाग समयबद्ध तरीके से न तो परियोजनाओं को धरातल पर उतार पा रहे हैं और न ही आवश्यक दस्तावेजी औपचारिकताएं एवं आपत्तियों का समाधान कर पा रहे हैं। विधायक शौरी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस सड़क मार्ग के उत्थान से संबंधित विभिन्न कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, परंतु विषम मौसम परिस्थितियों के कारण ये कार्य मार्च माह तक ही पूर्ण हो सकेंगे। विभागीय लापरवाही और समुचित समन्वय के अभाव में ठेकेदार भी धरातल पर अपेक्षित गति से कार्य नहीं कर पा रहे हैं।उन्होंने कहा कि जनता को सही और तथ्यपरक जानकारी उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए बंजार में संबंधित विभाग और ठेकेदारों की एक समन्वय बैठक आयोजित की जानी चाहिए, ताकि आगामी पर्यटन सीजन से पूर्व कार्यों की स्पष्ट रूपरेखा तय की जा सके और स्थानीय जनता को वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की योजनाओं को लेकर आश्वस्त किया जा सके।

# सैंज बाजार में हांफ गई सरकारी मशीनरी व्यवस्था परिवर्तन का नारा हुआ निरर्थक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**सैंज(कुल्लू) 8 जनवरी।** प्रदेश सरकार का व्यवस्था परिवर्तन का नारा सैंज बाजार में कितना सार्थक सिद्ध हो रहा है, इसका उदाहरण कुल्लू जिला के सैंज बाजार में देखने को मिल रहा है। जहां सरकार की पावर का सहयोग निरर्थक साबित हो रहा है। सरकारी पावर की मार झेल रहे सैंज बाजार के कारोबारियों के अतिरिक्त घाटी के प्रभावित लोगों का जीवन पटरी पर नहीं आ रहा है। सैंज बाजार के बीचों-बीच 2 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से यातायात पुल का निर्माण किया है लेकिन सड़क न होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सैंज बाजार के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने के लिए काफी समय बर्बाद करना पड़ रहा है। फिलहाल घाटी की पंद्रह पंचायतों के केंद्र बिंदु सैंज बाजार में सरकारी हिम्मत के मरहम से जख्म नहीं भर पाए हैं। गौरतलब है कि जून माह का वह अभागा दिन, जब सैंज नदी में आई बाढ़ ने सैंज बाजार को आपस में ही डिस्कनेक्ट कर दिया था। सड़क के साथ स्थानीय लोगों के आवासीय मकान समेत करोड़ों रुपए की संपत्ति का नुकसान किया था। बाढ़ अपने साथ पिन पार्वती नदी के आसपास उपजाऊ भूमि के अलावा सड़क मार्ग बहा ले गई थी। बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित सैंज कस्बा हुआ था। नदी किनारे बसा सैंज कस्बा पंद्रह पंचायतों का व्यापारिक केंद्र है। दुख की बात यह है कि बाढ़ ने इस कस्बे का भूगोल ही बदल दिया है। आपदा की घड़ी में एनएचपीसी ने मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए एक बार फिर 22 लाख 50 हजार रुपए की धन वर्षा की। आलम यह है कि प्रदेश सरकार की अनदेखी के चलते आज सैंज बाजार आपस में कनेक्ट होने के ही लिए जद्दोजहद कर रहा है। सरकार व लोक निर्माण विभाग की लेट लतीफी के चलते सैंज भाजपा अब मुखर हुई है। पार्टी के अध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सैंज बाजार को आपस में जोड़ने के लिए कदम नहीं उठाए तो सरकार व लोक निर्माण विभाग का घेराव किया जाएगा।

# 2026 की अब तक की सबसे बड़ी चिट्टा बरामदगी, मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** जिला सोलन पुलिस द्वारा नशे के खात्मे हेतु अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नशा तस्करी के विरुद्ध सप्लाई साइड एवं डिमांड साइड–दोनों स्तरों पर निरंतर और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के तहत न केवल नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके नेटवर्क को तोड़ा जा रहा है, बल्कि नशे के अवैध कारोबार से अर्जित संपत्तियों को भी जब्त किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला सोलन पुलिस द्वारा नशा तस्करी के एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क को तोड?र 5 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ दो मुकदमे दर्ज कर के उनसे 100 ग्राम से ज्यादा चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया है।

पहले मामले में 4 जनवी 2026 को एसआईयू टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सलोगड़ा मेला ग्राउंड में चिट्टा बेचने की फिराक में लगे दो आरोपियों जितेश उर्फ मुन्ना निवासी क्लीन सोलन, तहसील व जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश, उम्र 28 वर्ष व नीरज निवासी गाँव ढलयाना, डाकघर सलोगड़ा, तहसील व जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश, उम्र 31 वर्ष के कब्जे से कुल 6 ग्राम से ज्यादा चिट्टा (हेरोइन) बरामद की गई। इस संबंध में पुलिस थाना सदर, सोलन में अभियोग पंजीकृत किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया और उनसे इस चिट्टा की खेप के मुख्य सप्लायर का पता लगाया गया।

दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करने पर पाया गया कि दोनों आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। आरोपी जितेश उर्फ मुन्ना के विरुद्ध कुल 03 आपराधिक मामले पंजीकृत हैं, जिनमें पुलिस थाना सदर सोलन व पुलिस थाना बालूगंज शिमला में 01-01 मामला मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत दर्ज है, इसके विरुद्ध पुलिस थाना सदर सोलन में सोने के आभूषणों की चोरी का एक अन्य मामला भी दर्ज है। इसी प्रकार, आरोपी नीरज के विरुद्ध भी पुलिस थाना सदर सोलन में 02 मामले पंजीकृत पाए गए हैं, जिनमें एक मामला वाहन दुर्घटना से संबंधित है तथा दूसरा मामला चोरी की वारदात से संबंधित है।

### महिला विकास प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कुल्लू 8 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश महिला विकास प्रोत्साहन योजना-2013 के अंतर्गत राज्य में महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं/व्यक्तियों एवं संगठनों को सम्मानित किए जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल ने बताया कि योजना के अनुसार ऐसी महिलाएं/संगठन, जो पिछले पांच वर्षों से स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा तथा कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में निरंतर एवं उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं, इस सम्मान हेतु पात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि वेचयनित महिलाओं/संगठनों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 08 मार्च, 2026 को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। जिला कुल्लू के इच्छुक आवेदक 27 जनवरी, 2026 तक अपना आवेदन/प्रस्ताव, जिसमें पिछले पांच वर्षों का वर्षवार विवरण तथा सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न हों, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# केलांग में पिलची मद आइस रिंक पर आइस हॉकी प्रशिक्षण शिविर का हुआ भव्य शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग (कुल्लू) 8 जनवरी।** लाहौल घाटी के केलांग में पिलची मद आइस रिंक पर आइस हॉकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य कुंगा बौद्ध ने किया। इस 11 दिवसीय शिविर में लाहौल घाटी के विभिन्न हिस्सों से लगभग 70 बच्चों (उम्र 7 से 21 वर्ष) ने भाग लिया है।

शिविर 8 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें बेसिक से इंटरमीडिएट स्तर तक आइस हॉकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अनुभवी कोच सोनम जांगपो और वीरेंद्र कुमार बच्चों को तकनीक, स्केटिंग, स्टिक हैंडलिंग और टीम प्ले की बारीकियां सिखाएंगे। स्पीति कप के लिए अंडर-14, अंडर-18 एवं सीनियर श्रेणी की टीमों का चयन भी इसी शिविर से होगा।

आइस हॉकी क्लब केलांग द्वारा आयोजित इस शिविर का सहयोग जिला प्रशासन केलांग, ग्राम पंचायत केलांग एवं लाहौल-स्पीति आइस हॉकी एसोसिएशन ने किया है। माइनस तापमान में युवाओं की अथक मेहनत से तैयार पिलची मद आइस रिंक लाहौल घाटी का पहला स्थायी आइस हॉकी रिंक है, जो क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को निखारने में मील का पत्थर साबित होगा।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय बच्चों को आइस हॉकी के माध्यम से जिला, प्रदेशीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का है। जिप सदस्य कुंगा बौद्ध ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि ÷ऐसे आयोजन लाहौल के युवाओं को विंटर स्पोर्ट्स में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने सभी सहयोगियों को बधाई देते हुए भविष्य में और बड़े आयोजनों में सहयोग का आश्वासन दिया।

# महिला की निर्मम हत्या करने के दो आरोपी नशा मुक्ति केंद्र से गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में संगीन वारदातों को अंजाम देने के बाद अपराधी पुलिस की नजरों से बचने के लिए हिमाचल का रुख कर रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला ऊना जिले से सामने आया है, जहां पंजाब पुलिस ने हिमाचल पुलिस के साथ मिलकर एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। पंजाब के कपूरथला में हुई एक महिला की निर्मम हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने ऊना के एक नशा मुक्ति केंद्र से गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों आरोपी खुद को नशे का मरीज बताकर वहां छिपे हुए थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पंजाब और हिमाचल पुलिस ने बेहद गुप्त तरीके से इस ऑपरेशन की योजना बनाई।

मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार देर रात कपूरथला सिटी थाना की पुलिस टीम ने ऊना पुलिस के सहयोग से हरोली क्षेत्र के लालूवाल स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र पर अचानक दबिश दी। पुलिस को पुख्ता सूचना थी कि हत्यारे यहीं छिपे हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बलविंद्रजीत सिंह उर्फ तोता (निवासी जालंधर) और सुरिंद्र कुमार (निवासी होशियारपुर) को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद पंजाब पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई है।

पुलिस से बचने के लिए ऊना के हरोली स्थित नशा मुक्ति केंद्र में छिपे थे आरोपी।

इस पूरे घटनाक्रम की जड़ें 3 जनवरी की उस खौफनाक शाम से जुड़ी हैं, जिसने कपूरथला को दहला दिया था। सीनपुरा मोहल्ले में रहने वाली 40 वर्षीय हेमप्रीत कौर उर्फ हेमा अपने घर पर मौजूद थीं। तभी बाइक सवार दो युवक जबरन घर में दाखिल हुए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से हेमप्रीत कौर की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया है कि महिला का पति और बेटा कनाडा में रहते हैं, जिसका फायदा उठाकर आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

वारदात के बाद पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुंचना आसान नहीं था। पुलिस ने इलाके के तमाम सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिनमें दोनों आरोपी बाइक पर भागते हुए दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन और ह्यूमन इंटेलिजेंस का जाल बिछाया। कड़ियां जुड़ती गई और तार हिमाचल प्रदेश के ऊना तक जा पहुंचे। जांच में पता चला कि पुलिस को चकमा देने के लिए आरोपियों ने नशा मुक्ति केंद्र को अपना ठिकाना बनाया था ताकि किसी को उन पर शक न हो।

# व्यक्ति निर्माण एवं देशहित-समाज को समर्पित रही संघ शताब्दी वर्ष की संघर्ष यात्रा : डॉ. डी.पी.भारद्वाज

बल्लभगढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रबुद्धजन राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

पंच परिवर्तन जैसे सकारात्मक संकल्प से समाज में आएगा महत्वपूर्ण बदलाव : अरुण

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**बल्लभगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में विद्या भारती प्रांत अध्यक्ष डॉ.देव प्रसाद भारद्वाज मुख्य वक्ता के रूप में और भारत प्रकाशन महाप्रबंधक अरुण ने अपने-अपने उद्बोधन में संघ इतिहास, संघर्ष का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय चेतना जागृत रखने का कार्य किया। उन्होंने सामाजिक समरसता, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और पारिवारिक मूल्यों पर जोर देते हुए पंच परिवर्तन के संकल्प को भी दोहराया।

छायंसा स्थित अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी में डॉ. देव प्रसाद भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में %संघ का इतिहास एवं संघर्ष% विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए संघ की स्थापना की थी। संघ के शताब्दी वर्ष के संघर्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए इसे व्यक्ति निर्माण एवं देशहित-समाजहित को समर्पित बताया। उन्होंने देश में राष्ट्रीय आपातकाल में स्वयंसेवकों की देश भक्ति वाले प्रसंग सुना कर संघ के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताया।

उन्होंने कांग्रेस शासन काल के अंतर्गत चीन युद्ध के समय और गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक को आमंत्रित वाला प्रसंग भी बताया। संघ ने समय-समय पर समाज को संगठित करने और सेवा कार्यों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि संघ की असली शक्ति उनके स्वयंसेवकों के चरित्र, अनुशासन और निस्वार्थ सेवा में निहित है।

भारत प्रकाशन महाप्रबंधक अरुण ने अपने उद्बोधन में संघ के पंच परिवर्तन के संकल्प को लागू करने पर जोर दिया, जिसका उद्देश्य समाज में परिवर्तन लाना है। जिस प्रकार संघ समाज में कार्य कर रहा है उसी तरह समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य भी देश के प्रति उतना ही है। संघ सब कुछ नहीं करता लेकिन समाज में संघ विचार के द्वारा हर व्यक्ति के मन में देश भक्ति की भावना जागृत करने का काम करता है। हम समाज में सकारात्मक कार्य से व्यक्ति निर्माण का कार्य करते हैं।

इस प्रबुद्धजन संगोष्ठी में प्रचार विभाग द्वारा साहित्य बिक्री केंद्र की स्टॉल भी लगाई गई। जिससे नागरिकों ने साहित्य, प्रेरक पुस्तक एवं पत्रिकाओं को देखा एवं खरीदारी की। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज के निर्देशक बृजमोहन वशिष्ठ, देवेंद्र अटल मेडिकल सुपरिटेंडेंट, सरदार परमजीत, डॉक्टर प्रियंका ने संघ के सेवा कार्यों एवं अन्य समाज हित गतिविधियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में विभाग सह संघचालक जयकिशन, गौरीदत्त विभाग सह सेवा प्रमुख, जिला संघचालक डॉ.चंद्रशेखर, मोहना खंड संघचालक टेक पाल, जिले के कार्यकर्ता विजयपाल, संजय, लक्ष्मण, विजय सहित मोहना खंड टोली के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



## थाना भूना का निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने भूना कस्बे में किया पैदल भ्रमण, कानून-व्यवस्था का लिया जायजा

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**भूना, 08 जनवरी।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस ने आज भूना कस्बे में पैदल भ्रमण कर क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कुल्लां चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार मार्ग होते हुए पैदल भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान एसपी जैन ने रास्ते में आम नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों से सीधे संवाद किए तथा उनकी सुरक्षा से संबंधित चिंताओं, सुझावों और अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान डी.एस.पी नर सिंह, थाना प्रभारी उपनिरीक्षक औम प्रकाश, प्रवाचक सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार और शहर के अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

पैदल भ्रमण के माध्यम से पुलिस अधीक्षक ने न केवल पुलिस उपस्थिति का सशक्त संदेश दिया, बल्कि आमजन, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों में सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करने का प्रयास किया। उन्होंने दुकानदारों और नागरिकों से प्राप्त फीडबैक को गंभीरता से लिया और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

भ्रमण के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने थाना भूना का औचक निरीक्षण किया।

## शनिवार को फरीदाबाद पहुंचेगी सद्भाव यात्रा

**फरीदाबाद।** कांग्रेस नेता एवं हिसार के पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह की अगुवाई में चल रही सद्भाव यात्रा शनिवार को फरीदाबाद में पहुंचेगी। शनिवार को यह यात्रा सैक्टर-28-29 के चौक पूजा फर्नीचर से ओल्ड बाजार, सैक्टर-16, सैक्टर-15, सैक्टर-12, सैक्टर-11, सैक्टर-9 जिला कांग्रेस कार्यालय से होते हुए सीही गांव सैक्टर-8 पहुंचेगी। यात्रा का रास्ते में जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं व लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। रविवार को बल्लभगढ़ से यात्रा शुरू होगी। यह जानकारी यात्रा प्रबंध कमेटी ने दी। उन्होंने बताया कि यात्रा का उद्देश्य समाज को विभाजित करने वाली ताकतों के खिलाफ मजबूती से खड़ा होना और लोगों में एकता का संदेश फैलाना है।



## आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नमस्कार अभियान की तैयारियां शुरू

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम



**फतेहाबाद, 8 जनवरी।** आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेशभर में योग को जिला, ब्लॉक, ग्राम और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हुए हर नागरिक को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना के लिए 12 जनवरी, स्वामी विवेकानंद जयंती से 12 फरवरी, महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक एक माह का सूर्य नमस्कार अभियान आयोजित किया जाएगा।

अभियान की तैयारियों की जानकारी देते हुए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि जिले में इस कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु विभाग द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस क्रम में योग कोऑर्डिनेटर, योग स्पेशलिस्ट तथा सभी योग सहायकों के साथ बैठक का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें अभियान की रूपरेखा, लक्ष्य निर्धारण तथा जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, प्रत्येक अधिकारी व योग सहायक को अलग-अलग गांव एवं विभागों में कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ड्यूटी भी आवंटित कर दी गई है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से विभाग का उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना, लोगों को सूर्य नमस्कार के वैज्ञानिक, शारीरिक व मानसिक लाभों से अवगत कराना तथा उन्हें नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित करना है। हरियाणा योग आयोग द्वारा जिले को अभियान के अंतर्गत न्यूनतम 1,00,000 पंजीकरण का लक्ष्य दिया गया है, जिसे पूरा करने के लिए विभाग द्वारा युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

यह टीवी केवल साइज में बड़ा नहीं है, बल्कि कलर, कंट्रास्ट, शैडो डिटेल और ऑडियो एक्सपीरियंस के मामले में भी एक नया बेंचमार्क सेट करता है। सैमसंग का यह नया मॉडल नेक्सट जेनरेशन कलर प्रोसेसिंग, एचडीआर10 प्लस एडवांस्ड सपोर्ट, एआई-एक्सीलरेटेड कलर और ग्लारे फ्री टेक्नोलॉजी से लैस है, जो हर तरह के कंटेंट को ज्यादा रियल और इमर्सिव बनाता है। सैमसंग का 130-इंच माइक्रो आरजीबी टीवी, मॉडल आर95एच, कंपनी की माइक्रो आरजीबी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा और प्रीमियम वर्जन है। इसमें इंडिविजुअली कंट्रोल होने वाली माइक्रो आरजीबी एलईडी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे पारंपरिक मिनी एलईडी या एलसीडी की तुलना में ज्यादा सटीक रंग और गहरा कंट्रास्ट देखने को मिलता है।

एआई-आधारित प्रोसेसिंग की मदद से खासतौर पर डार्क और लो-लाइट सीन में तस्वीरें ज्यादा नैचुरल और डिटेल्ड नजर आती हैं।

विजन एआई कॉमेनियन जैसे फीचर्स टीवी को स्मार्ट एंटरटेनमेंट हब में बदल देते हैं,

जहां एआई-बेस्ड सजेशन, लाइव ट्रांसलेशन और एडवांस साउंड कंट्रोल जैसी सुविधाएं मिलती हैं।

साउंड सिस्टम भी टीवी के फ्रेम में इंटीग्रेटेड है, जिससे पिक्चर और ऑडियो का तालमेल और ज्यादा प्रभावशाली बनता है।यह टीवी 100 प्रतिशत बीटी.2020 वाइड कलर गमट को सपोर्ट करता है, जिसे सटीक कलर रिप्रोडक्शन के लिए सर्टिफिकेशन भी मिला है।

# युवाओं में 150-200सीसी बाइक सेगमेंट खासा लोकप्रिय



**नई दिल्ली ।** भारतीय युवाओं में 150सीसी से 200सीसी मोटरसाइकिल सेगमेंट खासा लोकप्रिय रहा है। नवंबर 2025 में इस सेगमेंट ने एक बार फिर मजबूत प्रदर्शन दर्ज किया। नवंबर 2025 में इस सेगमेंट में कुल 1,75,805 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई। नवंबर 2024 के मुकाबले यह करीब 20.44 प्रतिशत की सालाना बढ़त को दर्शाता है।

वहीं, अक्टूबर 2025 में दर्ज 2,10,831 यूनिट्स की तुलना में नवंबर में लगभग 16.61 प्रतिशत की मासिक गिरावट देखी गई। यह गिरावट त्योहारों के बाद मांग के सामान्य स्तर पर लौटने का संकेत मानी जा रही है।

ब्रांड्स की बात करें तो टीवीएस अपाचे ने नवंबर में भी अपनी नंबर-1 पोजिशन बरकरार रखी। इसकी बिक्री 48,764 यूनिट्स रही और सालाना आधार पर करीब 37 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, अक्टूबर के मुकाबले इसकी बिक्री में 20 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई। बजाज पल्सर ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए 45,246 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की और यह मजबूत नंबर-2 बनी रही। अपाचे और पल्सर मिलकर इस सेगमेंट की आधे से ज्यादा बिक्री पर कब्जा जमाए हुए हैं। होंडा यूनिकॉर्न ने 32,968 यूनिट्स की बिक्री के साथ तीसरा स्थान बनाए रखा। इसकी बिक्री सालाना और मासिक दोनों स्तर पर स्थिर रही, जो इसकी भरोसेमंद छवि को दर्शाती है।

यामाहा की नई बाइक एक्सएसआर ने 16,359 यूनिट्स की बिक्री के साथ शानदार एंट्री की, जबकि एफझेड, आर 15 और एमटी-15 जैसे पुराने मॉडल्स की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा होंडा एसपी 160, हीरो एक्सपल्स 200 और होंडा हॉर्नेट 2.0 ने भी सालाना आधार पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं केटीएम, हीरो, सुजुकी और कावासाकी की बाइकों का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। कुल मिलाकर, नवंबर 2025 में यह सेगमेंट सालाना मजबूती के साथ आगे बढ़ता नजर आया। हालांकि, त्योहारों वाले अक्टूबर महीने के मुकाबले बिक्री में कुछ गिरावट जरूर आई, लेकिन सालाना आधार पर ग्रोथ ने बाजार की मजबूती को साफ तौर पर दिखाया।

# राहत की उम्मीद- 60 डॉलर के नीचे गिरा कच्चा तेल,

## घटेंगे पेट्रोल और डीजल के दाम

**नई दल्ली।**

भारतीय अर्थव्यवस्था और आम आदमी की जेब के लिए नए साल की शुरुआत एक बड़ी खुशखबरी के साथ हुई है। कई वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत द्वारा खरीदे जाने वाले कच्चे तेल की औसत लागत 60 डॉलर प्रति बैरल के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे आ गई है। नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में अब तक भारतीय कच्चा तेल बास्केट का औसत भाव 59.92 डॉलर प्रति बैरल दर्ज किया गया है। फरवरी 2021 के बाद यह पहला अवसर है जब कच्चे तेल की कीमतें इस निचले स्तर तक पहुंची हैं।

इससे पहले दिसंबर 2025 में यह औसत 62.2 डॉलर प्रति बैरल के करीब था। वैश्विक बाजार में आपूर्ति की अधिकता और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मांग की सुस्ती ने कीमतों को नीचे धकेलने में बड़ी भूमिका निभाई है।

बाजार विशेषज्ञों और शोध संस्थानों का मानना है कि कच्चे तेल के दामों में आई यह गिरावट महज एक अस्थायी दौर नहीं है, बल्कि यह एक दीर्घकालिक रुझान की ओर इशारा कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार के मौजूदा संकेतों का विश्लेषण करने वाली विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, भारतीय कच्चा तेल बास्केट में आगे भी नरमी बनी रहने की प्रबल संभावना है। अनुमान जताया गया है कि मार्च 2026 तक कीमतें गिरकर 53 डॉलर और जून 2026 तक यह 50 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को भी तोड़ सकती हैं। यदि यह अनुमान सही साबित होते हैं, तो सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के पास पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में बड़ी कटौती करने का पर्याप्त आधार होगा। इससे न केवल परिवहन लागत घटेगी, बल्कि रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में भी कमी आने की उम्मीद है।

भारत अपनी कच्चे तेल की कुल आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाला मामूली बदलाव भी देश की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डालता है। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो कच्चे तेल की कीमतों में प्रति बैरल महज 1 डॉलर की कमी आने से भारत के सालाना तेल आयात बिल में करीब 13 हजार करोड़ रुपये की भारी बचत होती है।

# गोलू पहलवान के अखाड़ा मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़ के पहलवान ने मशहूर यूनिवर्सिटी के मशहूर पहलवानों को हराकर गोल्ड मेडल जीता - परिवार और अखाड़े के संचालकों को भविष्य में जस पूरन पहलवान से काफी उम्मीदें हैं: रवि शर्मा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ**

एक बार फिर गोलू पहलवान के अखाड़ा जस पूरन मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़ के पहलवान ने गोल्ड मेडल जीतकर अखाड़ा मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़, शहर मुल्लांपुर और अपने माता-पिता और जिला मोहाली का नाम रोशन किया है। कल चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी घड़ूआं में हुए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग 2025-26 मुकाबलों में अखाड़ा मुल्लापुर न्यू चंडीगढ़ जस पूरन मुल्लांपुर के पहलवान ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। इस बारे में जानकारी देते हुए अखाड़ा मुल्लांपुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ के संचालक विनोद शर्मा उर्फ गोलू पहलवान ने बताया कि कल हुए जस पूरन पहलवान के मुकाबलों को देखना लायक था। जिसमें उसने लगातार जीत दर्ज करते हुए यह मेडल जीता है। जस पूरन मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़ ने चितकारा यूनिवर्सिटी राजपुरा की तरफ से इन मुकाबलों में हिस्सा लिया। जो 5 से 9 जनवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी घरुआ में हो रहे हैं। कल हुए मुकाबलों में जसपूरन ने फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन के 125 kg कैटेगरी में सात पहलवानों को हराकर गोल्ड मेडल जीता है। इसके साथ ही, अलग-अलग राज्यों के 103 पहलवानों ने मुकाबलों में अपनी ताकत आजमाई। मुकाबलों का नजारा देखने लायक था। जिसमें भारत की मशहूर यूनिवर्सिटी और उनके मशहूर पहलवानों को जस पूरन पहलवान लगातार हरा रहे थे। जिसमें सेमीफाइनल मैच रौनक पहलवान दिल्ली यूनिवर्सिटी के साथ था, जिसे जस पूरन ने हराकर फाइनल में जगह बनाई और फाइनल मैच लकी गरचा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के पहलवान के साथ बहुत करीबी मुकाबला था, जिसमें जसपूरन ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए लकी गरचा को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया और अखाड़ा मुल्लांपुर का नाम रोशन किया। आज इलाके की मशहूर हस्तियां जसपूरन और अखाड़ा मुल्लांपुर के प्रबंधकों को बधाई देने अखाड़ा मुल्लांपुर न्यू चंडीगढ़ पहुंचीं। इस मौके पर पंजाब रेसलिंग एसोसिएशन के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट श्री रवि शर्मा ने जस पूरन की कामयाबी की बहुत तारीफ की और कहा कि जहाँ उनके परिवार को इस पहलवान से बहुत उम्मीदें हैं, वहीं हमारे शर्मा परिवार ने भी हमेशा उस पर गर्व किया है और हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में वह देश के लिए खेलने और ओलंपिक में मेडल जीतने का हमारे परिवार का सपना ज़रूर पूरा करेगा। उन्होंने अखाड़े के दूसरे पहलवानों को भी जस पूरन की तरह मेहनत करने और अच्छा परफॉर्म करके अपने देश और परिवार का नाम रोशन करने के लिए इंस्पायर किया। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि गोलू पहलवान की लीडरशिप में जहाँ जसपूरन लगातार अच्छा परफॉर्म कर रहा है, वहीं मशहूर पहलवान कमलजीत दुमछेरी जैसे पहलवानों का भी जस पूरन को सपोर्ट मिल रहा है। इस मौके पर जस पूरन के पिता कुलतार पहलवान ने चितकारा यूनिवर्सिटी की प्रो चांसलर मधु चितकारा, डायरेक्टर स्पोर्ट्स हरजिंदर पाल सिंह, प्रोफेसर स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट श्री दिनेश और सभी एडमिनिस्ट्रेटर्स का खास तौर पर धन्यवाद किया। इस मौके पर उनके अलावा जगतार सिंह सोही होशियारपुर, हैप्पी महरौली, मिर्जा ईरान, सतार मोहम्मद, पंच लाल सिंह और इलाके की दूसरी जानी-मानी हस्तियों ने भी संपूर्ण को इस कामयाबी पर बधाई दी।



# सूद की पुस्तक लाइफ हग मी टाइट के विमोचन की घोषणा हुई



अर्थ प्रकाश / अनिल गुप्ता दिल्ली / नई दिल्ली,8जनवरी– प्रतिष्ठित फिल्मकार दिलीप विरेंद्र सूद ने अपनी नई पुस्तक लाइफ हग मी टाइट- आशा, हास्य और संकल्प की कहानी का विमोचन किया है। यह पुस्तक व्हाइट फाल्कन पब्लिशिंग द्वारा प्रकाशित की गई है। लेखक के जीवन अनुभवों से प्रेरित यह पुस्तक एक संवेदनशील और प्रेरक कथा प्रस्तुत करती है, जिसमें रचनात्मक महत्वाकांक्षाओं, पारिवारिक दायित्वों और जीवन की अनिश्चित सीखों के बीच संतुलन को सशक्त रूप से दर्शाया गया है। 200 से अधिक पृष्ठों में विस्तृत लाइफ हग मी टाइट चुनौतियों और उपलब्धियों के क्षणों को गर्मजोशी, दृढ़ता और सौम्य हास्य के साथ पिरोती है। यह पुस्तक आशा और निरंतर प्रयास की शक्ति को रेखांकित करते हुए जीवन के उतार-चढ़ाव पर एक सकारात्मक और प्रेरणादायी दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। साहित्यिक विमोचन के साथ-साथ, इस पुस्तक को एक प्रमुख फीचर फिल्म के रूप में रूपांतरित करने की योजना भी विकसित की जा रही है, जिससे इसकी भावनात्मक गहराई कागज से पर्दे तक विस्तार पा सके। दिलीप विरेंद्र सूद एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित लेखक, निर्देशक और निर्माता हैं, जिनके कार्यों को अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहना और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वे भारत सरकार द्वारा आयोजित 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के प्रतिष्ठित जूरी सदस्य भी रह चुके हैं। वर्तमान में वे प्रसार भारती, भारत सरकार के राष्ट्रीय नेटवर्क के लिए भारत का पहला साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम ॐसाइबर क्राइम की दुनियाॐका निर्माण कर रहे हैं। लाइफ हग मी टाइट दिलीप विरेंद्र सूद की रचनात्मक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो व्यक्तिगत अनुभूतियों, कलात्मक चिंतन और आशा के सार्वभौमिक अनुभव को सशक्त रूप से प्रस्तुत करती है।

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस से पहले नांदेड़ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर तैयारियां तेज

अर्थ प्रकाश /नांदेड़। गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस से पहले महाराष्ट्र के नांदेड़ में श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या को देखते हुए भीड़ प्रबंधन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि नौवें सिख गुरु के 350वें शहादत दिवस के उपलक्ष्य में 24 और 25 जनवरी को आयोजित होने वाले 'शहीदी समागम' के लिए नांदेड़ के तख्त सचखंड श्री हजूर अबिचलनगर साहिब में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। तख्त सचखंड श्री हजूर अबिचलनगर साहिब को हजूर साहिब के नाम से भी जाना जाता है। अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के वास्ते बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए 26 समितियां गठित की गई हैं। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने वाले हैं। नांदेड़ के जिलाधिकारी राहुल कार्दिले ने बैठक के दौरान बताया कि पार्किंग और आवास की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आगंतुकों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए कुल 72 अस्पतालों को शामिल किया गया है।

# लखनऊः स्कूलों के बाहर जाम की समस्या से निपटने के लिए पुलिस ने की शिक्षा विभाग के साथ बैठक

अर्थ प्रकाश/ लखनऊ। लखनऊ हाईकोर्ट के आदेश के बाद स्कूलों के बाहर लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) बबलू कुमार ने बैठक बुलाई। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और स्कूल खुलने व बंद होने के समय यातायात को सुचारू बनाना रहा। बैठक में शहर के विभिन्न स्कूलों के प्रबंधक, उनके प्रतिनिधि तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून और व्यवस्था बबलू कुमार ने सभी स्कूलों में नोडल यातायात अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूल के खुलने और बंद होने के समय यातायात प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी नोडल यातायात अधिकारी की होगी। जिन स्कूलों में अब तक यातायात व्यवस्था सुचारू नहीं है, उन्हें तत्काल कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्कूलों को यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। सभी स्कूलों को केन्द्रीयकृत एनाउंसमेंट सिस्टम लगाने के भी निर्देश दिए गए, ताकि अभिभावकों और वाहन चालकों को समय-समय पर आवश्यक सूचनाएं दी जा सकें। बैठक में यह भी तय हुआ कि स्कूल परिसर में उपलब्ध पार्किंग स्थल का ही उपयोग किया जाएगा और वाहनों को सड़क पर खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। कक्षा पांच तक के बच्चों को जिस वाहन से वे पांच-पांच की संख्या में आते हैं, उन्हें स्कूल परिसर के अंदर ही उतारा जाएगा, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति न बने। जिन स्कूलों के पास अपना पार्किंग स्थल उपलब्ध नहीं है, उन्हें विद्यालय के पास ही उपयुक्त पार्किंग स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्कूल प्रबंधन को अभिभावकों को निजी वाहनों के बजाय स्कूल वैन या बस से बच्चों को भेजने के लिए प्रेरित करने को कहा गया, ताकि सड़कों पर वाहनों का दबाव कम हो सके। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि सभी स्कूल 10 जनवरी तक यातायात व्यवस्था से संबंधित अपनी कार्ययोजना तैयार करेंगे। इसकी समीक्षा पुलिस, प्रशासन और शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की जाएगी, ताकि आदेशों का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### पोलावरम परियोजना में देरी के लिए मुख्यमंत्री नायडू जिम्मेदार: वाईएसआरसीपी

अर्थ प्रकाश / अमरावती। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के वरिष्ठ नेता ए. रामबाबू ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू पर पलटवार करते हुए पोलावरम परियोजना को लेकर ''झूठे विमर्श'' गढ़ने का आरोप लगाया है, ताकि वे ''इंजीनियरिंग संबंधी अपनी गलतियों'' को छुपा सकें। रामबाबू का यह पलटवार नायडू की परियोजना स्थल पर यात्रा के बाद हुआ जहां उन्होंने पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी नीत सरकार पर ॐपांच वर्षों की उपेक्षाॐ का आरोप लगाया था। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए रामबाबू ने कहा, ''नायडू पोलावरम परियोजना पर झूठी बातें फैला रहे हैं ताकि परियोजना में लंबी देरी के लिए जवाबदेही से बच सकें।'' उन्होंने कहा कि मौजूदा देरी नायडू के पिछले कार्यकाल के दौरान हुई ''तकनीकी गलतियों'' का सीधा परिणाम है। उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय जल आयोग और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की चेतावनियों के बावजूद स्थापित प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए कॉफरडैम को पूरा किए बिना ही डायाफ्राम की दीवार का निर्माण किया गया था। विपक्षी दल के नेता ने तर्क दिया कि नदी के उचित मार्ग परिवर्तन के बिना कॉफरडैम को बंद करने से बाढ़ आई जिससे डायाफ्राम की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। उनके अनुसार, नायडू ने जल भंडारण स्तर कम करने पर सहमति जताकर पोलावरम को एक बांध-स्तरीय परियोजना तक सीमित कर दिया, जिससे सिंचाई, पेयजल आपूर्ति और उत्तरी आंध्र के विकास पर असर पड़ा। उन्होंने नायडू पर तेलंगाना नेतृत्व को ''खुश करने'' के लिए रायलसीमा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं सहित आंध्र के हितों से बार-बार समझौता करने का आरोप लगाया।

### झारखंड के खूंटी में सड़क हादसे मे दो पादरियों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

अर्थ प्रकाश/खूंटी। झारखंड के खूंटी जिले में एक कार और ट्रक की टक्कर में दो रोमन कैथोलिक पादरियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य पादरी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। तोरपा थाना प्रभारी मुकेश कुमार के अनुसार, यह दुर्घटना बुधवार देर रात रांची-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर हुई तथा मृतकों की पहचान दोदमा निवासी सुशील प्रवीण तिरु और सुनील भेंगरा के रूप में हुई है। तोरपा थाना प्रभारी ने बताया कि कार सवार तीनों व्यक्तियों को खूंटी स्थित सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल पादरी जॉनसन भेंगरा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य दोनों पादरियों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे के वक्त तीनों व्यक्ति तोरपा से डोडमा की ओर जा रहे थे। तोरपा से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक सुदीप गुड़िया ने पादरियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पादरी सुशील प्रवीण तिरु का जीवन मानवता की सेवा, त्याग और समर्पण का प्रतीक था। उन्होंने बताया कि दोनों पादरी डोडमा रोमन कैथोलिक चर्च से जुड़े थे।

### पलानीस्वामी ने शाह से मुलाकात कर तमिलनाडु की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की

अर्थ प्रकाश/नई दिल्ली/चेन्नई। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर तमिलनाडु की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। पलानीस्वामी ने कहा कि उनकी मुलाकात में गठबंधन से संबंधित कोई बात नहीं हुई। अन्नाद्रमुक के शीर्ष नेता ने पार्टी से निष्कासित नेताओं वीके शशिकला और ओ. पन्नीरसेल्वम को वापस लेने की किसी भी संभावना को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल इस साल मार्च-अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मजबूत करने के प्रयासों में लगे हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि रविवार को तमिलनाडु के पुदुक्कोट्टई दौरे के दौरान शाह से मुलाकात न हो पाने के कारण वह सात जनवरी की रात को उनके (शाह के) आवास पर उनसे मिलने गए थे। उन्होंने नई दिल्ली हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, 'सलेम और कल्लकुरुची में मेरे पहले से ही कुछ कार्यक्रम तय थे इसलिए मैं उनसे (शाह से) मिल नहीं सका। इसलिए मैं दिल्ली आकर उनसे मिला।' पलानीस्वामी और शाह की मुलाकात उसी दिन हुई, जब तमिलनाडु में पीएमके का डॉ. अंबुमणि रामदास गुट अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हो गया। अन्नाद्रमुक नेता ने कहा था कि आने वाले महीनों में अन्य पार्टियां भी राजग में शामिल होंगी। भाजपा इस गठबंधन का दूसरा घटक दल है। पलानीस्वामी ने जोर देकर कहा कि शाह के साथ मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने तमिलनाडु की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की, न कि गठबंधन या सीट बंटवारे पर। अमित शाह द्वारा अन्नाद्रमुक के आंतरिक मामलों में दखल नहीं देने के बयान पर पलानीस्वामी ने इस बात पर हैरानी जताई कि मीडिया निष्कासित नेताओं को वापस लेने का मुद्दा क्यों उठा रहा है जबकि उन्होंने कई बार स्पष्ट कर दिया है कि शशिकला और पन्नीरसेल्वम का उनके नेतृत्व वाली पार्टी में कोई स्थान नहीं है। पलानीस्वामी ने कहा, 'छोड़िए इसे। आप इस पर इतना जोर क्यों दे रहे हैं?'

### शबरिमला सोना चोरी मामलाः टीडीबी की पूर्व सचिव एसआईटी के समक्ष पेश

अर्थ प्रकाश/तिरुवनंतपुरम। त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) की पूर्व सचिव एस जयश्री शबरिमला सोना चोरी होने के मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जयश्री सोने की चोरी से संबंधित मामले में चौथी आरोपी हैं और 2019 में टीडीबी की सचिव बनी थीं। जयश्री का गुर्दे संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा है जिसे देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने पिछले माह उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी। एसआईटी के अनुसार न्यायालय ने जयश्री को आठ और नौ जनवरी को पूछताछ के लिए जांच दल के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया था। अधिकारियों ने बताया कि जयश्री अपने परिवार के सदस्यों के साथ सुबह एसआईटी कार्यालय पहुंचीं। जयश्री पर आरोप है कि उनके आदेश पर द्वारपालक मूर्तियों की सोने की परत चढ़ी तांबे की प्लेटें 2019 में मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को दोबारा परत चढ़ाने के लिए सौंपी गई थीं।

# नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला10-18 जनवरी, एंट्री फ्री

अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता

**नई दिल्ली, 8 जनवरी** दुनिया का सबसे बड़ा B2C पुस्तक मेला, नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला (NDWBF) 2026*, 10 से 18 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस बार मेले की खास बात यह है कि पहली बार आम जनता के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। मेले का आयोजन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (NBT), शिक्षा मंत्रालय के तहत कर रहा है, जबकि इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (ITPO) सह-आयोजक है।

मेले का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे। इस वर्ष मेले की थीम 'Indian Military History: Valour and Wisdom @75' रखी गई है, जो भारत की आज़ादी के 75 वर्षों में भारतीय सशस्त्र बलों के योगदान को समर्पित है।




NDWBF 2026 में 35 से अधिक देशों के 1,000 से ज्यादा प्रकाशक, 600 से अधिक कार्यक्रम और 1,000 से ज्यादा वक्ता शामिल होंगे। अनुमान है कि करीब 20 लाख से अधिक पाठक और दर्शक मेले में पहुंचेंगे।

थीम पवेलियन में भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के शौर्य को दर्शाने वाली 360 डिग्री प्रदर्शनी होगी, जिसमें अर्जुन टैंक, INS विक्रांत और तेजस विमान के प्रतिरूप*, परमवीर चक्र विजेताओं को श्रद्धांजलि और प्रमुख सैन्य अभियानों पर सत्र शामिल होंगे।

इस बार कतर गेस्ट ऑफ ऑनर कंट्री और स्पेन फोकस कंट्री होगा। फ्रांस, जापान, रूस, ईरान, पोलैंड समेत कई देशों की भागीदारी रहेगी। जापान का 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी मेले में शामिल होगा।

लेखकों और वक्ताओं में पियूष मिश्रा, स्मृति ईरानी, हेमा मालिनी, कैलाश सत्यार्थी, दुर्जय दत्ता, राहुल भट्टाचार्य, रिकी केज सहित कई चर्चित नाम शामिल हैं। सांस्कृतिक संध्याओं में सेना के बैंड, लोक कलाकार और अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियां होंगी।

बच्चों के लिए किड्ज़ एक्सप्रेस पवेलियन में कहानी, थिएटर, आर्ट वर्कशॉप और गतिविधियां होंगी, जबकि राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय के माध्यम से 6,000 से अधिक मुफ्त ई-बुक्स उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुफ्त प्रवेश, विशाल अंतरराष्ट्रीय भागीदारी और विविध कार्यक्रमों के साथ NDWBF 2026 को देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजनों में से एक माना जा रहा है।

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार का संकल्प: योगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है। योगी ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून



व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से गुड़ खिलाया। गुरुवार सुबह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ आए बच्चों से मिल उन्हें प्यार-दुलार, आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

## बरेली-पीलीभीत राजमार्ग पर ट्रक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो मजदूरों की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता /बरेली। उत्तर प्रदेश में घने कोहरे के बीच बरेली-पीलीभीत राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसके कारण दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (उत्तर) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि यह हादसा बृहस्पतिवार सुबह हाफिजगंज थाना क्षेत्र में राजश्री कॉलेज के पास हुआ, जब पीछे से आ रहे एक ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा में सवार मजदूरों की पहचान सलीम (35) और हाशिम (35) के रूप में हुई है, दोनों नवाबगंज थाना क्षेत्र के रिचोला किफायतुल्ला गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि टक्कर के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार दो अन्य लोग - नसरुद्दीन (36) और रईस अहमद उर्फ मजले (34) गंभीर रूप से घायल हो गए। मिश्रा ने बताया कि चारों दिहाड़ी मजदूरी के लिए रिठोरा जा रहे थे।

# साहिबी आनंद उत्तर पूर्व इंग्लैंड क्षेत्रीय संयोजक ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भारतीय जनता पार्टी यूनाइटेड किंगडम का नॉर्थ ईस्ट इंग्लैंड क्षेत्रीय संयोजक नियुक्त किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ**

पंजाब के मोहाली में जन्मे साहिबी आनन्द का सफर अब भारतीय जनता पार्टी यूनाइटेड किंगडम का नॉर्थ ईस्ट इंग्लैंड क्षेत्रीय संयोजक बन कर भारतीय डायस्पोरा यूनाइटेड किंगडम में अहम भूमिका निभाई । भारतीय डायस्पोरा की बढ़ती वैश्विक भागीदारी को दर्शाने वाले एक घटनाक्रम में, पंजाब के मोहाली में जन्मे सामुदायिक नेता साहिबी आनंद को ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भारतीय जनता पार्टी यूके (भारतीय जनता पार्टी यूनाइटेड किंगडम) का नॉर्थ ईस्ट इंग्लैंड क्षेत्रीय संयोजक नियुक्त किया गया है, जो एक स्वैच्छिक संगठन है जो डायस्पोरा आउटरीच, सांस्कृतिक जुड़ाव और लोगों के बीच संबंधों पर केंद्रित है। साहबी आनंद पंजाब के मोहाली के रहने वाले हैं और उनके पास सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक संगठन में व्यापक जमीनी स्तर का अनुभव है। अपनी नई भूमिका में, वह नॉर्थ ईस्ट इंग्लैंड में भारतीय डायस्पोरा के बीच समन्वय, नागरिक जागरूकता और संरचित जुड़ाव को मजबूत करने के लिए काम करेंगे, यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां भारतीय मूल की आबादी में लगातार वृद्धि हो रही है। इस नियुक्ति की घोषणा भारतीय जनता पार्टी यूनाइटेड किंगडम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह शेखावत ने संगठन के क्षेत्रीय नेतृत्व को सशक्त बनाने और यूनाइटेड किंगडम में प्रवासी भारतीयों के बीच सामुदायिक जुड़ाव को गहरा करने के व्यापक प्रयासों के हिस्से के रूप में की। भारतीय जनता पार्टी यूनाइटेड किंगडम एक स्वैच्छिक डायस्पोरा मंच के रूप में कार्य करता है जो सांस्कृतिक संबंधों,सामुदायिक संवाद और प्रवासी भारतीयों के लिए साझा हित के मुद्दों के साथ जुड़ाव को बढ़ावा देता है। यह यूनाइटेड किंगडम में चुनावी राजनीति में भाग नहीं लेता है। नॉर्थ ईस्ट इंग्लैंड विविध भारतीय समुदाय का घर है जिसमें पेशेवर, छात्र, उद्यमी और परिवार शामिल हैं जो स्थानीय आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में सक्रिय रूप से योगदान करते हैं। आनंद की भूमिका इन समूहों को एक साथ लाने, रचनात्मक संवाद को प्रोत्साहित करने और भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित होगी। यूनाइटेड किंगडम जाने से पहले, साहिबी आनंद ने मोहाली में एक निर्वाचित नगर निगम पार्षद के रूप में कार्य किया, जिससे उन्हें जमीनी स्तर के शासन और सार्वजनिक प्रशासन में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य के रूप में भी कार्य किया, जहां वह राष्ट्रीय स्तर पर संगठनात्मक और युवा जुड़ाव पहल में शामिल थे। नियुक्ति की घोषणा करते हुए, शेखावत ने कहा कि आनंद की पृष्ठभूमि उन्हें डायस्पोरा जुड़ाव के लिए बहुत उपयुक्त बनाती है। 'भारत में जमीनी स्तर का अनुभव रखने वाले व्यक्ति प्रवासी समुदाय जुड़ाव में मूल्यवान दृष्टिकोण लाते हैं। शासन और सामुदायिक संगठन के बारे में साहिबी आनंद की समझ इस क्षेत्र में भारतीय डायस्पोरा के बीच संवाद और भागीदारी को मजबूत करने में मदद करेगी,' उन्होंने कहा। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए, साहिबी आनंद ने कहा कि उनका ध्यान समावेशी और रचनात्मक जुड़ाव पर होगा। 'मोहाली से आने और भारत में जमीनी स्तर पर काम करने से सामुदायिक सेवा के बारे में मेरी समझ बनी है। यूनाइटेड किंगडम



में भारतीय समुदाय जीवंत और विविध है, और मेरा प्रयास लोगों को एक साथ लाना, बातचीत को बढ़ावा देना और भारत और यूके के बीच मजबूत लोगों के बीच संबंधों में सकारात्मक योगदान देना होगा,' उन्होंने कहा। इस नियुक्ति को विदेशों में भारतीय नेटवर्क को मजबूत करने और भारत और उन देशों के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने के व्यापक प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है जहां भारतीय मूल की आबादी काफी है।

# दिसंबर के लिए महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान, लिस्ट में शैफाली वर्मा अकेली भारतीय



**दुबई (एजेंसी)।** स्टार बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ड्ट, शैफाली वर्मा और दक्षिण अफ्रीका की प्रभावशाली ऑलराउंडर सुने लुस को शानदार प्रदर्शन के बाद दिसंबर 2025 के लिए ICC महिला प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। ICC महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद वोल्वार्ड्ट ने अपनी प्रतिभा दिखाना जारी रखा और सभी फॉर्मेट में तीन शतक लगाकर एक शानदार साल का समापन किया। आयरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करते हुए, प्रोटियाज कप्तान शानदार फॉर्म में थीं, क्योंकि उनकी टीम ने ODI (3-0) और टी20आई (2-0) दोनों सीरीज़ में क्लीन स्वीप किया।

वोल्वार्ड्ट पहले टी20आई में अपने सबसे खतरनाक फॉर्म में थीं। उन्होंने 205.35 के शानदार स्ट्राइक रेट से नाबाद 115 रन बनाए जिसमें 15 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनका दबदबा ODI सीरीज में भी जारी रहा, जहां उन्होंने ओपनिंग की और पूरी सीरीज में अहम भूमिका निभाई। पहले मैच में 31 रन बनाने के बाद उन्होंने लगातार 2 शतक लगाए, दूसरे ODI में 111 गेंदों पर 124 रन बनाए और फिर आखिरी मैच में नाबाद 100 रन बनाकर क्लीन स्वीप पक्का किया। तीनों ODI में वोल्वार्ड्ट ने 127.50 के शानदार औसत और 111.84 के स्ट्राइक रेट से 255 रन बनाए। उन्होंने टी20आई सीरीज में 190.27 के शानदार स्ट्राइक रेट से 137 रन बनाए और सिर्फ एक बार आउट हुईं।

भारत की शैफाली वर्मा भी श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20आई सीरीज में उतनी ही विस्फोटक थीं, उन्होंने लगातार आक्रामक शुरुआत दी जिससे भारत ने घरेलू मैदान पर 5-0 से शानदार सीरीज जीत हासिल की। सीरीज के पहले मैच में शांत प्रदर्शन के बाद वर्मा ने दूसरे मैच से लय पकड़ी और नाबाद 69 रन बनाकर भारत को आसानी से जीत दिलाई। इसके बाद उन्होंने तीसरे मैच में एक और नाबाद 79 रनों की पारी खेली जिससे भारत ने 14 ओवर के अंदर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। शैफाली का सबसे शानदार प्रदर्शन चौथे टी20आई में आया, जहां उन्होंने स्मृति मंधाना के साथ एक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग पार्टनरशिप की, जो महिला टी20आई में किसी भी विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी पार्टनरशिप थी और 46 गेंदों में से 79 रन बनाए जिससे भारत ने अपना अब तक का सबसे बड़ा टी20आई टोटल 221 बनाया। वर्मा ने 5 मैचों में 181.20 के शानदार स्ट्राइक रेट और 80.33 की औसत से 241 रन बनाकर सीरीज खत्म की, और अपने मैच जिताने वाले योगदान के लिए प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का अवॉर्ड जीता।

दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर सुने लुस ने भी एक शानदार महीना बिताया। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया जिससे दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को दोनों फॉर्मेट में क्लीन स्वीप किया। लुस ने पहले टी20आई में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने ओपनिंग करते हुए 81 रन बनाए और फिर चार विकेट लिए। इसके बाद उन्होंने दूसरे मैच में महत्वपूर्ण 37 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 201 का बड़ा टोटल बनाया। ODI सीरीज में उनका प्रभाव और बढ़ा, जहां उन्होंने पहले मैच में नाबाद 66 रन बनाकर टॉप स्कोर किया और एक विकेट भी लिया। दूसरे ODI में लुस ने अपना दूसरा ODI शतक बनाया जिसमें 113 गेंदों में 114 रन शामिल थे और अपने खाते में एक और विकेट जोड़ा।

दो ODI मैचों में लुस ने 102.50 के शानदार औसत और 98.55 के स्ट्राइक रेट से 205 रन बनाए, साथ ही 4.97 की इकॉनमी रेट से चार विकेट भी लिए। टी20आई में उन्होंने 157.33 के स्ट्राइक रेट से 118 रन बनाए और 6.42 की इकॉनमी से चार विकेट लिए, जिससे दिसंबर महीने में एक प्रभावशाली ऑलराउंडर के रूप में उनका महत्व साबित हुआ।

# सिडनी टेस्ट के साथ ही ख्वाजा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



**मुम्बई (एजेंसी)।** सिडनी (ईएमएस)। सिडनी में एशेज सीरीज के अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का 15 साल का अंतरराष्ट्रीय करियर भी समाप्त हो गया है। सिडनी क्रिकेट मैदान में हुए पांचवें और अंतिम टेस्ट में ख्वाजा असफल रहे और दोनो पारियों में 17 और 6 रन ही बना पाये हालांकि उसने लिए खुशी की बात ये रही कि टीम की जीत के साथ हीउनका संन्यास हुआ। इस मैच से पहले ही इस क्रिकेटर ने संन्यास की घोषणा कर दी थी।

विदायी टेस्ट के पांचवें दिन जब ख्वाजा मैदान पर उतरे, तो वह अपनी टीम के आगे-आगे चलते नजर आए और उनके साथी खिलाड़ी पीछे थे। वहीं जब वह अंतिम बार बल्लेबाजी करने उतरे, तो इंग्लैंड की टीम ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया।

मैच में जीत के बाद ख्वाजा ने कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ी जीत है। इस क्रिकेट सफर में सफर में बहुत कुछ लगा है। क्रिकेट एक शानदार खेल है। मैंने आज सुबह रैफरी से कहा था कि बस खेल का आनंद लेना है। मेरा सपना जीत के साथ समापन का था जो पूरा हुआ है। सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैं अंतिम मैच जीत सका और अपने साथियों के उन्होंने स्वीकार किया कि भावनात्मक रूप से यह मैच उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था।

ख्वाजा ने कहा, यह बहुत मुश्किल था। मैं खुद को शांत दिखाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इतने अहम टेस्ट मैच में अपनी भावनाओं पर काबू रखना आसान नहीं था। मैंने हमेशा अपने करियर में भावनाओं को नियंत्रित करने में सफल रहा पर इस मैच में ध्यान लगाना बेहद कठिन हो गया था।इसका एक कारण ये भी रहा कि यहीं अपना बचपन बिताया था और यहीं से फर्स्ट क्लास और टेस्ट डेब्यू किया था।

ख्वाजा ने कुल 88 टेस्ट, 40 एकदिवसीय और 9 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। टेस्ट क्रिकेट में ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से 43.39 के औसत से 6229 रन बनाए हैं। टेस्ट प्रारुप में उन्होंने 16 शतक और 28 अर्धशतक लगाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनका सबसे अधिक स्कोर 232 रनों का रहा है। वहीं एकदिवसीय प्रारुप में उन्होंने 1554 रन बनाए।

# तिलक सर्जरी के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हुए



**-विश्ककप में भी खेलना संदिग्ध**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा की सर्जरी हुई है। इस कारण अब तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गये हैं। यहां तक कि वह अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप में भी शायद ही खेल पायें। तिलक को राजकोट में तेज दर्द उठने के बाद अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद उनकी चोट गंभीर पाये जाने के कारण सर्जरी की गयी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला इसी माह 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने कहा, 'विजय हजारे टूर्नामेंट के लिए हैदराबाद की टीम के साथ राजकोट में खेल रहे तिलक को ग्रोइन क्षेत्र में तेज दर्द उठा। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया, जहां स्कैन करने पर तत्काल सर्जरी करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा, 'हमने अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों से राय ली और वे भी इस बात से सहमत थे। तिलक की सर्जरी सफल रही और अब वह ठीक है। चिकित्सा पैनल के साथ चर्चा के बाद जैसे ही हमें उनके स्वास्थ्य में सुधार और खेल में उनकी वापसी के संभावित समय के बारे में जानकारी मिलेगी, उसकी जानकारी दी जाएगी। तिलक अगर विश्वकप तक फिट नहीं होते तो ये भारतीय टीम के लिए करारा झटका होगा क्योंकि वह एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं। एशिया कप में उन्होंने शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलायी थी।

# ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर 4-1 से एशेज सीरीज जीती



**सिडनी (एजेंसी)।** स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में पांच विकेट से हराकर एशेज सीरीज 4-1 से जीत ली है। इस सीरीज में हार के साथ ही कप्तान बेट स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के एशेज जीतने का सपना भी टूट गया। इस पूरी सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम हावी रही और इंग्लैंड उसके सामने कहीं नहीं टिक पायी। इंग्लैंड की टीम केवल चौथे बॉक्सिंग डे टेस्ट में ही जीतने में सफल रही। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहला, दूसरा, तीसरा और पांचवा टेस्ट जीतकर एक बार फिर एशेज में अपनी बादशाहत साबित की है।

मैच के पांचवे दिन दिन इंग्लैंड की टीम सुबह ही अपनी दूसरी पारी में 342 रन बनाकर आउट हो गयी। जैकब बेथेल ने सबसे अधिक 265 गेंदों पर 154 रन बनाये। वहीं हैरी ब्रूक 42 और जेमी स्मिथ 26 रन बनाकर आउट हुए। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से आलराउंडर ब्यू वेब्स्टर और मिचेल स्टार्क ने दूसरी पारी में 3-3 विकेट लिए, जबकि बोलैंड ने दो विकेट लिए जबकि एक विकेट नेसर को मिला।

इसके बाद पहली पारी में मिली 183 रनों की बढ़त के कारण ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए केवल 160 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 31.2 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी की शुरुआत सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और जैक वेदरलैंड ने की। ट्रेविस 29 जबकि वेदरलैंड 34 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं कप्तान स्टीव स्मिथ ने 12 रन बनाये। उस्मान ख्वाजा अपने कैरियर के अंतिम मैच में असफल रहे और 7 गेंद पर केवल 6 रन ही बना पाये। मार्नस लाबुशेन ने 37 रन बनाए। वहीं कैमरन ग्रीन 22 और एलेक्स कैरी 16 रन बनाकर नाबाद रहे। कैरी ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलायी।।

इस मैच में इंग्लैंड की टीम ने जो रूट के शतक 160 रन और हैरी ब्रूक के 84 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 384 रन बनाये थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों से करारा जवाब देते हुए पहली पारी में 567 रन बनाये। स्मिथ ने 138 रनों की पारी खेली। वहीं ब्यू वेबस्टर ने नाबाद 71 रन बनाये।

# रुट इसी प्रकार खेले तो अगले कुछ साल में सचिन का रिकार्ड तोड़ देंगे

सिडनी (ईएमएस)। इंग्लैड के बल्लेबाज जो रूट ने एशेज टेस्ट सीरीज में जिस प्रकार से दो शतक लगाये है। उससे वह रनों के मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के और करीब पहुंच गये हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन के नाम है। सचिन ने टेस्ट में 200 मैचों में 15921 रन बनाए थे। वहीं जो रूट ने अब तक 163 टेस्ट मैचों में 13928 रन बनाये हैं। अब रूट और सचिन के बीच 1,984रनों का अंतर रह गया है। अगर रूट का यही फॉर्म कुछ और समय तक जारी रहता है तो वह सचिन के सबसे ज्यादा रन बनाने के वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड भी सचिन के नाम है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में कुल 51 टेस्ट शतक लगाए थे। वहीं रूट सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अभी तक कुल 41 टेस्ट शतक लगाए हैं। अब अगर रूट को तेंदुलकर के इस रिकॉर्ड को तोड़ना है तो उन्हें आने वाले समय में 11 शतक और लगाने होंगे। रुट की उम्र अभी 35 साल है और ऐसे में दो से दिन साल तक खेलने का समय उनके पास और है जिसमें वह इसी लय ये खेलते रहे तो सचिन के रिकार्ड के पास पहुंच ही नहीं उसे तोड़ भी सकते हैं।

# स्टार्क 30 विकेट लेने वाले विशिष्ट क्लब में शामिल हुए



सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज में 31 विकेट लेते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब स्टार्क एशेज में 30 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों के एक विशेष क्लब में शामिल हो गए हैं। स्टार्क ने पांच मैचों की सीरीज की 10 पारियों में 19.93 के बेहतरीन औसत के साथ ही 31 विकेट लिए, इस दौरान उन्होंने दो बार पांच विकेट भी लिए। स्टार्क, ने इस सीरीज में टीम की जीत में भी अहम भूमिका निभाई। इससे पहले साल दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न ने 2005 सीरीज में 40 विकेट, मिशेल जॉनसन ने 2013-14 में 37 विकेट, ग्लेन मैकग्रा ने साल 2001 में 32 विकेट, और वॉर्न ने 2001 में 31 विकेट लिए थे। अब इस सूची में स्टार्क भी शामिल हो गये हैं। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 4-।से जीत दर्ज की।

# मलेशिया ओपन में भारत का डबल धमाल, पीवी सिंधु और सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी गुरुवार को चल रहे मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) सुपर 1000 प्रतियोगिता में भाग लेते हुए, पूर्व विश्व चैंपियन ने जापान की आठवीं वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी को हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। बीडब्ल्यूएफ महिला एकल रैंकिंग में वर्तमान में 18वें स्थान पर काबिज दो बार की ओलंपियन ने अपने पहले दौर के मैच में विश्व नंबर 33 की खिलाड़ी सुंग शुओ-युन (चीनी ताइपे) को 21-13, 22-20 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

सिंधु ने पहले गेम में 21-8 से दबदबा बनाया और दूसरे गेम में 21-13 से जीत हासिल करके अपनी लय बरकरार रखी। सिंधु अब क्वार्टर फाइनल में चीन की गाओ फांग जी और जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता से भिड़ेंगी। पुरुष युगल में, तीसरी वरीयता प्राप्त चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने भी मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 39 मिनट में 21-18 और 21-11 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, भारतीय जोड़ी ने मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ अपना शीर्ष रिकॉर्ड 4-0 कर लिया।

अब उनका मुकाबला चीन के ताइपे के चेन झी रे/लिन यू चिएह और छठी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियन/फिकरी मुहम्मद के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। चिराग और सात्विकसाईराज ने चीन के ताइपे के ली झे-हुई और यांग पो-ह्सुआन को 21-13, 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। यह मैच मात्र 35 मिनट तक चला।

# चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटीं



वुहान। चीन की ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने की घोषणा की है, उन्होंने कहा कि वह अभी तक अपनी पसंदीदा प्रतिस्पर्धी स्थिति में नहीं पहुंची हैं। झेंग ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट किया, जिसमें कहा गया कि यह फैसला उनकी टीम द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन और मेडिकल सलाह के बाद लिया गया है। हालांकि झेंग ने कहा कि उनकी रिकवरी अच्छी तरह से हो रही है और उनका ऑफ-सीजन सुचारू रूप से चला गया है, उन्होंने कहा कि ग्रैंड स्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को 'अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्थिति' में होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'फिलहाल, मैं अभी तक उस सर्वश्रेष्ठ स्थिति में नहीं पहुंची हूं जो मैंने अपने लिए तय की है।' 'झेंग ने इस वापसी को 'अविश्वसनीय रूप से कठिन' बताया। झेंग ने कहा, 'मेलबर्न मेरी भाग्यशाली जगह है, जहां मैंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ मैच जीता और जहां मुझे अपना सबसे अच्छा अनुभव मिला। मेरा इस जगह से एक खास रिश्ता है, और मैं मेलबर्न पार्क में अपना नया सीजन शुरू करने के लिए बहुत उत्सुक थी।' झेंग 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचीं, जहां वह आर्यना सबालेंका से हार गईं। विंबलडन में पहले दौर से बाहर होने के बाद पिछले जुलाई में उनकी कोहनी की सर्जरी हुई थी। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने चाइना ओपन में वापसी की कोशिश करने से पहले यूएस ओपन और कई अन्य टूर्नामेंट छोड़ दिए, लेकिन चोट के दोबारा होने के कारण तीसरे दौर के मैच के तीसरे सेट में उन्हें रिटायर होना पड़ा।

# डब्ल्यूपीएल 2026 से पहले मिताली राज का बड़ा बयान, लौरा वोल्वाड्ट को बताया दिल्ली कैपिटल्स का 'गेम चेंजर'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के नए सीज़न की शुरुआत से पहले जैसे-जैसे समय बीत रहा है, पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने तीन बार फाइनल में पहुंचने वाली दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की टीम और नीलामी में चुने गए उनके महत्वपूर्ण खिलाड़ियों, जिनमें लौरा वोल्वाड्ट भी शामिल हैं, का विश्लेषण किया है। राज ने नई कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व में फ्रेंचाइजी के पहले खिताब की संभावनाओं पर भी चर्चा की। राज ने लौरा वोल्वाड्ट, उनके नेतृत्व गुणों और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के बारे में बात की।

मिताली राज ने जियोस्टार पर कहा कि लौरा वोल्वाड्ट वनडे फॉर्मेट में शानदार फॉर्म में हैं। पिछले कुछ सीज़न में गुजरात जायंट्स के लिए एक बल्लेबाज के रूप में उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और टीम में उनका योगदान बहुत अधिक रहा है। वह अपनी टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उनके नेतृत्व गुणों और बल्लेबाजी को देखते हुए, टीम उन्हें प्लेइंग इलेवन में जरूर शामिल करना चाहेगी। 2026 सीज़न से पहले, दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा को अपना नया कप्तान घोषित किया है, जो ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग की जगह लेंगी।

डब्ल्यूपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी संभालने के बारे में बात करते हुए, राज ने कहा कि उन्हें टीम का नेतृत्व करते देखना बहुत दिलचस्प होगा, और भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने जो अनुभव हासिल किया है, वह उनके लिए स्वाभाविक रूप से काम आएगा। उन्होंने आगे कहा, 'जेमिमा रोड्रिग्स को दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते देखना बहुत दिलचस्प होगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में मुंबई की कप्तानी की है, लेकिन किसी फ्रेंचाइजी की कप्तानी करना और विदेशी खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में खेलना थोड़ा अलग होता है। हालांकि, भारत के लिए खेलते हुए उन्होंने जो अनुभव हासिल किया है, उससे यह उनके लिए स्वाभाविक रूप से काम आएगा।' दिल्ली कैपिटल्स अब तक सभी डब्ल्यूपीएल सीजन के फाइनल में पहुंची है, लेकिन ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही है। डब्ल्यूपीएल की शुरुआत 9 जनवरी से मुंबई इंडियंस (एमआई) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच होने वाले मैच से होगी। डीसी रविवार को एमआई के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2026 सीजन का पहला मैच खेलेगी।

# खराब दौर से गुजर रही चेल्सी ने लियम रोसेनियर को बनाया कोच

लंदन। एम समय प्रीमियर लीग फुटबॉल की शीर्ष टीम रही चेल्सी आजकल कठिन दौर से गुजर रही है। टीम को बड़े मुकाबलों में जीत नहीं मिल रही। एस समय टीम किसी भी हाल में जीतने का प्रयास करती थी पर पिछले कुछ समय में इसमें अंतर आया है। इसी के तहत ही स्ट्रासबर्ग के मुख्य कोच रहे लियम रोसेनियर को क्लब ने कोच बनाया है। 41 साल के रोसेनियर ने 2024 में पैट्रिक विएरा की जगह स्ट्रासबर्ग की कमान संभाली थी और अब वह एन्ज़ो मारेस्का की जगह चेल्सी के मुख्य कोच बने हैं। चेल्सी के लिए यह एक बड़ा प्रयोग है। क्लब उम्मीद कर रहा है कि रोसेनियर न सिर्फ युवाओं को तकनीकी रूप से बेहतर बनाएंगे, बल्कि ड्रेसिंग रूम में अनुशासन और स्थिरता भी लाएंगे। रोसेनियर की कोचिंग जगत में अलग छवि है। बतौर खिलाड़ी उन्होंने प्रीमियर लीग और चैंपियनशिप में डिफेंडर के रूप में लंबा करियर बिताया। खेल से संन्यास के बाद वह कोचिंग में आए और ब्राइटन अंडर-23, डर्बी काउंटी और फिर वेन रूनी के सहायक के तौर पर सफल रहे हैं। वेन रूनी ने भी रोसेनियर की जमकर प्रशंसा की है। उनके मुताबिक, रोसेनियर का काम करने का तरीका,उन्हें खास बनाती है। यह भी माना जाता है कि डर्बी में कठिन हालात के बावजूद टीम को संभालने में रोसेनियर की भूमिका अहम रही।कोच के तौर पर रोसेनियर की सबसे बड़ी पहचान युवा खिलाड़ियों को निखारना रही है। हल सिटी में उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद टीम को सातवें स्थान तक पहुंचाया। वहां लियम डेलाप, टायलर मॉर्टन और फैबियो कार्वाल्हो जैसे युवा खिलाड़ियों को उन्होंने भरपूर मौके दिए।